* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 182

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पीएम मोदी बोले : चूक हुई तो देश का धन लुट जायेगा



## गुमला ने बढ़ाया राज्य का गौरव : मिला लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का प्रधानमंत्री अवार्ड

# सिविल सर्विसेज डे पर पीएम के हाथों गुमला के डीसी सुशांत गौरव को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

## सतत मेहनत, ईमानदार प्रयास और राष्ट्रहित के सोच का परिणाम है यह अवार्ड

अफताब अंजूम

**गुमला।** दिनःशुक्रवार यानी 21 अप्रैल 2023 का दिन गुमला जिले के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा। आज के दिन जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सिविल सर्विस डे 2023' के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अवार्ड प्राप्त किया है। अवार्ड भी कोई ऐसा वैसा नहीं, बल्कि लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का प्रधानमंत्री अवार्ड दिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। ऐसे महत्वपूर्ण मंच से गुमला जिला में हुए कार्यों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा होना निश्चित रूप से जिला की पूरी टीम तथा जिला के निवासियों के लिए गर्व की बात है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक रूप से घोषणा हो गयी थी कि गुमला जिला को पीएम अवार्ड के लिए चुना गया है। उसी दिन से गुमला जिला प्रशासन की टीम तथा गुमला वासियों में हर्ष का माहौल था। इंतजार था, आज के शुक्रवार यानी 21 अप्रेल का। शुक्रवार को जब दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड से नवाजे जा रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन साक्षी बन रहे थे। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा। जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में नक्सल से प्रभावित रहे गुमला जिला में विकास की एक के बाद एक नयी गाथाओं के जुड़ने का सिलसिला जारी है। उपायुक्त सुशांत गौरव के विजनरी नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम सतत काम कर रही है। उक्त अवार्ड को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिलावासियों के नाम समर्पित किया। जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव की कड़ी मेहनत, ईमानदारी से किये गये प्रयास तथा उनकी राष्ट्रहित की सोच ने जिला को यह उपलब्धि दिलवाने में अहम भूमिका निभायी। सुशांत गौरव ने मोबाइल संदेश भेज कर जिला के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि जिला के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मिल कर ऐसी सफलताओं की आगे भी पुनरावृत्ति करते रहेंगे।



शुक्रवार को 'सिविल सर्विसेज डे 2023' के मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते गुमला जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

सबसे खास बात यह है कि यह पहला मौका है, जब झारखंड के किसी जिला को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। बता दें कि पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गये कार्य मसलन पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नये आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना आदि ऐसे सतत प्रयास हुए हैं, जिन्हें नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कहते हैं कि जिनके मन में ईमानदारी होती है, वो परिणाम की चिंता नहीं करते, और अच्छे कर्मों का परिणाम सुखदायी होता है।

# गुमला जिला के खेल की दुनिया में आयी क्रांति

## प्रतिभा : खिलाड़ियों का बढ़ा मनोबल, खेल संसाधनों की आयी बहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला केवल गुमला नहीं है, खेल की दुनिया में यह खेल नगरी के नाम से जाना जाता है। इस भूमि ने अब तक हॉकी, फुटबॉल, हैंडबॉल के साथ-साथ कई प्रकार के खेलों के लिए सैकड़ों राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पैदा किये। लेकिन अधिकतर खिलाड़ियों ने अभावग्रस्त जीवन से जूझते हुए भी जिला का नाम देश भर में रौशन किया। उपायुक्त सुशांत गौरव के गुमला में आगमन के साथ खेल की दुनिया काफी बदल गयी। उन्होंने खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाये रखने के लिए हर मुमकिन प्रयास किया। बात केवल खिलाड़ियों के मनोबल तक ही नहीं रुकती, बल्कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को भरपूर आधुनिक संसाधन मुहैया कराये गये। अभी भी जिले को हर एक खेल में आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं।

उपायुक्त का उद्देश्य है कि जिला में हर क्षेत्र के खिलाड़ी का प्रदर्शन अभाव के कारण प्रभावित नहीं हो, बल्कि अपनी क्षमता और योग्यता को समझते हुए खिलाड़ी निरंतर आगे बढ़ते रहें, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कई सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

**जिले में कई खेल मैदानों का किया गया निर्माण, खिलाड़ियों को मिल रही है सुविधा :** जिले में हर एक खेल के लिए खेल अवसंरचना तैयार की जा रही है, जिसमें बैडमिंटन के खिलाड़ियों के लिए तीन अनुमंडल मुख्यालयों में अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया है। वहीं फुटबॉल के खिलाड़ियों के लिए सभी ग्राम पंचायतों में एक-एक फुटबॉल मैदान का निर्माण किया गया। जिला में क्रिकेट के खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय क्रिकेट पिच का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन हाल ही में उपायुक्त द्वारा किया गया। इसके अलावा जिला स्तरीय फुटबॉल एवं एथलेटिक्स खेल मैदान के भी निर्माण कार्य की योजना बनायी जा रही है। साथ ही एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल भी तैयार किये जाने पर कार्य प्रारंभ है। वहीं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने हेतु समय-समय पर जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन खिलाड़ियों को लगातार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा लड़कियों के लिए फुटबॉल आवासीय केंद्र को इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थानांतरित किया गया, जिसमें खेल बैंक, ओपन जिम, सोलर बैकअप बिजली आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। निरंतर केंद्रित प्रशिक्षण के फलस्वरूप छह महीने के भीतर ही राष्ट्रीय जूनियर महिला फुटबॉल टीम में तीन प्रशिक्षुओं का चयन किया गया है।





### स्पोर्ट्स बैंक बना खिलाड़ियों के लिए वरदान

जिला के ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जो किसी अभाववश खेल सामग्री को खरीद नहीं पाते एवं जिसके अभाव से वे प्रतिभाशाली होने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाते, वैसे खिलाड़ियों के लिए उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा एक पहल करते हुए खेल बैंक का उद्घाटन किया गया, जिसकी सहायता से जिला के खिलाड़ी बिना किसी खर्च के बेहतरीन उपकरणों के साथ अपने खेल कौशल का विकास कर सकते हैं। खेल बैंक में फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि जैसे सभी खेलों के लिए बेहतरीन गुणवत्ता वाली खेल सामग्री को उपलब्ध कराया गया है। इन सभी खेल सामाग्री से जिला में आयोजित टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को काफी सहायता मिल रही है। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं पर जिला प्रशासन की टीम लगातार कार्य कार्य रही है।

### खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त तोहफा : ओपन जिम

खिलाड़ियों एवं जिला वासियों के लिए एक बोनस के रूप में ओपन जिम का निर्माण किया गया है। स्वस्थ जीवन शैली और तंदुरूस्ती के लिए 11 ओपन जिम स्थापित किये गये हैं, जिसका उपयोग न केवल खिलाड़ी, बल्कि हर आयु की महिलाएं एवं पुरुष कर रहे हैं। ओपन जिम ने स्वस्थ समाज के निर्माण में एक कदम आगे बढ़ाया एवं लोगों को प्रतिदिन अपने शरीर के प्रति सतर्कता बरतते हुए नियमित एक्सरसाइज करने हेतु प्रेरित किया।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

### आत्मसमर्पण नीति

समाज के भटके हुए सभी भाई-बहनों से अपील है कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करते हुए मुख्य धारा में शामिल हों तथा सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ उठायें:-



पुलिस अधीक्षक
डॉ. एहतेशाम वकारिब

1. सरकार द्वारा चिह्नित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन तथा 50,000/- (पच्चास हजार) रूपया दी जायेगी।
3. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. राज्य अंतर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
5. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल सह पुनर्वास केंद्र में स्थानांतरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति / व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नंबरों पर संपर्क करें:-

1. 9431706376 2. 9431706182 3. 9471182118 4. 9431706202
इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी/ पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक, गुमला

ज्ञापांक : 568/ सा.शा., दिनांक : 20.04.2023

**रागी मिशन : गुमला में बढ़ा रागी खेती का क्षेत्रफल, उत्पादन-लाभ बढ़ने से किसानों में उत्साह**

# उपायुक्त सुशांत गौरव के विजन से पारंपरिक धान की खेती से रागी में शिफ्ट होना हुआ संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आप किसी की कार्य शैली बदल सकते हैं, दिनचर्या बदल सकते हैं, लेकिन सदियों से चली आ रही परंपरा या मानसिकता को बदलना आसान नहीं होता। जिले के किसान पुरखों से धान की खेती करते चले आ रहे हैं। चाहे उन्हें नुकसान हो या फायदा, वो धान की खेती छोड़ने वाले नहीं हैं, लेकिन गुमला जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों की सूची बताती है कि रागी उत्पादन की ओर किसानों को लाकर उनकी मानसिकता बदली गयी। उन्हें पारंपरिक खेती से व्यवसायिक खेती की ओर लाया गया। रागी उत्पादन कर इस क्षेत्र की खेती को व्यवसायिक बनाया गया और वहां के किसानों को समृद्ध जीवन से रूबरू कराने की पहल की गयी। इन प्रयासों के चलते पूरे देश के आकांक्षी जिलों में इस जिले ने अव्वल स्थान हासिल किया। जिले को पीएम अवार्ड मिलने की एक बड़ी वजह जिले का रागी मिशन भी है। उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों में रागी मिशन को देश भर में सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। हालांकि रागी मिशन केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। इसमें मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल की गयी। परंतु उपायुक्त सुशांत गौरव ने इस मिशन को एक नया मुकाम दिया और रागी उत्पादकता को जमीनी रूप से बढ़ाया। उन्होंने रागी मिशन से न केवल जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने हेतु पहल की, बल्कि रागी मिशन से कुपोषण को भी मात देने का सफल प्रयास किया। इतना ही नहीं, इस मिशन से रोजगार के नये मार्ग भी प्रशस्त हुए।

**वरदान साबित हुआ रागी मिशन :** जिले में लगभग 1.23 लाख छोटे एवं सीमांत किसान हैं, जो खेती पर आश्रित हैं। कम औसत वर्षा वाला यह जिला सूखा प्रवण है। सालों से पारंपरिक खेती की प्रणाली पर आश्रित यहां के किसान सिंचाई के लिए कम पानी की उपलब्धता के कारण साल में केवल एक बार की खेती करते आये हैं। इस कारण किसानों की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी। परिणामस्वरूप यहां के किसान हमेशा पलायन करते हुए देखे जाते हैं। सुखाड़ की परिस्थिति से जूझते जिले के लिए रागी मिशन एक वरदान के रूप में सामने आया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने इस स्थिति को समझते हुए पूरे जिले में एक अभियान चलाया एवं रागी मिशन से हर घर के किसानों को जोड़ा। रागी एक ऐसी खेती है, जिसमें कम पानी की और कम मेहनत की आवश्यकता पड़ती है। इसकी खेती में नुकसान भी कम देखने को मिलता है।




## लोगों को बतायी गयी रागी की पौष्टिकता

रागी खेती से किसानों को ज्यादा मुनाफा हो रहा है। वहीं रागी प्रोसेसिंग सेंटर से कई महिलाओं को रोजगार प्रदान किया गया। इन दोनो बिंदुओं के अलावा रागी की सहायता से कुपोषण के खिलाफ की एक पहल की गयी। दिनचर्या से अप्रचलित होते मोटे अनाजों में अन्य अनाजों की तुलना में अधिक पौष्टिक तत्व पाये जाते हैं, जिसके रोजाना सेवन से कुपोषण को दूर किया जा सकता है। इस कड़ी को समझते हुए उपायुक्त ने लोगो को रागी के सेवन करने हेतु लोगों को जागरूक किया। साथ ही जिले के चिन्हित सैम/मैम बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में रागी से निर्मित लड्डू का वितरण करवाया। रागी के लड्डू में प्रचुर मात्रा में पौष्टिकता पायी जाती है, जिससे बच्चों के नियमित सेवन करने से उनकी सेहत में सुधार भी देखने को मिल रहा है।

## चुनौतियां

इस योजना की सबसे बड़ी चुनौती रही किसानों को उनकी पारंपरिक खेती से हट कर रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित करना। किसानों की मानसिकता में बदलाव लाने एवं रागी कृषि से उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने हेतु कई प्रयास किये गये। जिसके लिए कृषि विभाग, जेएलएसपीएस, सहकारिता विभाग, एनजीओ, केवीके आदि की टीम ने उपायुक्त से मिले निर्देश पर काफी मेहनत की। किसानों के बीच जागरूकता फैलायी और लोगों को पारंपरिक खेती के साथ साथ रागी की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। किसानों को यह बताया गया कि रागी की खेती रबी एवं खरीफ में भी की जा सकती है, जो एक सकारात्मक बिंदु है।

किसानों के बीच बीज वितरण के साथ-साथ हर शुरू से अंत तक जिला प्रशासन द्वारा सहायता दी गयी। उपायुक्त की पहल से जिले के 5550 महिला किसानों ने रागी मिशन से जुड़ कर 10 हजार स्क्वायर फीट भूमि पर रागी की खेती की, जिसमें टाना भगत के किसान भी सम्मिलित थे। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से एनएससी से प्रमाणित 20 हजार किलो ग्राम रागी के बीज का वितरण किसानों के बीच निःशुल्क किया, जिससे 2022-23 में धान की खेती से रागी की खेती में स्थानांतरित हुए। इसके परिणामस्वरूप पिछले पांच साल के औसत की तुलना में, 2022-2023 में रागी फसल के उत्पादन में 270% और शुद्ध बुवाई क्षेत्र में 219% की वृद्धि हुई। इसके बाद, 17 भंडारण बिंदुओं पर खरीद और सभी महिला एफपीसी द्वारा संचालित रागी प्रसंस्करण केंद्र में रागी की खरीद की गयी, जहां रागी का प्रसंस्करण किया गया।

इस केंद्र में 'जोहार रागी' ब्रांड के तहत रोजाना जेएसएलपीएस की एसएचजी की महिलाओं द्वारा पर्याप्त मात्रा में रागी का आटा, रागी लड्डू के पैकेट और रागी स्नैक्स बनाये गये।

इस पूरी प्रक्रिया की जबरदस्त सफलता ने 2023-24 खरीफ सीजन के लिए जिले की व्यापक भागीदारी को प्रेरित किया, जिसमें 26,000 एकड़ से अधिक (दो साल के भीतर रागी के रकबे में 10 गुना से अधिक की वृद्धि) कृषि भूमि को रागी की खेती के लिए प्रस्तावित किया गया है। यह सब आने वाले कई वर्षों तक रागी मिशन पहल की स्थिरता सुनिश्चित करता है।

**विदेशों में झारखंड के गुमला की गूंज**

# 'रागी' का हार्वर्ड में कमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड का अत्यंत गरीबी और नक्सली घुसपैठ के लिए पहचाने जाने वाला एक जिला बड़ी क्रांति का गवाह बन रहा है। अब यह जिला एक प्रकार के मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों को लेकर एक मूक क्रांति का गवाह बन रहा है, जो कुपोषण को रोकने में मदद कर सकता है। एक युवा नौकरशाह सुशांत गौरव की इस पहल ने इस वन आच्छादित जिला में एक नये कृषि-उद्योग को बढ़ावा दिया है। गौरव कहते हैं कि वह गुमला को पूर्वी भारत में रागी (मडुआ) की राजधानी बनाना चाहते हैं। रागी प्रसंस्करण केंद्रों की मालिक और इसका संचालन सिर्फ महिलाएं करती हैं और ब्रांड जोहार रागी के अंतर्गत हर दिन एक टन रागी का आटा, 300 पैकेट रागी के लड्डू और 200 पैकेट रागी के नमकीन का उत्पादन किया जाता है। भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय के तहत महात्मा गांधी नेशनल फेलो अविनाश कुमार ने डीसी की ओर से हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में एक केस स्टडी प्रेजेंटेशन दिया। कहा कि संस्थान गुमला मॉडल पर एक केस स्टडी कर रहा है, जिसे अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों में प्रसारित किया जायेगा और नौकरशाहों को प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।




## रागी क्रांति को लेकर गुमला ने ऊंचा किया नाम

मोटे अनाज या पोषक-अनाज के महत्व को स्वीकार करते हुए और लोगों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के साथ-साथ घरेलू और वैश्विक मांग पैदा करते हुए भारत ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के संकल्प की अगुवाई की। भारत के इस प्रस्ताव को 72 देशों का समर्थन मिला। मोटा अनाज छोटे बीज वाले पादपों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक सामान्य शब्द है, जिसे अक्सर पोषक-अनाज या शुष्क भूमि-अनाज कहा जाता है और इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, काकुन, चीना, सावा और कोदो शामिल हैं।

# बांस के कारीगर हो रहे हैं आत्मनिर्भर

## शत-प्रतिशत बांस कारीगरों को प्रशासन मुहैया करायेगा टूल किट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बांस के शिल्प कार्य को दिशा प्रदान करने हेतु जिले के आठ प्रखंड में बांस विकास शिल्प केंद्र का निर्माण कराया गया है। साथ ही कारीगरों की आवश्यकता के अनुसार और अन्य कारीगर स्थल पर भी बांस शिल्प विकास केंद्र का निर्माण कराया जायेगा, ताकि कारीगर बरसात, गर्मी और अन्य मौसम में भी आसानी से कार्य कर सकें एवं अपना कार्य, प्रशिक्षण, आय व उत्पादन, विपणन को बढ़ा सकें। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा कारीगरों की पहचान कर उनका पंजीयन, कारीगर पहचान पत्र, आधार उद्यम, ई श्रम कार्ड, श्रमिक निबंधन कराते हुए उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुसार टूल किट वितरण भी किया जा रहा है।



बांस कारीगरों के उत्थान व स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु गुमला प्रखंड के ग्राम डुमरला में प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला द्वारा 19 परिवार को आधुनिक समय के बैंबू टूलकिट का निःशुल्क वितरण किया गया।

बांस कारीगरों के उत्थान व स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु गुमला प्रखंड के ग्राम डुमरला में प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला के द्वारा 19 परिवार को आधुनिक समय के बैंबू टूल किट का निःशुल्क वितरण किया गया। जिला उद्यमी समन्वयक द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि बांस कारीगरों के साथ साथ-साथ जिले के माटी शिल्पकारों को भी जिला प्रशासन द्वारा ध्यान में रखते हुए उनके बीच इलेक्ट्रिक चाक का वितरण आगामी दो महीनों के अंदर किया जायेगा।

# गुमला में कुपोषण के खिलाफ छिड़ी है जंग
# कुपोषणमुक्त जिला बनाने की कवायद जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कुपोषण के दौर में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव इस बात को भली-भांति समझते हैं। तभी तो उनकी पहल से जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में कई प्रयास किये जा रहे हैं। इस कारण आज गुमला जिला कुपोषण मुक्त जिला बनने की दिशा में अग्रसर है।

जिले में एनीमिया मुक्त अभियान, समर अभियान, पोषण माह, कुपोषण मुक्त अभियान आदि जैसे विभिन्न अभियानों का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए कुपोषण के खिलाफ कई नवाचारी उपाय किये जा रहे हैं। इन सभी अभियानों में जन भागीदारी एवं अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करना सबसे महत्वपूर्ण है। इन सभी अभियानों का एकमात्र उद्देश्य कुपोषण के दंश से जिले को मुक्त करना है। इसलिए सबसे पहले जिले भर के कुपोषित (मैम) एवं अति कुपोषित (सैम) बच्चों को चिन्हित किया गया। इसके लिए आंगनवाड़ी सहिया, एएनएम आदि द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों तथा घर-घर जाकर युद्ध स्तर पर अभियान चलाते हुए बच्चों की लंबाई, वजन और हीमोग्लोबीन की माप करते हुए चिन्हित सैम बच्चों को एमटीसी सेंटर में भर्ती किया गया। वहां बच्चों की देखरेख की गयी। इसमें मुख्य रूप से बच्चों को दवाई के अलावा उन्हें पौष्टिक आहार दिया गया। जिले के 497 अति कुपोषित बच्चों में से अब तक 427 पूर्ण रूप से कुपोषण मुक्त हो चुके हैं। वहीं मैम बच्चों के परिवार के सदस्यों को पोषण आहार के विषय में जानकारी दी गयी। सभी सैम-मैम बच्चों के लिए जिला प्रशासन की ओर से नयी पहल करते हुए वृद्धि निगरानी चार्ट बनाया गया। इसके माध्यम से बच्चों की प्रति माह में हुई ग्रोथ पर नजर रखी गयी। इसके अलावा उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार सभी सैम-मैम बच्चों के परिवार जनों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से प्राथमिकता देते हुए जोड़ा गया एवं उन सभी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायता की गयी। इसके अलावा उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सभी पंचायतों में वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) का आयोजन करते हुए लोगों को पोषण आहार के संबंध में लगातार जागरूक भी किया जा रहा है।








## 52 प्रकार के साग की हुई खोज

जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा एक पहल करते हुए जिले में उत्पादित होने वाले 52 प्रकार के पौष्टिक साग की खोज की गयी। स्थानीय क्षेत्र में उगने वाली साग-सब्जी का सेवन कुपोषण के खिलाफ एक बेहतर भूमिका निभाती है। जिले में 52 प्रकार में साग उगते हैं, जिसके सेवन से सभी कुपोषण मुक्त हो सकते हैं। इसमें कोई अधिक खर्च नहीं है।

## रागी लड्डू जिला की महत्वपूर्ण पहल

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में मोटे अनाज के उत्पादन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत इस वर्ष रागी का उत्पादन जिले में सबसे अधिक किया गया। कैल्शियम और आयरन से भरपूर रागी बच्चों की वृद्धि और विकास के लिए बहुत उपयोगी है। हीमोग्लोबीन के स्तर को बढ़ाने के लिए एनिमिया से पीड़ित लोगों के लिए इसकी सिफारिश की जाती है।

जिला प्रशासन द्वारा 'जोहार रागी' कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बहुतायत से उपजने वाले रागी के संवर्धन का निर्णय लिया गया है। लगभग पांच हजार कृषक परिवरों के बीच रागी के बीज वितरित किये गये एवं उन्हें तीन स्तरों पर प्रशिक्षित किया गया। परिणाम स्वरूप पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक (270%) रागी का उत्पादन संभव हुआ। रागी की इस उपज की मार्केटिंग के लिए जेएसएलपीएस की सखी मंडल दीदी समूह को प्रशिक्षण दिया गया एवं उपायुक्त द्वारा जरूरी उपकरण, यंत्र एवं स्थल उपलब्ध कराया गया। अब सखी मंडल की दीदियां विगित रागी आटा से लड्डु एवं रागी से निर्मित अन्य खाद्य पदार्थ तैयार कर रही हैं। दीदी मंडल द्वारा तैयार किये गये रागी लड्डूओं को कुपोषित बच्चों व एनिमिक महिलाओं के बीच वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। इन्हें प्रशिक्षित एएनएम, सेविका , सहिया की निगरानी में लड्डुओं को खिलाया जा रहा है।



## कुपोषण-एनिमिया के स्तर में आया सुधार

जिले में कुपोषण के पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले चक्र को तोड़ने में मदद हेतु केंद्र एवं राज्य की ओर से अनेक योजनाएं संचालित हैं। विशेषकर आइसीडीएस सेवाएं एनआरएचएम कार्यक्रम, पोषण अभियान, एनिमिया मुक्त भारत, खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त पोषक तत्व (फोर्टिफिकेशन) की उपलब्धता, स्वच्छता अभियान, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता शामिल है। इसके परिणामस्वरूप जिले में कुपोषण एवं एनिमिया के स्तर में सुधार के सकारात्मक परिणाम सामने आये है।

एनएफएचएस-5 के आंकड़े बताते हैं कि एनएफएचएस-4 के आकड़ों की तुलना में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के कुपोषण स्तर में 8.4% स्टटिंग (ठिगनापन) की दर में छह फीसदी एवं बेस्टिंग (ऊंचाई के अनुसार वजन) दर में सात फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी है। परंतु कुपोषण मुक्त गुमला की मंजिल तक पहुंचने के लिए अभी भी संभावनाओं के अनेक द्वार खुले हैं और अभी भी कवायद जारी है।

www.epaper.azadsipahi.in

22 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 182

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से सीबीआइ करेगी पूछताछ, बीमा घोटाले में भेजा नोटिस






## सिविल सर्विसेज डे : प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का बढ़ाया हौसला

# मोदी ने देश और हेमंत ने अधिकारियों की भूमिका पर रखी बात

रांची/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में सिविल सर्विसेज डे पर अधिकारियों का हौसला बढ़ाया। मोदी ने देश की प्रगति में, तो हेमंत ने राज्य के उत्थान में अधिकारियों की भूमिका पर रखी बात। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता का पैसा सही जगह खर्च हो, यह ध्यान देना आपका काम है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेहतरी के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप अधिकारियों पर है। दोनों नेताओं ने अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## लोक सेवकों की भूमिका अहमः हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आप सभी अधिकारी कार्यपालिका के ऐसे हिस्सेदार हैं जिसके बगैर राज्य की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। राज्य के अंदर रहने वाले लोगों को मदद एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए जो व्यवस्थाएं बनायी गयी हैं उनका संरक्षण तथा राज्य की बेहतरी के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप सभी पर है। लोक सेवकों का कार्य करने का दायरा बहुत बड़ा है। झारखंड में 2000 लोक सेवकों का स्ट्रेंथ है। जरूरत है कि हम और आप सभी लोग अपने कार्यों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ पूरा करें।

**स्थानीय भाषा में कम्युनिकेशन बनायें अधिकारी :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी लोक सेवक झारखंड की भौगोलिक बनावट से भलीभांति परिचित हैं। झारखंड एसटी/एससी बहुल आबादी वाला राज्य है। झारखंड अलग हुए 20 साल से अधिक हो चुके हैं। आज भी झारखंड जहां था वहीं खड़ा है। जबकि झारखंड में प्रकृति ने अपार संपदा दी हैं। राज्य बहु प्रतिभा मानव बल के लिए भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारें आती-जाती रहती हैं। राजनेता आते-जाते रहते हैं। आप सभी लोक सेवक लंबे समय तक राज्य की सेवा में कार्यरत रहते हैं। सरकार की योजनाएं तभी सफलतापूर्वक धरातल पर उतारी जा सकती हैं। हमारे राज्य का पिछड़ापन होने का एक मुख्य कारण है यह भी है कि यहां के लोगों के साथ अधिकारियों का कम्युनिकेशन बिल्कुल नहीं बन पा रहा है। जब तक स्थानीय लोगों के साथ आप भाषा का समन्वय नहीं बनाएंगे, तब तक उनके बीच चीजों को ठीक तरह से नहीं रख पाएंगे और विकास की यात्रा आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसलिए मेरा आग्रह होगा कि अधिकारी जनता के साथ कम्युनिकेशन बनाते हुए विकास की पहिये को आगे बढ़ायें। मुख्यमंत्री ने किसानों की वर्तमान हालात को लेकर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि विजन के अभाव में लगातार किसान वर्ग के लोग खेतिहर मजदूर बन रहे हैं।

**राज्य को बेहतर दिशा देने में भूमिका अहम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी राज्य को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले सकते हैं। आप समय-समय पर विभिन्न राज्यों में जाते हैं। वहां की कार्यपालिका और व्यवस्था को देखते हैं। आप राज्य को बेहतर बना सकते हैं। आज आप सभी लोक सेवकों के लिए एक संकल्प लेने का दिन है।

**प्रजेंटेशन दिखा कर रखी बातः** कार्यक्रम में अधिकारियों ने अलग-अलग विषयों पर प्रजेंटेशन दिखा कर अपनी बात रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आइएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की त्रैमासिक पत्रिका 'पलाश' का विमोचन किया।

## चूक हुई तो देश का धन लुट जायेगाः मोदी



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जो राजनीतिक दल सत्ता में आया है, उस पर ध्यान रखें कि वो टैक्सपेयर्स के पैसे का इस्तेमाल अपने दल के लिए कर रहा है या देशहित के लिए। ये आपको देखना होगा। सरदार पटेल जिस ब्यूरोक्रेसी को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया कहते थे, उसे पूरा करना है, ब्यूरोक्रेसी से चूक हुई तो देश का धन लुट जाएगा। मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में बोल रहे थे।

**लोगों की सोच बदली है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने आप पर बहुत भरोसा किया है। आपको मौका दिया है। उस भरोसे को कायम रखते हुए काम करिए। आपकी सर्विस में आपके निर्णयों का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले यह सोच थी कि सरकार सब कुछ करेगी, लेकिन अब सोच यह है कि सरकार सबके लिए करेगी। अब सरकार समय और संसाधन का कुशल उपयोग कर रही है। आज की सरकार का ध्येय है देश और नागरिक पहले। और प्राथमिकता है- वंचितों को वरीयता।

**तीन लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले के ही प्रणाली की देन थी कि देश में 4 करोड़ से अधिक फर्जी गैस कनेक्शन थे। चार करोड़ फर्जी राशन कार्ड थे। एक करोड़ काल्पनिक महिलाओं और बच्चों को महिला और बाल विकास मंत्रालय की सहायता जा रही थी। अल्पसंख्यक मंत्रालय करीब 30 लाख फर्जी युवाओं को छात्रवृत्ति का लाभ दे रहा था। आज देश और आप सभी के प्रयासों से सिस्टम बदला है और देश के करीब करीब 3 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं। आप सभी इसके लिए अभिनन्दन के अधिकारी हैं। आज ये पैसे गरीबों के काम आ रहे हैं, उनके जीवन को आसान बना रहे हैं।

**कमी को कैसे दूर करें, यह चुनौती है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज चुनौती ये नहीं है कि आप कितने कुशल हैं, चुनौती ये तय करने में है कि जहां जो कमी है वो कैसे दूर होगी। आज हम सभी के प्रयासों से सिस्टम बदला है और देश के करीब 3 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे हैं। आज ये पैसे गरीबों के काम आ रहे हैं, उनके जीवन को आसान बना रहे हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारी योजनाएं कितनी महान हैं, चाहे वे कागज पर कितनी भी अच्छी क्यों न हों, अंतिम छोर की डिलीवरी निर्णायक होती है। अगर यह सुनिश्चित नहीं है, तो हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। देश को आजादी के अमृतकाल तक लाने के लिए उन अधिकरियों की बड़ी भूमिका रही जो 15-25 साल पहले इस सेवा में आये हैं। और अब उन युवाओं की भूमिका सबसे बड़ी है जो अगले 15-25 साल इस सेवा में रहने वाले हैं।




## इडी ने निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ दाखिल की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन

ठेका मैनेज और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में हैं चीफ इंजीनियर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल कर दिया है। इडी ने पीएमएलए की विशेष कोर्ट के आवासीय कार्यालय में पीसी दाखिल की है। गौरतलब है कि वीरेंद्र राम टेंडर मैनेज और मनी लांड्रिंग के मामले में जेल में बंद हैं। इडी ने जो पीसी दाखिल की है, उसमें वीरेंद्र राम के अलावा टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह जानकारी भी प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में दी गयी है।

गौरतलब है कि इडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान इडी को लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में इडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही बीरेंद्र राम की संपत्ति को भी जब्त किया है।

## कार्रवाई : इडी के समन पर नहीं पहुंचे रांची के पूर्व डीसी

# 17 अप्रैल से हैं पैटर्निटी लीव पर आइएएस छवि रंजन

शहर से बाहर होने की दे सकते हैं सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के पूर्व उपायुक्त सह वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के सामने पेश नहीं हुए। छवि रंजन को 21 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होना था, लेकिन 20 अप्रैल की देर शाम आवेदन भेज कर छवि रंजन ने दो सप्ताह की मोहलत मांगी। इडी ने उनके आवेदन को अस्वीकृत करते हुए उन्हें जल्द से जल्द एजेंसी के दफ्तर तलब किया था। जानकारी के मुताबिक छवि रंजन 17 अप्रैल से ही छुट्टी पर हैं। उन्होंने पैटर्निटी लीव ले रखी है। संभव है कि वह रांची के बाहर होने का बहाना बना सकते हैं। अब फिलहाल इडी की तरफ से आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

**सेना जमीन घोटाले में बुलाया गया :** गौरतलब है कि सेना जमीन घोटाले में इडी ने आइएएस छवि रंजन समेत 18 लोगों के ठिकाने पर 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। इनमें अंचल कर्मी से लेकर जमीन दलाल भी शामिल थे। छापेमारी के बाद सात आरोपियों को इडी ने गिरफ्तार भी किया था। इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन भी इडी के रेडार पर हैं। उनसे पूछताछ करने के लिए इडी ने समन भेज कर 21 अप्रैल को जोनल कार्यालय बुलाया था। इससे एक दिन पहले छवि रंजन ने इ-मेल के जरिए इडी से दो सप्ताह का समय मांगा। जिसे इडी ने अस्वीकृत कर दिया और 21 अप्रैल को शाम चार बजे तक कार्यालय पहुंचने का आदेश दिया था। छवि रंजन इडी कार्यालय नहीं पहुंचे।

**इडी आमने-सामने करना चाहती पूछताछ :** सूत्रों के मुताबिक छवि रंजन ने पेटर्निटी लीव ले रखी है। वह रांची में हैं या नहीं इस बात की भी पुष्टि फलिहाल नहीं हुई है। संभवतः वह रांची के बाहर होने की बात कहते हुए 21 अप्रैल को हाजिर नहीं होने का बहाना बना सकते हैं। इस बीच सभी की नजर इडी के कदमों पर टिकी है।

सूत्रों के मुताबिक इडी छवि रंजन को सात आरोपियों का रिमांड खत्म होने से पहले बुलाना चाहती है। जिससे नौबत आने पर छवि रंजन से आरोपियों के आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जा सके। इसलिए छवि रंजन को एक बार फिर जल्द ही समन भेजा जायेगा।



आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# मिशन 2024 : राम मंदिर के भंवर में डूब सकती है कांग्रेस की नाव

## ■ 18वें आम चुनाव के एजेंडे में सबसे ऊपर रहेगा अयोध्या का राम मंदिर मुद्दा

## ■ कांग्रेस के वर्तमान रवैये से उसका बहुसंख्यक विरोधी चेहरा ही सामने आ रहा

**देश में 18वां आम चुनाव होने में अभी एक साल से अधिक का समय है, लेकिन इसके लिए एजेंडा सेट करने का काम पूरे जोर-शोर से चल रहा है। चूंकि पिछले दो आम चुनावों में भाजपा ने रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की, इसलिए इस बार भी एजेंडा सेट करने की जिम्मेदारी उस पर ही है। पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी विपक्षी दलों, खास कर कांग्रेस में जिस तरह की दुविधा की स्थिति देखने को मिल रही है, उससे तो यही लग रहा है कि 2024 में भाजपा की धुन ही सबसे तेज और प्रभावी होगी, जिसका असर दूसरे दलों पर भी हो सकता है। जाहिर है, भाजपा ने 2024 के एजेंडे पर काम करना शुरू कर दिया है और यह सभी को मालूम है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण इस बार भी भाजपा की उपलब्धियों के खाते में पहले स्थान पर रहेगा। 2019 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने के बाद जिस तरह पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास में गंभीरता दिखायी, उसने भाजपा की जीत के रास्ते को निष्कंटक बना दिया है। दूसरी तरफ भाजपा का रास्ता रोकने के लिए खुद को तैयार कर रही कांग्रेस का अयोध्या मुद्दे पर वर्तमान स्टैंड उसका मंदिर विरोधी चेहरा ही साफ करता है। सियासत के मैदान में कांग्रेस का यह रुख उसके लिए नुकसानदेह हो सकता है, यह विचार कांग्रेस के अंदर भी घर करने लगा है। इसलिए पार्टी के नेता अब अयोध्या और राम मंदिर के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी करने से बचने लगे हैं। लेकिन भारतीय सियासी परिदृश्य में अयोध्या का भव्य राम मंदिर अभी कई साल तक मुख्य भूमिका में रहेगा, यह बात लगभग तय हो गयी है। मिशन 2024 में जुटे राजनीतिक दलों के लिए राम मंदिर का मुद्दा और उसमें कांग्रेस की संभावनाओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

अब यह मान लेना चाहिए कि अगले महीने होनेवाले कर्नाटक विधानसभा के चुनावों के बाद देश आगामी लोकसभा चुनाव के मोड में होगा। हालांकि उससे पहले इस साल के अंत में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होंगे। लोकसभा चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होंगे। चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले जनवरी में अयोध्या में भव्य राम मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले जायेंगे। इस दौरान पूरे देश में उत्सव का माहौल होगा। बेशक, 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भाजपा की राजनीति की आत्मा रहा है, लेकिन यह सवाल उठना लाजिमी है कि एक बार मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्या 2024 लोकसभा चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा भाजपा को लाभ और कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकता है? भाजपा चाहती है कि मंदिर लोकसभा चुनाव से पहले भक्तों के लिए खुले। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में मंदिर के उद्घाटन से पहले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरे देश में हिंदू संस्कृति, हिंदुत्व, हिंदू अस्मिता और एकता का बड़े पैमाने पर ध्वज-पताका फहरायी जायेगी। संघ से जुड़े संगठन इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बना रहे हैं। बता दें कि लगातार हो रहे चुनावों के बीच जब 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर का भूमि-पूजन किया था, पूरा देश राममय हो गया था।

1984 में लोकसभा की केवल दो सीटें जीतने वाली भाजपा ने पालमपुर सम्मेलन में राम मंदिर निर्माण को मुख्य राजनीतिक एजेंडा बनाया। नयी नवेली पार्टी का इसका फायदा भी हुआ। नौ नवंबर 1989 को शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया और इसके कुछ दिनों बाद जब लोकसभा चुनाव हुए, तो भगवा पार्टी के सांसदों की संख्या बढकर 85 पहुंच गयी। इसके बाद तो पार्टी ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के नेता कहते थे कि किसी और शासन काल में मंदिर नहीं बन पायेगा। साथ ही कांग्रेस और समाजवादी





पार्टी पर बरसों तक मंदिर निर्माण कार्य में रोड़े अटकाने का आरोप भी वे लगाते थे।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सत्ता में आने के बाद से लगभग हर महीने मंदिर स्थल का दौरा किया है और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। राम जन्मभूमि आंदोलन को लेकर जो उत्साह था, उसका फायदा भाजपा को मिला और अब इसके अंतिम परिणाम का समय आ गया है। पार्टी ने जो भी वादा किया, उसे पूरा किया। इसलिए पूरी संभावना है कि भाजपा संगठित तरीके से मंदिर को प्रचार में लायेगी। यहां तक कि अगर यह भव्य मंदिर की तस्वीर प्रचार में प्रयोग करती है, तो इसका हिंदू जनमानस पर प्रभाव पड़ेगा। खासकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में सकारात्मक असर होगा। हालांकि दक्षिण भारत के लोग भी काफी धार्मिक हैं। वे क्षेत्रीय दलों को वोट दे सकते हैं, लेकिन मंदिर निर्माण की मंशा उनकी भी थी। ऐसे में मंदिर निर्माण से भाजपा को दक्षिण भारत में फायदा मिल सकता है।

2019 के लोकसभा चुनाव में सर्जिकल स्ट्राइक बड़ा मुद्दा था, तो 2024 के आम चुनाव में राम मंदिर बड़ा नैरेटिव बन सकता है। इससे देश का कोई भी राजनीतिक दल इंकार नहीं कर सकता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में त्रिपुरा में कहा था कि कांग्रेस आजादी के बाद से ही अदालतों में राम मंदिर निर्माण के मामले को लटकाती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया और भूमि पूजन के बाद उसी दिन मंदिर निर्माण शुरू हो गया। 2024 के आम चुनावों में राम मंदिर बड़ा नैरेटिव बनेगा। यह स्वाभाविक भी है। यह भाजपा का प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। इसका लाभ पार्टी को मिल सकता है, क्योंकि मोदी सरकार ने चुनावों से पहले जनता से किये अपने दो वैचाारिक वादों को पूरा करके दिखाया है। इसमें एक राम मंदिर निर्माण भी था। दूसरा वायदा अनुच्छेद 370 को हटाना था।

### कांग्रेस का स्टैंड ही उसके खिलाफ जायेगा

इस बार भी राम मंदिर मुद्दा चुनावों में कांग्रेस को अखिल भारतीय स्तर पर परेशान करता रहेगा। राजीव गांधी की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को पूरी तरह से छोड़ दिया, जबकि भाजपा ने इसे समझदारी से अपना लिया। कांग्रेस के लिए धीरे-धीरे राम, रामायण और रामराज्य एक फोबिया हो गया। चूंकि कभी कांग्रेस ने अयोध्या को छोड़ दिया था, उत्तर भारत में हिंदुओं ने कांग्रेस को छोड़ना शुरू कर दिया। इसका बड़ा कारण 2009 में यूपीए सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाना था। कांग्रेस के इस रुख से करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इसकी कीमत कांग्रेस अभी तक चुका रही है। इतने सालों में देश ने कभी किसी कांग्रेसी नेता को भगवान राम के बारे में बात करते नहीं देखा। वास्तव में कांग्रेस के अंदर राम नाम का ऐसा शोर बना दिया गया है कि यदि कोई भगवान राम का नाम ले भी लेता है, तो उसे संघी, सांप्रदायिक, धर्मांध या हिंदुत्व एजेंट करार दे दिया जाता है। खैर, प्रतीकवाद से परे जाकर राम मंदिर एकता और सांस्कृतिक संश्लेषण का एक बड़ा संदेश देगा। देवत्व के आह्वान के जरिये यह एक तरह की सोशल इंजीनियरिंग है। मोदी के सुझाव के आधार पर परिसर में सात नये मंदिरों का भी निर्माण किया जायेगा, जो रामायण के प्रमुख पात्रों, महर्षि वाल्मीकि, शबरी, निषाद राज, आचार्य वशिष्ठ, ऋषि विश्वामित्र, अहिल्या और अगस्त्य मुनि को समर्पित होंगे। ये विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग जातियों और समुदायों द्वारा पूजनीय हैं। वाल्मीकि और शबरी दलितों के लिए पूजनीय हैं। सूरत में एक मंदिर उन्हें समर्पित है, जबकि माना जाता है कि केरल में सबरीमाला मंदिर का नाम उन्हीं से लिया गया है। निषाद राज मछुआरा समुदाय द्वारा पूजनीय हैं। आचार्य वशिष्ठ ब्राह्मण थे, जबकि विश्वामित्र क्षत्रिय जाति के हैं। पूरे देश में अहिल्या और अगस्त्य के मंदिर हैं। जाहिर है कि भाजपा असदुद्दीन ओवैसी सरीखे नेताओं को भी बेनकाब करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी, जो राम मंदिर के आलोचक थे। गौरतलब है कि ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जम कर निशाना साधा था और उन पर अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन में हिस्सा लेकर पद की गरिमा के उल्लंघन का आरोप लगाया था। तो साफ है कि अगले लोकसभा चुनावों के केंद्र में राम मंदिर का मुद्दा ही रहेगा। और विपक्ष, खास कर कांग्रेस के लिए इसका भंवर बेहद खतरनाक हो सकता है।

---

# आज धुर्वा थाना में पूछताछ के लिए जायेंगे दीपक प्रकाश

**विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल भी रहेंगे मौजूद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गत 11अप्रैल को प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम ने हेमंत सरकार की दमनकारी सोच को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह सरकार अपने खिलाफ आंदोलन करनेवालों के साथ आतंकवादियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार करती है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए यह सरकार अत्याचारी बन गयी है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नेताओं पर यह सरकार संगीन अपराध की धाराएं लगाती है, आनन-फानन में नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए थाना बुलाती है। हेमंत सरकार के ऐसे कृत्यों पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा मुकदमों से नहीं डरती। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप सदन से सड़क तक राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ठगबंधन की वादा खिलाफी को उजागर करने के लिए संकल्पबद्ध है।

श्री प्रकाश ने कहा कि उनके साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, समरी लाल एवं सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक 22 अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ के लिए हाजिर होंगे और सारे सवालों का संवैधानिक रूप से जवाब भी देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कोई पद और शासन का दुरुपयोग करते हुए अपने नाम खान खनिज का आवंटन नहीं कराया है। कोई आदिवासी की जमीन नहीं हड़पी है। कोई पत्थर, बालू की लूट नहीं की है, शराब के घोटाले नहीं किये हैं, दलितों की जमीन नहीं लुटवाई है, महिलाओं, किसानों, युवाओं, पिछड़ों को प्रताड़ित नहीं किया है, फिर डर कैसा?

उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो घोषणा करके डंके की चोट पर लूट भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। जो एक सशक्त और जागरूक प्रतिपक्ष के नाते पार्टी का धर्म है। भाजपा झारखंड को लूटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत सभी भाजपा नेता पूछताछ का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह समझ रही है की जनता की समस्याओं पर आवाज उठाने वालों के खिलाफ हेमंत सरकार कैसा अलोकतांत्रिक व्यवहार कर रही।

# केंद्र सरकार बताये-अडाणी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये: कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने अडाणी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये हैं, यह केंद्र सरकार को बताना चाहिए। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर अडाणी के मुद्दा से भटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अडाणी के खाते में इतनी बड़ी रकम कैसे आयी, जब अडाणी के शेयर औंधे मुंह गिर रहे थे, तब एसबीआइ और एलआइसी ने उन्हें अपने पैसे कैसे दिये और किसके आदेश से दिये। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और जब इसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आंच आयेगी तो कांग्रेस चुप नहीं रहेगी।

# 15 आइएएस अफसरों को विशेष सचिव रैंक में मिला प्रमोशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को अपर सचिव से विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। सभी अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ 1 जनवरी 2023 की तिथि से मिलेगा। प्रमोशन दिये जाने के बाद भी सभी अधिकारियों को अपने वर्तमान पद पर ही बने रहने को कहा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### इन्हें मिला प्रमोशन का लाभ

निदेशक, बागवानी, नेसार अहमद, सचिव, जेपीएससी रविरंजन मिश्रा, अपर सचिव स्वास्थ्य आलोक त्रिवेदी, डीडीसी गोड्डा संजय सिन्हा, अपर सचिव ऊर्जा विभाग मनोज जयसवाल, अपर नगर आयुक्त चास अनिल कुमार सिंह, अपर सचिव खान हरि कुमार केशरी, परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण लातेहार इंदु रानी, डीडीसी सिमडेगा अरूण वाल्टर संगा, अपर सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग दशरथ चंद्र दास, अपर सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, अपर सचिव खान विभाग बालकिशुन मुंडार, अपर सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग लालचंद डाडेल, अपर सचिव पर्यटन विभाग गायत्री कुमारी को विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी।

# रिम्स की चार नर्स कोरोना पॉजिटिव

**दो मरीजों में भी संक्रमण की पुष्टि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोरोना संक्रमण रिम्स के कर्मियों तक भी पहुंच चुका है। गुरुवार को हुई जांच में रिम्स की चार नर्स की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। सभी नर्सों को प्रबंधन ने होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी है। साथ ही किसी तरह के लक्षण दिखने पर रिम्स में भर्ती होने का निर्देश दिया गया है। इन नर्सों ने भी कोविड के लक्षण दिखने के बाद अपनी जांच करायी थी। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई। प्रबंधन ने बाकी कर्मियों से भी संक्रमण के प्रसार को देखते हुए पूरी तरह एहतियात बरतने की सलाह दी है। इधर, रिम्स के न्यू ट्रॉमा सेंटर के दूसरे तल्ले में एक और डेंगू वार्ड में एक कोविड पॉजिटिव भर्ती हैं। दोनों संक्रमितों में एक 15 साल की लड़की भी है। दोनों ही संक्रमित पहले से भी किसी बीमारी की चपेट में थे।

# सरायकेला में हनुमान जी के पोस्टर को फाड़ कर आपत्तिजनक स्थान पर फेंका

**सरायकेला में शांति भंग करने की कोशिश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित प्राचीन श्री बजरंगबली मंदिर की दीवार में लगे हनुमानजी के पोस्टर को बीती रात कुछ शरारती तत्वों ने फाड़कर आपत्तिजनक स्थान पर फेंक दिया है, जिससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसकी खबर मिलते ही हिंदू संगठनों से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे और इसका विरोध किया। घटना की जानकारी जब सरायकेला पुलिस की मिली, तो तुरंत टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। यहां बता दें कि सरायकेला थाना में गुरुवार की शाम को ही शांति समिति की बैठक हुई थी, जिसमें शांति समिति के सदस्यों ने पूरी शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए बातें की थीं। लेकिन बैठक खत्म होने के कुछ ही घंटों बाद शरारती तत्वों ने हनुमान जी के पोस्टर को फाड़ दिया। जिससे सरायकेला में शांति को भंग करने की कोशिश की जा रही है।

### पोस्टर फाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हिंदू संगठन से जुड़े मनोज चौधरी ने कहा कि ऐसे कृत्य बर्दाश्त से बाहर हैं। पुलिस दोषियों को अविलंब चिह्नित कर गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर शुक्रवार की शाम एक बैठक की जायेगी, जिसमें मंदिर की सुरक्षा हेतु विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरायकेला शांत जगह है। यहां के लोग काफी सुलझे हुए हैं इसलिए पुलिस प्रशासन को इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाना चाहिए नहीं तो अशांति होने की संभावना बनी रहती है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिसने भी पोस्टर को फाड़कर फेंका है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# ईद को लेकर मेन रोड का रूट डायवर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा से डेली मार्केट तक ईद का बाजार लगता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मेन रोड में वाहनों का रूट डायवर्ट किया है। इसे देखते हुए सिटी बस, चारपहिया व तीनपहिया वाहनों को सर्जना चौक से मिशन चौक, कर्बला चौक, बहू बाजार, मुंडा चौक होते हुए सुजाता चौक की ओर भेजा जायेगा। जबकि, सुजाता चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक छोटे वाहन पहले की तरह आ सकेंगे। वहीं, डोरंडा की ओर से सिटी बस सुजाता चौक, मुंडा चौक, बहू बाजार, कर्बला चौक व मिशन चौक होते हुए सर्जना चौक आयेगी।



### चार दारोगा संभालेंगे ट्रैफिक व्यवस्था

ईद बाजार को देखते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक व डेली मार्केट थाना प्रभारी ने गुरुवार को आमलोगों के साथ बैठक की। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्वक ईद मनाने की अपील की गयी।

ईद के दौरान राजधानी रांची में कोई अप्रिय घटना न हो, इसको लेकर पुलिस मुस्तैद है। शहर में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। एसएसपी किशोर कौशल के आदेश पर शहर में 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। इसमें दो कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, इको, एसआइआरबी, आइआरबी, जैप-10 की महिला पुलिस, लाठी पार्टी, होमगार्ड, टियर गैस टीम, वाटर कैनन, वज्र वाहन आदि को लगाया गया है। अतिसंवेदनशील व संवेदनशील इलाकों में विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.2 °c | 26.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# जमीनी मुद्दों से भटकाना भाजपा नेताओं की पहचान : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड एवं यहां के लोगों से जुड़े जमीनी और आधारभूत मुद्दों से भटका कर कम महत्व के विषयों की ओर जब-तब ध्यान खींचने के साथ ही आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने से बचना भारतीय जनता पार्टी और इसके नेताओं की पहचान है। उन्होंने कहा कि इसके कारण ही पिछले 22 वर्षों में झारखंड को बहुत अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा है। श्री तिर्की ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता

**सरना धर्म कोड और 1932 के खतियान जैसे अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें बाबूलाल और अन्य भाजपा नेता**

जैसे महत्वपूर्ण पद पर हैं और वह केवल अपनी कमी और गलत नीतियों के कारण ही विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता नहीं बन पाये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी विधायक दल के नेता के रूप में उनसे गंभीरता की अपेक्षा की जाती है, परंतु जमीनी मुद्दों से भटकाने की उनकी नीति झारखंड के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।



श्री तिर्की ने कहा कि, शराब से कम या ज्यादा राजस्व की प्राप्ति भी एक महत्वपूर्ण विषय है। यह नियमित प्रक्रिया है कि किसी वित्तीय वर्ष में या फिर किसी सरकार में शराब से कम या ज्यादा राजस्व संग्रहण हो, लेकिन भाजपा नेता, सरना धर्म कोड,1932 के खातियान, 27 प्रतिशत आरक्षण आदि मामलों पर अपने विचार क्यों नहीं बताते कि उनकी पार्टी इस मामले पर क्या विचार रखती है? श्री तिर्की ने कहा कि, शराब से राजस्व संग्रहण से ज्यादा जरूरी यह है कि झारखंड और झारखंड की जमीनी समस्याओं का समाधान और इसकी पहचान दिलाना क्योंकि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों के साथ ही झारखंड के लोगों से जुड़े आधारभूत मुद्दों के समाधान का मामला आम जनमानस की भावना से पूरी तरीके से जुड़ा है।

## झारखंड विधानसभा विशेष समिति की बैठक

# निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत स्थानीय की नियुक्ति पर हुआ मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों की नियुक्ति को लेकर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के समिति कक्ष में प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विशेष समिति की विभागीय बैठक हुई। इसमें सभापति नलिन सोरेन और सदस्य प्रदीप यादव, झारखंड विधान सभा के उप सचिव अनूप लाल, अवर सचिव राम आशीष यादव, प्रशाखा पदाधिकारी नीलेश रंजन श्रम एवं नियोजन विभाग के निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण



संजीव कुमार बेसरा, उप निदेशक, नियोजन सारो खाखा, नियोजन पदाधिकारी मुख्यालय पंकज कुमार गिरि, नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह प्रत्युष शेखर, जिला नियोजन पदाधिकारी चतरा मन्नू कुमार, नियोजन पदाधिकारी बोकारो मनोज मंजीत एवं संतोष कुमार, नियोजन पदाधिकारी बोकारो थर्मल आदि से लोगों ने भाग लिया। राज्य के निजी संस्थानों में 40000 प्रतिमाह से कम वेतन पर 75 प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवारों को नियुक्त करना है। इस परिप्रेक्ष्य में विशेष समिति की लगातार बैठक हो रही है। समिति 25 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर),चतरा और रांची कुल 6 जिलों का भ्रमण कर वहां के पदाधिकारियों एवं नियोक्ताओं के साथ बैठक करेगी।

# मन की बात के 100वें संस्करण को सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी बनायें: कर्मवीर सिंह

## मन की बात कार्यक्रम को उत्सव बनायें: संजय सेठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 100 वें संस्करण कार्यक्रम में केवल भाजपा कार्यकर्ता ही शामिल नहीं हों बल्कि यह कार्यक्रम सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बने। इसमें समाज के सभी वर्ग जाति, धर्म, संप्रदाय के लोग पहुंच कर सुनें। उन्होंने कहा कि आम जनता प्रधानमंत्री से बेहद प्यार करती है। उनकी हर बातों पर जनता विश्वास और भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि100वां संस्करण भारत के राजनीतिक इतिहास में एक दस्तावेज होगा जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उन्होंने महानगर भाजपा के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 100 वां कार्यक्रम एक उत्सव बने ऐसा प्रयास हम सभी कार्यकर्ता मिलकर करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता यदि ठान लें तो सफलता गगनचुंबी हो जाती है। मंच पर रांची महानगर के प्रभारी एवं प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री वरुण साहू और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बलराम सिंह ने किया। बैठक में काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, राजश्री जयंती, शिवपूजन पाठक, रवि भट्ट, प्रेम मित्तल, संदीप वर्मा, संजय जयसवाल, रमेश सिंह, निशी जयसवाल, शोभा यादव, कृपा शंकर सिंह, महानगर उपाध्यक्ष नीरज सिंह, जितेंद्र पटेल, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, आरती वर्मा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, विनोद महतो, पिंटू जयसवाल, सुकेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सुख-दु:ख दोनों की अनुभूति होगी, बनते कार्यों में अड़चन, मन असंतुष्ट रहेगा।

**वृष** आत्मविश्वास बढ़ेगा, बुद्धि-विवेक का भरपुर सदुपयोग करें, सफलता लाभ अवश्य मिलेगा।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।

**कर्क** धार्मिक कार्य में रुचि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** विरोधियों से परेशानी हो सकता है, पारिवारिक दायित्व पूरे करने में आप समर्थ होंगे।

**तुला** छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा, काम-काज की स्थिति में सुधार।

**वृश्चिक** संकल्पित कार्य पूरे होंगे, बकाये रकम की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी।

**मकर** छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा पढ़ाई की ओर ध्यान लगायें, आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कुंभ** संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**मीन** समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# बिरसा मुंडा संग्रहालय में मूलवासी सदान शहीदों की प्रतिमा नहीं लगाना घोर निंदनीय : राजेंद्र प्रसाद

**रांची (आजाद सिपाही)।** देश की आजादी के लड़ाई में मूलवासी सदान, शहीदों की शहादत किसी से कम नहीं है और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में मूलवासी सदान, स्वतंत्र सेनानियों का इतिहास सबसे पुराना है, लेकिन इसके



बाद भी बिरसा मुंडा संग्रहालय में मूलवासी सदान शहीदों का प्रतिमा नहीं लगाना घोर निंदनीय है। उक्त बातें शुक्रवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। प्रसाद ने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदानों की घोर उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान शहीदों को भी सम्मान मिले इसके लिए झारखंड सरकार से हस्तक्षेप करने और मूलवासी सदान, शहीदों का बिरसा मुंडा संग्रहालय में प्रतिमा लगाने की मांग की है।






## छह दिन बाद भी हत्या के आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया में 6 दिन पहले इंजन मिस्त्री प्रदीप यादव का शव मिला था। उनके परिजनों ने 7 लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए थाना को आवेदन दिया था। परिजनों का आरोप है कि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने पकड़ा और फिर छोड़ दिया। हत्या जैसे संगीन मामलों में पुलिस की कारवाइ पर बड़े सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार को मृतक की मां एयर पुत्र सूरज तिलैया थाना पहुंचे और एक बार फिर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में ईद को लेकर कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को ईद को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच स्पेशल असेंबली हुई, जिसमें बच्चों ने ईद कब, क्यों और कैसे आदि बिंदुओं पर अपने विचार रखे। इस मौंके पर बच्चों ने कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है। सेवई की मीठी खुशबू रिश्तों में मिठास घोलती है। जबकि शिक्षकों ने हमारे जीवन में पर्व-त्यौहार के महत्व और ईद की परंपरा से बच्चों को रूबरू कराया। दूसरी ओर ईद को लेकर बच्चे ईद के पारंपरिक वेशभूषा में सज कर आए हुए थे, जो आकर्षण का विशेष केंद्र था। बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें बच्चों ने चार्ट पेपर पर चांद और तारे बनाए थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने लोगों को ईद की बधाई दी और कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। बच्चों में एंजल अनुषा, संजना कुमारी, सौम्या कुमारी, राखी कुमारी, रचित सिंह, अर्चना राणा, शिशिर काना, पार्थ, आदित्य आदि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में सुभय कुमार, रजनी बाला, आशुतोष गौतम, संजय कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, अनमोल रतन, विशाल आनंद, जूनियर वर्ग में कामिनी सहाय, अलका सिंह, सपना शर्मा, रूबी वर्मा, कुंतल जेठवा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, शशि राज समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों का लिया जायजा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह, सलयडीह, लोचनपुर-1, लोचनपुर-2, पुरनानगर-2 और बोनाकाली आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्र का जायजा लेते हुए सेविका व सहायिका सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों का बालमित्र आधारित शिक्षा प्रदान करें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका संपूर्ण विकास करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने झुमरी तिलैया में बन रहे ओल्डएज होम के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे विभाग के पदाधिकारी और संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय व अन्य मौजूद थे।

## बैंक अधिकारी परेश सिन्हा का निधन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा निवासी परेश कुमार सिन्हा (सेवा निवृत बैंक अधिकारी) का आकस्मिक निधन शुक्रवार को दिन में वेल्लोर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन पर समाज के विभिन्न तबके के लोगों ने गहरा शोक जताया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, कोडरमा जिला इकाई ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। उनके निधन पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, सहदेव प्रसाद, सुभाष शर्मा, रामनरेश चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता असीम सरकार, स्वरूप सरकार, बीरेंद्र सिंह, उदय बनर्जी, कुंतल बनर्जी, अमित सहाना ने गहरा शोक जताया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को हिम्मत देने की ईश्वर से कामना की है।

## कोडरमा ने चतरा को 169 रन से हराया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्टिक अंडर सिक्सटीन क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में कोडरमा और चतरा के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोडरमा ने 41 ओवर में 269 रन बनाए। जिसमें अभय ने 56 रन, अभिजीत ने नाबाद 49 रन, प्रियांशु ने 33 रन और आयुष ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चतरा की ओर से विजय ने 4 विकेट, रोहित और मोहम्मद दस्तगीर ने दो-दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी चतरा की टीम 26.2 ओवर में 100 रन पर ढेर हो गई। चतरा की ओर से अतुल ने 31 रन और सचिन ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से आर्यन देव ने 4 विकेट और सिद्धांत शुभम ने तीन विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए कोडरमा के आर्यन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## ग्रिजली कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के तत्वावधान में शांति शिक्षा पर सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बीके करन राणा, ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मधुबन, माउंट आबू उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिन का मुख्य विषय (एक शांतिपूर्ण जीवन और शांति की दुनिया के लिए दृष्टि) था। महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने सबों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के विषय शांति शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा बीसी स्वेन ने कहा कि शांति शिक्षा सकारात्मक वातावरण बनाती है। कार्यशाला में महाविद्यालय के बी.एड सत्र 2021- 23 तथा 2022- 24 के प्रशिक्षु विकास कुमार, प्रदीप कुमार, भीम कुमार, सूरज कुमार, मिताली गौतम, खुशबू, राखी कुमारी, रंजीत कुमार, सुमन कुमार, महानंद कुमार, जितेंद्र यादव, सूरज कुमार, शमा परवीन, स्नेहा कुमारी, रंजन कुमार, रोहित पंडित, रंजीत कुमार, सुनील कुमार बरनवाल, रिंकेश कुमार सिन्हा, कुमारी अनुराधा, खुशी कुमारी, सलोनी कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, फूल कुमारी, सोनू कुमार बरनवाल तथा स्वाति कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक तथा शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएड सत्र प्रशिक्षु महिमा कुमारी ने किया।

## छत से गिर कर आंगनबाड़ी सेविका घायल



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकचो के मध्य पंचायत स्तिथ कोटवार मुहल्ला निवासी आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 45 की सेविका 45 वर्षीय ज्योति अग्रवाल सुबह 6 बजे अपने दो मंजिला मकान के छत पर घरेलू काम करने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार अपने घर के छत के ऊपर नये दीवाल में पानी डाल रही थी इसी दौरान अचानक नीचे गिर कर बुरी तरह घायल हो गयी। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज हेतु रांची रेफर कर दिया है।

# 28 घंटे बाद बरामद हुआ प्रिंस का शव

## एनडीआरएफ के गोताखोरों ने आठ घंटे की मशक्कत





**बड़े भाई और पांच दोस्तों के साथ प्रिंस चमेली खदान गया था नहाने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पदमा और इचाक के सीमाना पर स्थित चमेली खदान में अपने बड़े भाई और 5 साथियों के साथ घूमने के उद्देश्य से आए इचाक थाना क्षेत्र के भुसाई टोला पारटांड़ निवासी संजय मेहता के पुत्र प्रिंस कुमार डूब गया था। जिसका शव 28 घंटे के बाद शुक्रवार को 3 बजे के आसपास कड़ी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा निकाला गया। घटना गुरुवार 11 बजे के आसपास की है। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय प्रशासन द्वारा चौपारण के गोताखोर बुलाकर लगभग 6 घंटे तक पूरा खोज बिन करवाया गया, फिर भी प्रिंस का शव नहीं मिल पाया। तब जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। एनडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार सुबह सात बजे से शव की खोजबीन शुरू की। आठ घंटे के कड़े मशक्कत के बाद 3 बजे के आसपास खदान के गहरे पानी से शव को बरामद किया। इस बीच एनडीआरएफ की टीम ने प्रिंस के दोस्तो को बुला कर डूबने के सही जगह को जाना और फिर शव निकालने में सफलता पाई। इस ऑपरेशन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने कहा की इस माइंस से बॉडी को ढूंढना काफी मुश्किल था जो भी गोताखोर पानी के अंदर जा रहे थे उनको भी कभी चोट आ जाती थी इसके बावजूद भी हमलोगों ने हिम्मत नहीं हारा और खोजबीन जारी रखा। जिसका परिणाम मिला की हमलोगो ने शव को ढूंढने में सफलता पाई। उन्होंने बताया कि बॉडी पानी के लगभग 45 फीट गहराई में एक पत्थर के पास फंसा हुआ था, इस कार्य की सफलता पाने में उप निरीक्षक अजय कुमार, गोताखोर सुनील कुमार सिंह, आरक्षक चंदन सिंह समेत कुल 17 लोगो की टीम शामिल थी। बताते चले की पाए गए शव का हाल काफी बेहाल था नाक से खून बह रहा था और शरीर पर गहरा चोट भी था। मौके पर उपस्थित पदमा थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस दौरान जीप चेयर मैन उमेश मेहता, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, पदमा अंचलाधिकारी मुजाहिद अंसारी, पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, समाजसेवी संदीप सिंह समेत मृतक के परिजन और गांव वाले लगातार घटना स्थल पर डंटे रहे।

# लक्ष्मण पांडे हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने गोलीबारी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों की गिरफ्तारी सिवान नदी के समीप इचाक जंगल से हुई है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र का है। पुलिस फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक सभी लोग मृतक लक्ष्मण पांडे की हत्या में शामिल हैं। जिला एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि गोलीबारी में मारे गये अपराधी लक्ष्मण पांडे की मौत वर्चस्व की लड़ाई में हुई है।

बताया जाता है कि मारे गये अपराधी लक्ष्मण पांडे, अरविंद हेंब्रम गिरोह का सदस्य है। लक्ष्मण पांडे और घायल अरविंद हेंब्रम अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लूटपाट, डकैती की घटना को अंजाम देता था। मृतक लक्ष्मण पांडे पर इचाक और रामगढ़ थाना में कई मामले दर्ज हैं। अपराधी अरविंद हेंब्रम दर्जनों बार जेल गया है। जबकि मृतक लक्ष्मण पांडे भी कुछ ही दिन पहले जेल से बाहर आया था। एसपी ने कहा कि मृतक लक्ष्मण और अरविंद के बीच लूट की राशि के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था।

**लक्ष्मण और महेंद्र साव ने बनाया अलग गिरोह**

इसके बाद अरविंद हेंब्रम से अलग होकर लक्ष्मण और महेंद्र साव एक अलग गिरोह बनाया था। उनकी दो पत्नियां हैं। उनमें से एक महेंद्र साव की मां किरण भी है। इस वजह से अरविंद और महेंद्र के बीच दुश्मनी हो गयी थी। ऐसे हुई गोलीबारी

विवाद के बाद मृतक लक्ष्मण पांडे और महेंद्र साव ने अलग गिरोह बना लिया था। 20 अप्रैल को लक्ष्मण पांडे सीता गढ़ स्थित अरविंद हेंब्रम के घर आया। इसके बाद लक्ष्मण पांडे और महेंद्र साव एक साथ एक मोटरसाइकिल से झुमरा चले गये। वहां से दोनों महेंद्र के एक रिश्तेदार के घर इचाक चले गये। दोनों को साथ घूमते देख अरविंद को अच्छा नहीं लगा और सिवान नदी के समीप फायरिंग कर दी. इस घटना में लक्ष्मण पांडे मारा गया और महेद्र साव घायल हो गया। हालांकि, इस घटना में अरविंद को भी गोली लगी है, फिलहाल वो अस्पताल में भर्ती है. अरविंद को गोली कैसे लगी, पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है।

**जुआ के अड्डा से लूटे थे 50 लाख से अधिक रुपये**

जानकारी के अनुसार अपराधी अरविंद हेंब्रम, लक्ष्मण पांडे और समेत छह अपराधियों ने कई जुओं के अड्डों से 50 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था। आशंका ये भी जतायी जा रही है कि लूट के रुपये की बंटवारा को लेकर गोली बारी हुई है। घटना स्थल से सात खोखा पुलिस ने बरामद किया है।

**जंगल से चार अपराधी पकड़ाए**

घटना के बाद मुफ्फसिल और इचाक पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। इसमें जंगल से चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## बरही में भीषण गर्मी से लोग बेहाल

प्रभाकर पाठक



**बरही (आजाद सिपाही)।** उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं,परेशान हैं बरही क्षेत्र वासी। बरही में बिजली का क्या है हाल। बरही में बिजली की जो स्थिति है वह किसी से छुपा नहीं है। चौबीस घंटे में मात्र सात से आठ घंटे बिजली आपूर्ति लोगों को हो पाती है। सुबह पांच बजे जो बिजली गुल होती है वह पुरे दिन में पांच से दस मिनट के लिए आते जाते रहती है। शाम के सात बजे से रात दस बजे तक बिजली आंख मिचौली करती है। गर्मी की वजह से लोगों को न दिन में चैन न रात को आराम है। आज रोजे का आखिरी दिन है ऐसे में उमस भरी गर्मी, तेज लू, गर्म हवा में रोजेदारों के लिए पवित्र पर्व ईद में बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चों पर क्या असर पड़ा होगा इसका बयां कोई रोजेदार ही कर सकता है। बिजली नहीं रहने से किसानों को भी काफी दिक्कत हो रही है, अधिकारी बिजली कटौती स्वीकार ही नहीं करते। लोड शेडिंग, फाल्ट, रोज का बहाना चाहिए।

जनप्रतिनिधि विभाग पर सख्ती से दबाव बनाएं तो बिजली की परेशानी एक दिन में दूर हो सकता है। सरकारी महकमे से कहीं ट्रांसफार्मर लगाना हो तो कुछ जनप्रतिनिधि ऐसे हैं कि अपना श्रेय लेने के लिए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने पहुंच जाते हैं। बिजली नहीं रहने से लू लगने व तबियत बिगड़ने से रोजा टूटने का भय बना रहता है। वहीं आक्रोशित ग्रामीण कहते हैं (अंधेर नगरी चौपट राजा) व्यवस्था ही चौपट है।

## बड़कागांव में हो रहा बालू का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बडकागांव।** बड़कागांव अंचल क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू का अवैध उत्खनन रात दिन जारी रहता है। जिससे ट्रैक्टरों, टर्बो एवं हाईवा से बालू की ढुलाई होती है। रात में नदियों से बालू ढुलाई किए जाने से वाहनों की आवाज से लोगों को नींद हराम हो रही है।वही नदी के साथ-साथ पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बड़कागांव आंचलिक क्षेत्र के बादम के बादमाही नदी ,आंगो स्थित दामोदर नदी, सांढ़, विश्राम पुर के बड़की नदी, हहारों नदी, बड़कागांव के थाना के बगल में मंझला बाला नदी, छवनिया नदी, सिरमा नदी, चोरका पंडरिया की नदी, बड़कागॉव के पीपल नदी, झरिवा नदी, नया टांड़ के कुमरडीहा, तलसवार, शिवाडीह, गोंदलपुरा, पतरा, पलांडू, सतबहिया, महुदी, सोनपुरा, सिंगार सराय आदि नदियों से बालू का उत्खनन जोरों पर हैं। अधिकांश ट्रैक्टरों, हाईवा और टर्बो द्वारा बालू को ढक कर नहीं ढोया जाता है, जिसके कारण बालू सड़कों में गिरते जाता है। धूलकण भी उड़ते रहता है। जिससे सड़क दुर्घटना होती है। **कहां कहां है बालू यार्ड:** बड़कागांव में लगभग आधा दर्जन से अधिक बालू यार्ड चल रहा है। नया टांड़, तलसवार में दो, सांढ़ में एक, शिबाडीह दो, पतरा में एक, अम्बा टोला एक, बड़कागॉव के छवनिया पुल के पास, इसके अलावा कई बालू यार नदियों में ही बना दिया गया है। यार्ड में बालू टेंडर नदी से उठाने को सरकार द्वारा निर्देश दिया जाता है। लेकिन बड़कागांव में किसी नदी का सरकारी टेंडर नहीं हुआ है। **सरकार को अवैध बालू उत्खनन से हो रहे नुकसान :** बड़कागांव से प्रतिदिन लगभग 300 ट्रैक्टर और दर्जनभर से अधिक हाईवा कारोबार में लगे हुए हैं। जिसमें अधिकतर वाहनों में बालू का चालान नहीं रहता है। प्रतिमाह लगभग 50 लाख रुपए राजस्व का नुकसान सरकार हो रही है।

# आखिरी जुम्मा की नमाज संपन्न, नमाजियों की उमड़ी भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** माह ए पाक रमजान अब अपने पड़ाव पर है। इलाके में ईद की दस्तक हो चुकी है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे दिन रोजा रखकर खुदा की बंदगी कर रहे है। साथ ही नेकी और बरकत की दुआ कर रहे है। इन सबके बीच शुक्रवार को इलाके में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। वहीं लोगों ने इस बार रमजान की आखिरी सेहरी, आखिरी जुम्मा और आखिरी अफ्तार किया। प्रखंड के जयनगर, लोहाडंडा, पेठियाबागी, गोपालडीह, खेसकरी, कटहाडीह, पिपचो, बेको, गरचांच, मंडारिया, पथलकुदवा, तिलोकरी सहित विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। इस दौरान सभी लोगों ने अमन चैन दुआ की।

**ईद की नमाज का समय हुआ तय**

वहीं ईद उल फितर की नमाज मस्जिदों एवम ईदगाहों में अदा होने का समय तय किया गया जिसमे स्थानीय जयनगर सहित विभिन्न इलाकों में सुबह 7.30 मिनट से लेकर 9.00 बजे की बीच समाप्त हो जायेगी जिसको लेकर मुहल्लो, मस्जिदों एवम ईदगाहों को सजा दिया गया है।

**एएसपी ने किया इलाके का निरीक्षण**

प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अलविदा जुमा की नमाज एवं ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, माईका इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित विभिन्न पुलिस कर्मियों ने विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। सभी प्रखंड वासियों को ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से मना कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

## डीलरों को तीन माह से नहीं मिला कमीशन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** जब कोई दुकानदार काम करे और उसका भुगतान सही समय पर नही तो स्थिति दयनीय हो जाती है ठीक उसी प्रकार टाटीझरिया प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारो के साथ हो रहा है। दुकानदारों को तीन माह से कमीशन का भुगतान नही हुआ है जिससे सभी दुकानदारों को स्थिति दयनीय हो गया है। प्रखंड के डीलर संघ के अध्यक्ष मथुरा साव, सचिव अरूण कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में तीन महिनों से डीलरों का कमिशन नही मिला है जिससे प्रखंड के डीलरों के स्थिति दयनीय हो गया है। कमिशन सही समय पर नही मिलने पर डीलरो पर प्रतिकुल असर पडता है वही होलंग के डीलर सुधा कुमारी का तबियत खराब है जिससे कमिशन ना मिलने पर अपना इलाज नही करा पा रही है। दुकानदार अपना काम को समय पर करता है लेकिन कमिशन समय पर ना मिलने से परेशानी होती है । जिला आपुर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जिला में आवंटन नही रहने के कारण नही मिल रहा आवंटन होते ही कमिशन दिया जायेगा।

## टाटीझरिया में आग से झुलस रहें पेड़-पौधे और झाड़ियां

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** महुआ का सीजन समाप्त होने के बाद भी प्रखंड क्षेत्र के जंगलों में आग धधक रही है। किसी न किसी जंगल में प्रतिदिन आजकल आग धधक रहा है। जिस वजह से छोटे-छोटे पौधे और झाड़ियां जलकर राख हो रही है। बड़े पेड़ झुलस रहें हैं, उसकी पत्तियां और डालियां भी झुलस रही है। जंगलों रहने वाले छोटे-बड़े जानवरों और पंक्षियो के जीवन पर भी आफत आन पड़ी है। उनका भोजन नष्ट हो रहा है। जंगलों में निवास करने वाल जीव संकट में पड़ गए हैं। ये अपने आश्रय की तलाश में भटक रहें हैं। ऐसा लगता है कि कोई शरारती तत्वों द्वारा इन दिनों आग लगाई जा रही है। वन विभाग के कर्मियों को अपनी गशती बढ़ाने की जरूरत है।

## झील में अगर सफाई नहीं हुई, तो करेंगे जल सत्याग्रह : सुरजीत नागवाला



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग की हृदय स्थली कहे जाने वाली झील जिस तरह से आज कूड़े से भरा हुआ है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण उसमें रहने वाले तमाम जलीय जीव तो मर ही रहे हैं साथ ही साथ आसपास का वातावरण भी प्रदूषित होता जा रहा है। हजारीबाग यह जो झील है वह एकमात्र लोगों के पर्यटन का केंद्र है, जहां लोग सुकून से घूमने टहलने के लिए आते हैं, लेकिन हजारीबाग नगर निगम और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण सभी तरह के जलीय जीव तो मर ही गए साथ ही साथ पूरे इस वातावरण में प्रदूषण व्याप्त है। एक तरफ नगर निगम शहरी क्षेत्र में लगातार टैक्स की वृद्धि कर रहा है और करोड़ों रुपए टैक्स की उगाही कर रहा है वहीं दूसरी ओर शहर के बीचो-बीच यह जो रमणीक झील है वह नगर निगम और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण प्रदूषण का केंद्र बन गया है । इस बाबत प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नाग वाला ने कहा कि हजारीबाग में झील की जो दुर्दशा है उसके लिए पूर्णता है नगर निगम और जिला प्रशासन जिम्मेवार है। अगर 1 सप्ताह में झील की सफाई नहीं हुई तो हम लोग बाध्य होकर जल सत्याग्रह करेंगे और जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन और नगर निगम की होगी।

## स्कूल में राष्ट्रीय कृमि दिवस पर जागरूकता अभियान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता अभियान के साथ बच्चों को दवा खिलाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक छह माह के दौरान हर बच्चे को एल्बेंडाजोल की दवा सेवन करना चाहिए जिससे पेट में हानिकारक कीड़े आदि होने के कारण जो ऊर्जा खानपान से मिलनी चाहिए, वह उसे पूरी तरह से नहीं मिल पाती है। पेट में मौजूद कीड़े आवश्यक पोषक तत्व को चूस लेते हैं जिससे बच्चों का शारीरिक विकास नहीं हो पाता है। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखते हुए आज विद्यालय के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा दी गई। शिक्षक संजय कुमार यादव ने कहा कि प्रदूषित मृदा, बिना धूले फल व सब्जियां, संक्रमित पानी से पेट में कृमि जाते हैं। इससे कुपोषण, खून की कमी, उल्टी दस्त, आदि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। इस लिए खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इस मौके पर प्रीति प्रभा, संगीता यादव, सुरेन्द्र कुमार, पुनित कुमार, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, शबनम खातुन, सुलेखा मोदी, राधा कुमारी, पुनम कुमारी, दीक्षा शर्मा, राना तेजस्वी, रामनंदन कुमार, सी वेलू, अविशेष कौशल, विमल किशोर कुलदीप पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कपका गांव समीप सड़क दुघर्टना में युवक घायल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कपका गांव समीप सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गया। मोटरसाइकिल पर सवार चलकुशा प्रखंड के ग्राम चौबे निवासी साजन पांडेय पिता रामकिशोर पांडेय जो नवमीं कक्षा की परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे वो गंभीर रूप से घायल हो। गंभीर हालत में उसके साथियों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। घटना कि सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और चिकित्सकों द्वारा घायल युवक को समुचित ईलाज करवाया। साथ ही उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर भेजा गया।

## भीषण गर्मी ने बढ़ायी लोगों की मुश्किलें

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इन दिनों प्रचंड गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है क्षेत्र में शुक्रवार को भी उच्चतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा प्रखंड के पचड़ा, चट्टी बरियातू, बरियातू, कंडाबेर, पेटो, कराली, केरेडारी, सलगा सहित सभी पंचायतों में जल स्तर अब निचे चला गया है प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर तालाब सुख चुके हैं व शेष सूखने के कगार पर हैं वही कुवें में भी जल स्तर निचे चला गया है बढ़ती गर्मी से इन दिनों शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है व निम्बू की बिक्री भी जोरों पर है लोग लू से बचने के लिए आमझोरा का उपयोग कर रहे हैं पेटो पंचायत में पानी की घोर किल्लत है सुबह शाम महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहती हैं।

## 11 अभियुक्तों के घर में इश्तेहार चिपकाया गया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत करवेकला पंचायत के छोटा अमृतनगर में 11 अभियुक्त के खिलाफ उसके घर में मुफ्फसिल थाना पुलिस के द्वारा इश्तेहार चिपका कर जल्द पुलिस के समक्ष समर्पण करने का निर्देश दिया। इस बारे में मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि सभी अभियुक्त केस नंबर 01/20 के अभियुक्त हैं जिनमे महेश राणा पिता बाबूलाल राणा, सुबोध राणा पिता विशुन राणा, विनोद राणा पिता शंभू राणा, हरीश राणा पिता देवकी राणा, नरेश राणा पिता हरि मिस्त्री, पप्पू राणा पिता बसंत राणा, लूटन राणा पिता तालों मिस्त्री, राजू राणा पिता चंदन राणा, पार्वती देवी पति पप्पू राणा, अरुणा देवी पति जागेश्वर राणा, राधा देवी पति सुबोध राणा सभी अभियुक्त छोटा अमृत नगर करवेकला के निवासी है। जिनके खिलाफ थाना में भादवी की धारा, 323, 384, 341, 504, 506 में मामला दर्ज है और इसी मामले में सभी के घरों में इश्तेहार चिपकाया गया है। थाना प्रभारी ने कहा की सभी अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं। सभी अपने आप को जल्द से जल्द सरेंडर करें, नहीं तो सभी के घरों में जल्द से जल्द कुर्की जब्ती की जायेगी।

## विष्णुगढ में ट्राय साइकिल का वितरण

**विष्णुगढ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय मे बीडीओ सह सीडीपीओ संजय कुमार कोंगारी ने विभिन्न पंचायतो से आये दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल का वितरण किया। मिली जानकारी के मुताबिक चेडरा पंसस मुन्नी देवी, बक्सपुरा मुखिया नन्हकू महतो एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार रजक के प्रयास से चेडरा पंचायत से जीतू कुमार, लालू राम, बेड़ाहरियारा पंचायत के ग्राम बादी खरना निवासी राजेश कुमार यादव, बनासो पंचायत के पुरन ठाकुर, बक्सपुरा पंचायत के कौलेश्वर महतो, हीरालाल महतो, नवादा पंचायत के मुकेश साव को ट्राइसाइकिल दी गई । मौके पर गुरु प्रसाद साव, नीरज हजारी, राहुल कुमार साव, महेंद्र प्रजापति, महेश प्रसाद बर्णवाल समेत आम जन मौजूद थे ।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## उरीमारी में ग्रामसभा का आयोजन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी बस्ती में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के बीच गांव के विभिन्न समस्याओं को रखा। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल की समस्या, सड़क की समस्या, बिजली की समस्या, तलाब का निर्माण, 33000 वोल्टेज के तार वाले पोल को उरीमारी ग्राम से हटाकर कहीं और स्थानांतरित करने, रेलवे साइडिंग एवं शैलो में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की गरांटी देने सहित कई समस्या शामिल हैं। इन सभी समस्याओं को बिरसा परियोजना के प्रबंधन ने गंभीरता से सुना एवं समाधान करने का आश्वासन दिया। और आगे जल्द से जल्द सभी कार्यों को धरातल पर उतारने का ठोस पहल करने की बात कही। बिरसा प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास, खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा, सिविल अनिल सिंह, कुमार साहेब एवं ग्रामीणों की ओर से राजू पवरिया, कोलेश्वर मांझी, संजय टुडू, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, दिनेश करमाली, महादेव बेसरा, नकुल प्रजापति, रामेश्वर साव, शिकारी टुडू, तालो बेसरा, परमेश्वर सोरेन, सुरेंद्र हांसदा, बबलू हांसदा, जयपाल टुडू, सोधन प्रजापति, कुला प्रजापति, गुदल प्रजापति, शांति देवी, आशालता देवी, डोली देवी, पेमोली देवी, सोनिया देवी, सुनीता देवी, रेशमी हस्सा, छोटकी देवी, सुकुरमुनी देवी, सुनीता कुमारी, नकियो देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## अभियंता ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में बन रहे प्री फैबरीकेटेड हॉस्पिटल का निरीक्षण शुक्रवार को भवन निर्माण विभाग के एई विनय कुमार, जेई रवि कुमार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंता और जनप्रतिनिधियों ने निमार्णाधीन ढलाई, छड़ की गुणवत्ता, सीमेंट आदि को भी देखा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, मुखिया गिरजेश कुमार, पूर्व मुखिया शिवधन गंझू, सुमन सिंह आदि शामिल थे। वहीं दूसरी और शुक्रवार को ही जिले के सिविल सर्जन प्रभात कुमार पतरातू पहुंचे और बन रहे प्री फैबरीकेटेड अस्पताल और सीएचसी का निरीक्षण किया।

## रमजान के आखिरी दिन अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रमजानके महीने के अंतिम जुमे को नमाज अदायगी के साथ अलविदा जुमा संपन्न हुआ। पतरातू क्षेत्र के सोलिया तालाटांड, जयनगर, सांकूल सहित कई क्षेत्र के मसजिदों में शुक्रवार को अलविदा जुमा के नमाज अदा किए गए। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए।

## तोपा खुली खदान का डीडीएमएस ने लिया जायजा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित खुली खदान का रांची मुख्यालय से आए डीडीएमएस हनुमंत राव ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीएमएस ने मौके पर मौजूद तोपा परियोजना के खान प्रबंधक एमके सिंह, सेफ्टी ऑफिसर स्वाधीन कुमार, नीलेश कुमार से खदान के संबंध में जानकारी लेते हुए खनन कार्य के दौरान सुरक्षा के बारे में पूछताछ की। साथ ही, आग को फैलने से रोकने के लिए परियोजना प्रबंधन द्वारा किए गए सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से सुरक्षा नियमों का हर हाल में पालन करते हुए खनन कार्य करने की बात कही। साथ ही, काली मंदिर के निकट खनन किए गए स्थल को बंद करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, उन्होंने कुजू क्षेत्र के एसओ सेफ्टी संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में खुली खदान के पूरे नक्शा का अवलोकन किया। मौके पर रामप्रसाद बेदिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंडा पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान: दिनेश



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डुंडी गाछी गांव में मंडा पर्व धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। गुरुवार की रात को भक्ति जागरण के तहत बंगाल के कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर मंडा पर्व का उद्घाटन आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो एवं बोकारो के वरिष्ठ आजसू नेता अशोक कुमार महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने सम्बोधन में दिनेश ने कहा कि मंडा पर्व झारखण्डी संस्कृति की पहचान है। सदियों से यह परंपरा हमारे आस पास चलते आ रहा है। शिव भक्त कठिन तपस्या कर पांच दिनों तक श्रद्धा भाव में लीन रहते है। शुक्रवार की सुबह को शिव भक्तों ने दहकते अंगारों में चलकर शिव भक्ति का अटूट परिचय दिया। मंडा पर्व के दौरान मेला जैसा माहौल दिखा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन महतो, संतोष महतो, लखींद्र महतो, विपिन महतो, अविनाश कुमार, मिथिलेश महतो, गणेश मुंडा, अरजलाल महतो, दीपक महतो, बृजेश कुमार, बालेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, कवि कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## अग्रसेन डीएवी में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन




**कुजू (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर के प्रांगण में एक दिवसीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 150 छात्र छात्राओं ने शामिल हुए। चित्रांकन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग का विषय जल संरक्षण तथा सीनियर वर्ग का पर्यावरण संरक्षण रखा गया था। जिसमे छात्र छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक दृश्य बनाए। मौके पर विद्यालय प्राचार्य निशिकांत कर ने कहा कि स्कूली बच्चों में पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति के प्रति प्रेम व लगाव बढ़ता है। साथ ही, बच्चो को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया। वही, प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अष्टम सी के श्रेयांश मिश्रा ने प्रथम स्थान, अष्टम ए की अंकिता कुमारी ने द्वितीय स्थान व अष्टम सी की वैष्णवी गुप्ता ने तृतीय स्थान तथा सप्तम सी की श्रीया कुमारी व सप्तम ए के शुभम मिश्र ने सांत्वना पुरस्कार जीता। वहीं, सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12 तक) की कक्षा दशम ए की विद्या कुमारी, द्वादश वाणिज्य की तनुश्री मोगरा व दशम ए की प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि ग्यारहवीं की निमिषा मोदी व नवम सी की श्रेया मोगरा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर सुपरवाइजरी हेड कृष्ण मोहन झा, शिक्षक नीरज कुमार पाठक व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## हेहल में मंडा पूजा समारोह 29 अप्रैल को



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति, हेहल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 29 अपैल को मंडा पूजा का आयोजन होगा। बैठक के दौरान पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जग्गू मुंडा को अध्यक्ष व सुनील सिंह को सचिव बनाया गया। वही बिनोद बेदिया को उपाध्यक्ष, श्याम सिंह को कोषाध्यक्ष एवम संरक्षक के रूप में महेंद्र सिंह, बालकेश्वर सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रदीप शर्मा, संतोष सिंह, रवींद्र मुंडा, रामदयाल बेदिया को बनाया गया। मौके पर बालदेव मुंडा, अखिलेश बेदिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ में मां शीतला माता मंदिर का 20वां वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

**कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक सुनीता चौधरी, कहा**

**रामगढ़ की सुख शांति के लिए मां शीतला की कृपा बनी रहे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची रोड के रोबा कॉलोनी में स्थित मां शीतला माता मंदिर के 20 वीं वार्षिकोत्सव पर पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर नई सराय होते हुए दामोदर तट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं को बनारस से पहुंचे आचार्य अमरकांत दुबे ने यजमान संदीप सिंह सपत्नीक प्रीति सिंह, विनय शर्मा सपत्नीक पायल शर्मा, राजू गुप्ता सपत्नीक लीला गुप्ता, अखिलेश शुक्ला सपत्नीक पूजा शुक्ला, श्रवण कुमार सपत्नीक रेखा देवी सहित अन्य महिला श्रद्धालुओं को विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुईं। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति में माहौल में गूंजयमान होता रहा। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि मां शीतला माता की कृपा रामगढ़ वासियों पर बनी रहे, आज हमारा सनातन धर्म लोगों को एकजुटता और शांति का संदेश देता है। मां शीतला सबकी मनोकामना पूर्ण करें, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि शीतला माता मंदिर जनहित महिला कल्याण समिति द्वारा लगातार 20 वर्षों से कार्य करते आ रही है, इस वर्ष हमें इस यज्ञ में शामिल होने का मौका मिला जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर समिति की संरक्षक रामा शर्मा ने विधायक को बुके और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया।

**कलश यात्रा में शामिल**

कलश यात्रा में जितेंद्र मिश्रा, सरिता देवी, रिंकी शर्मा, रुक्मणी वर्मा, सुषमा शर्मा, कांता सोबती, मनीष कुमार, अनिल गुप्ता, कैलाश शर्मा, गुड्डू सिंह, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह सहित कई महिला श्रद्धालु शामिल थे।

## नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड की बैठक, कई निर्णय

# नगर परिषद क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित : सुनीता चौधरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को बोर्ड की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया एवं संचालन अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी जावेद हुसैन के द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में कई एजेंडों पर लगी मुहर बैठक में विभिन्न योजनाओं का प्रशासनिक स्वीकृति मिली। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए हम तत्पर है। लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। **कौन कौन थे बैठक में शामिल :** मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी, हेमनी देवी, अर्जुन यादव, चिंतामन महतो, अनिल कुमार गुप्ता, कौशल्या देवी, शिवशंकर मिश्रा, इंद्रदेव राम, अमरीन मंजर, राजेश राम, गणेश पासवान, प्रदीप कुमार, फातमा खातून, गीता देवी, सनियारो बारला, अखिलेश कुमार, देवधारी महतो, रोशन कुमार, जयंती देवी, सीता देवी, ललिता कुमारी उपस्थित थे।

# कोर्ट परिसर में मॉडल दुकान का विधायक ने किया शिलान्यास

**दुकानदारों की समस्याओं का निदान के लिए निर्माण कराया जा रहा है मॉडल दुकान:सुनीता**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा प्राक्कलित राशि लगभग 91 लाख की लागत से व्यवहार न्यायालय परिसर के समीप मॉडल दुकान बनाया जा रहा है। जिसका शिलान्यास मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि कोर्ट परिसर में लोग ठेला लगाकर दुकान चला रहे है। जिससे उन्हें कई तरह के दिक़्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्हें किसी तरह की समस्या न हो। इस उद्देश्य से परिसर में मॉडल दुकान बनाया जाएगा। जिससे दुकानदारों को काफी मदद मिलेगी। मौके पर वार्ड पार्षद शिला देवी, चितु महतो, देवधारी महतो, रोशन कुमार, आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, भोला महतो, ललन सिंह, शम्भू बेदिया, नसरुद्दीन अंसारी, सुरेंद्र राम, सुजीत राम, गिरीशंकर महतो, सुरेंद्र साव आदि लोग उपस्थित थे।

# अकीदत के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा, मांगी अमन-चैन की दुआ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** शुक्रवार को माह-ए-रमजान की अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ जिले भर में अदा की गयी। बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मस्जिदो में पहुंचकर नमाज अदा किया। साथ ही मूल्क की तरक्की, अमन, चैन, शांति, खुशहाली की दुआ मांगी। शहर के जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगो ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की। इसके अलावा खानकाह मस्जिद, मस्जिद-ए-नमरा, मस्जिद-ए-अख्लाश, मस्जिद-ए-मामूर, मक्का मस्जिद, आयशा मस्जिद, अव्वला मुहल्ला, अंसार नगर, आजाद नगर, महुआ चौक, नगवां मुहल्ला, इटखोरी, प्रतापपुर, मयूरहंड, कान्हाचट्टी, हंटरगंज, पत्थलगड्डा, लावालौंग समेत प्रखंड के मस्जिदो में भी अलविदा जुमा की नमाज अदा की गयी। अलविदा को लेकर सुबह से ही लोग तैयारी में जुटे रहे। अलविदा को लेकर मुस्लिम मुहल्लो में चहल पहल देखी गयी। खासकर बच्चो में काफी उत्साह देखा गया हैं। छोटे-छोटे बच्चो ने नये-नये कपड़ा पहनकर मस्जिदो में पहुंचकर नमाज अदा किया। ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर चारो ओर उत्साह का माहौल हैं। दूसरे शहरो व प्रदेशो में काम करने वाले लोग ईद मनाने के लिए घर पहुंचे हैं। हाफिज मो. अफताब ने कहा कि व्यक्ति रमजान के दिनो में जितना जकात अदा करता हैं, उसके घर उतनी ज्यादा बरकत आती हैं। इससे जरूरतमंद की मदद होती हैं और जकात करने वाले का रिश्ता अल्लाह से और मजबूत होता हैं। उन्होंने लोगो को ईद से पूर्व फितरा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को जकात व फितरा निकाल कर गरीबो में तकसीम करना चाहिए, ताकि गरीब व असहाय लोग भी खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना सके।

# भुरकुंडा में क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पुस्तक बैंक का शुभारंभ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** स्थानीय युवाओं के सहयोग से भुरकुंडा थाना चौक के समक्ष शुक्रवार को निःशुल्क पुस्तक और कपड़ा बैंक का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जिला सिविल सर्जन प्रभात कुमार, पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू बीडीओ हरिनाथ महतो, पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों ने सरस्वती माता के तस्वीर पर माल्यार्पण की। मौके पर अतिथियों ने कहा कि यह पुस्तक बैंक क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक सकारात्मक सोच के साथ इसकी शुरूआत करना वास्तव में सेवाभाव है। यह भविष्य में विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। बताया गया कि जिन्हें जरूरत नहीं दे जाए और जिन्हें जरूरत है ले जाए के तर्ज पर खुले इस बैंक का उद्देश्य गरीब विद्यार्थियों को सुविधा मुहैया कराना है। बैंक का संचालन कर रहे समिति के संरक्षक भुनेश्वर मेहता, विश्वरंजन सिन्हा, अनामिका श्रीवास्तव, पंकज कुमार, राकेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, चंद्रमणि प्रसाद, राहुल प्रसाद, सतीश ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की भी अपील की। मौके पर प्रो. शीला सिंह, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि संजीव कृष्ण जमुवार, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, कन्हैया सिंह यादव, सतीश मोहन मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, मुखिया ब्यास पांडेय, मुखिया अजय पासवान, लक्ष्मी देवी, प्रो नितेश सिंह, रामू सिंह, सूरज करमाली, आशीष कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, दीपका सिंह, कुश श्रीवास्तव, अनूप ठाकुर, सलिल मोहन सिन्हा, अनुपम आनंद, रेणुका देवी, अमरेश सिंह, उदय वर्मा, लक्ष्मीकांत सिंह, अभिषेक सोनी, अशोक सोनी, संतन सिंह, राजेश सोनी, मंसूर खान, शशि गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल केसरी, मधु कुमारी, अजित सिन्हा, मनोज करमाली, राज विश्वकर्मा, आजाद भुइयां, सुनील साव, दीपक कुमार, श्रवण कुमार, शुभम पासवान, अजित वर्मा, शक्ति यादव, राहुल वर्मा, अमित रजक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थें।

## डीएवी बरकाकाना ने किया तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना में आयोजित की गई। कार्यशाला में पटना जोन के 62 शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान डीएवी परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र व डीएवी गान के साथ की गई। विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह, क्षमता संवर्धक समिता सिंहा एवम अनुजा घोष ने ज्ञान के संवाहक उर्धवगामी दीप को प्रज्वलित किया। सुदेशना बंदोपाध्याय एवम वीणा सिंह ने क्षमता संवर्धक समिता सिंहा व अनुजा घोष को हरित पौध प्रदान किया। तनाव प्रबंधन विषय पर अपने विचार को व्यक्त करते हुए समिता सिंहा ने तनाव के कारण और उससे बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीवन को बहुआयामी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें सबसे पहले तनाव के कारण को पहचानना चाहिए तदोपरांत सकारात्मक सोच के साथ उसके निदान का प्रयास करना चाहिए।

## भुरकुंडा में मना सांसद जयंत सिन्हा का जन्मदिन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित उमेश सिंह के कोचिंग सेंटर में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत भाजपाईयों ने केक काटकर किया। इसके बाद सबों को बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह व जुगल नायक ने सांसद जयंत सिन्हा द्वारा हजारीबाग लोकसभा में किए गए विकास कार्यों के बारे में बच्चों को बताया। मौके पर उमेश सिंह, अनुपम पाठक, बृजभूषण गोस्वामी, मेश्राम, गुरमीत सिंह, उमेश राम, मुस्कान कुमारी, रीमा कुमारी, कोमल कुमारी, रश्मि कुमारी, रोहित कुमार, रितिका कुमारी, अनुपम कुमार, अजीत कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी व भाजपाई मौजूद थें।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मना पृथ्वी दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में शुक्रवार को अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पेंटिंग, स्लोगन, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने अपने नजरिये को रखते पृथ्वी के नष्ट होने का कारण और उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूक करने और पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि मनुष्य अपने स्वार्थ की खातिर जिस तरह जीवनदायिनी पृथ्वी और प्रकृति का दोहन कर रहे हैं, वह हैरान और परेशान करने वाला है। नदियां सूख रही हैं। वृक्ष गायब हो रहे हैं। पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। जमीन बंजर होती जा रही है। इसलिये पेड़-पौधों को नष्ट न करें, अन्यथा सांस लेने में भी कष्ट होगा। केजी प्रमुख करुणा राजगढ़िया ने कहा कि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें, बल्कि धरती की सुरक्षा के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। आयोजन को सफल बनाने में सीमा लकड़ा, रीता राय, प्रीति कुमारी, अनन्या कुमारी, दिव्या कुमारी का योगदान रहा।

## दामोदर नदी में नये पुल निर्माण को ले ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड-गिद्दी मार्ग पर दामोदर नदी में नये पुल निर्माण को ले शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि 80 के दशक में इस पुल का निर्माण हुआ था। वर्तमान में पुल पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। पुल के नीचे का पीलर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। लोग जान जोखिम में डाल इस पर आवागमन कर रहे हैं। कई वर्षों से नया पुल बनाने की मांग की जा रही है लेकिन इस दिशा में सभी उदासीन हैं। कहा गया कि स्थानीय लोगों की पहल पर क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने भी पुल का निरीक्षण कर सीसीएल सीएमडी से सार्थक पहल करने की मांग की थी। सांकेतिक प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से मांग की है कि जब तक नये पुल का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक पुल पर एक समय में एक ही भारी वाहन का परिचालन हो। इसके लिए पुल के गिद्दी क्षेत्र में अरगडा व भुरकुंडा क्षेत्र में बरका-सयाल प्रबंधन गार्ड की व्यवस्था कर एक ही भारी वाहन के परिचालन को सुनिश्चित करे। ऐसा नहीं होने पर स्थानीय ग्रामीण क्रमवार आंदोलन करेंगे। साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधन की होगी। प्रदर्शन में मुखिया विकाश पाण्डेय, विश्वरंजन सिन्हा, पीडी सिंह, शैलेंद्र झा उर्फ पिंकु झा, जगरनाथ पासवान, डॉ. पिंटु, उमेश सिंह, शुभु सिंह, मनोज अम्बष्टा, संजय सिंह, बबलू सिंह, सुबोध सिंह, दिलीप सिंह, संजय पासवान, धनराज ठाकुर, रूपेश पाण्डेय, शेरू खान, रोशन, गोतम, टिंकू, विनोद सिंह, लखन सिंह, अमित कुमार, पिटू यादव, आफताब, खुर्शीद आलम, महताब, जयप्रकाश सिंह, संजय कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा।
मूल भरण-पोषण वाद सं.-115/2022
संजु देवी ............................आवेदिका
बनाम्
राजेश यादव ............................ विपक्षी
धारा-125 द. प्र. सं.

नोटिस :-
बनाम्
राजेश यादव पिता प्रयाग यादव, साकिन- चांदगढ़, पोस्ट-बेढोकला, समय थाना - बरकट्ठा, जिला-हजारीबाग।

आपको इस नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका आपके विरूद्ध मूल भरण-पोषण वाद दाखिल किये है, जो इस न्यायालय में दिनांक 27.04.23 समय 7:30 A.M. बजे सुबह सुनवाई हेतु निश्चित है। आप उक्त निर्धारित तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष को रखें। अन्यथा अगर आप उक्त निर्धारित तिथि को मुकदमें में उपस्थित होकर सुनिश्चित कार्रवाई नहीं करते हैं एक पक्षीय सुनवाई किया जाएगा। इसे आवश्यक समझे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 31.03.23 को नोटिस जारी किया गया।

प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा।

## सार्वजनिक सूचना

सभी व्यक्तियों को यह ज्ञात हो कि हम **सचिंद्र नारायण सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह व धिरेन्द्र नारायण सिंह** पिता स्वर्गीय चंद्रमौलेश्वर नारायण सिंह साकिन- पदमा, थाना- पदमा, जिला- हजारीबाग संयुक्त रूप से **जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी** (मुख्तारनामा) जिसका डिड संख्या- 7642/235, बुक नंबर 4, वॉल्यूम नंबर 6 पृष्ठ संख्या 557 से 572 दिनांक- 11.06.2010 के द्वारा **1. मनोज कुमार साव** पिता अर्जुन प्रसाद साव, साकिन अड्डी बंगला रोड झुमरी तलैया, जिला- कोडरमा, **2. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता** पिता स्वर्गीय काली साव साकिन झलपो, वार्ड संख्या 8 झुमरीतिलैया, जिला - कोडरमा, **3. मनजीत सिंह** पिता चंद्रदेव सिंह, साकिन अड्डी बंगला रोड झुमरीतिलैया जिला कोडरमा के नाम से जनरल पावर अटॉर्नी निर्गत कर प्रतिनिधि नियुक्त किया था। उक्त पावर ऑफ अटॉर्नी लिखने केबाद दिनांक- 13/09/2011 को धिरेन्द्र नारायण सिंह का निधन हो चुका है और इसकी सूचना मौखिक रूप से व कानूनी नोटिस के द्वारा तीनों प्रतिनिधि को पूर्व में भी दिया गया है। अतएव हमारे द्वारा लिखा/निर्गत उक्त जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी को एकद्वारा निरस्त, रद्द करते हैं। हमारे द्वारा नियुक्त तीनों प्रतिनिधि के द्वारा उपरोक्त जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी का उपयोग किसी भी तरह से और किसी भी उपयोग में किया जाता है तो वह अवैध और गैरकानूनी समझा जाए।

द्वारा: सचिंद्र नारायण सिंह व उपेन्द्र नारायण सिंह

# चीन से अधिक भारत की आबादी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की बुधवार को जारी 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड पॉप्युलेशन रिपोर्ट 2023' में बताया गया है कि इस साल जून के आखिर तक भारत की आबादी चीन से करीब 29 लाख ज्यादा हो जायेगी। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी अभी ही चीन से ज्यादा हो चुकी है। हालांकि दोनों देशों की आबादी जिस रफ्तार से बढ़ रही थी, उसके मद्देनजर यह कोई चौंकाने वाली सूचना नहीं है। पहले से यह ट्रेंड दिख रहा था और यह होना तय माना जा रहा था। फिर भी, अगर भारत अब आबादी के लिहाज से दुनिया में पहले नंबर पर और चीन दूसरे नंबर पर आ गया है, तो इसके कुछ निश्चित मायने हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। अव्वल तो यह कि चीन में कामकाजी आबादी का अनुपात अब कम होता जायेगा, जबकि भारत में यह अनुपात कम से कम 2055 तक एक पॉजिटिव फैक्टर के रूप में मौजूद रहने वाला है। संभवतः यह भी एक वजह है कि खबर आने के बाद चीन ने इसे नजरअंदाज करने की कोशिश की। उसने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता और यह कि उसके पास अब भी करीब 90 करोड़ लोगों की वर्कफोर्स मौजूद है, लेकिन फिर उसने यह भी कहा कि वर्कफोर्स में संख्या से ज्यादा अहमियत उसकी गुणवत्ता की होती है और उसके पास एजुकेटेड वर्कफोर्स है। चीन की ऐसी प्रतिक्रिया अकारण नहीं है। माओ काल में और उसके बाद भी सिंगल चाइल्ड की सख्त पॉलिसी ने समाज में ऐसे ट्रेंड विकसित कर दिये, जिनसे चीनी नेतृत्व चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा पा रहा। हाल के वर्षों में जब सिकुड़ती आबादी के खतरे नजर आने लगे, तब चीन सरकार ने नयी पीढ़ी के लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने की कम कोशिशें नहीं कीं, लेकिन इन सबका कोई फल निकलता नहीं दिख रहा। इसके दुष्प्रभाव केवल चीनी अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहने वाले। विशालकाय कामकाजी आबादी की बदौलत पिछले दशकों में चीन सस्ते श्रम के जरिए पूरी दुनिया में सस्ते प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट करता रहा, लेकिन अब वहां मजदूरी बढ़ रही है। इसलिए चीन के कई बिजनेस वियतनाम जैसे देशों में शिफ्ट हो रहे हैं, जहां लागत कम है। बहरहाल, ये चुनौतियां भारत के लिए नये अवसर साबित हो सकती हैं। दुनिया के बड़े देशों में आने वाले वक्त में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार सबसे तेज रह सकती है। इस दशक के खत्म होने से पहले ही वह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका होगा, लेकिन तेज आर्थिक तरक्की के लिए जहां सरकार को सही नीतियां बनानी होंगी, वहीं उसे आर्थिक सुधार भी जारी रखने होंगे। इसके साथ वर्कर्स की स्किल में बेहतरी भी जरूरी है, जो कमजोर पहलू रहा है।

**इस दशक के खत्म होने से पहले ही वह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका होगा, लेकिन तेज आर्थिक तरक्की के लिए जहां सरकार को सही नीतियां बनानी होंगी, वहीं उसे आर्थिक सुधार भी जारी रखने होंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नरेंद्र मोदी जब भारत के प्रधानमंत्री बने तो लाल किले से 2014 के 15 अगस्त को झंडा फहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाये और कोई भी व्यक्ति शौच के लिए बाहर न जाये। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का आह्वान किया। आधिकारिक तौर पर दो अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया। स्वच्छ भारत अभियान स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे सफल सरकारी पहलों में से एक है।**

# 'मन की बात': स्वच्छ भारत अभियान का संकल्प वाहक



डॉ बिंदेश्वर पाठक



भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। इसका मतलब यह है कि भारत धन-धान्य से पूर्ण था, लेकिन शायद साफ-सफाई पर लोगों का ध्यान नहीं था। शहर हो या गांव, लोग साफ-सफाई पर ध्यान नहीं रखते थे। इस्तेमाल के बाद चीजों को जहां-तहां फेंक देते थे, जिससे चारों तरफ गंदगी-ही-गंदगी दिखायी पड़ती थी। इसके अलावा, लोग खुले में शौच करते थे, घरों में शौचालयों की व्यवस्था नहीं थी। महिलाओं को शौच के लिए जाने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। उन्हें सूर्योदय के पहले या सूर्यास्त के बाद शौच के लिए जाना पड़ता था। अंधकार में शौच के लिए जाने के कारण कभी-कभी सांप एवं बिच्छू इत्यादि डस लेते थे। कभी-कभी महिलाओं एवं लड़कियों के साथ आपराधिक घटनाएं भी हो जाया करती थीं। लोग सड़क के दोनों किनारों पर या रेलवे ट्रैक के बगल में शौच के लिए जाते थे। कुछ गांवों में एवं शहरों के मध्य में लोग कमाऊ शौचालय का उपयोग करते थे। सफाई कर्मचारी उन कमाऊ शौचालयों को साफ करते थे। यद्यपि वे लोग बहुत ही अच्छा कार्य करते थे, क्योंकि वे उन कमाऊ शौचालयों की सफाई न करते तो हैजा, इत्यादि बीमारियां फैल सकती थीं और लोग मर सकते थे, लेकिन मैला साफ करने वालों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था और सुबह से शाम तक उन्हें अछूत जैसा अपमान सूचक शब्द सुनने को मिलता था।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए भारतीयों के बीच स्वच्छता का दीप जलाया है।**

1915 में महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करना प्रारंभ किया। भारत में चारों तरफ फैली गंदगी को देख कर गांधी जी ने 1919 में कहा कि उन्हें स्वच्छ भारत पहले चाहिए एवं आजादी बाद में। महात्मा गांधी ने आम लोगों से और खास कर आजादी में संलग्न वालंटियर्स को कहा कि वे लोग अधिक से अधिक ट्रेंच लैट्रिन का इस्तेमाल करें, जो गांधी स्वयं दक्षिण अफ्रीका में करते थे। गांधीजी ने यह भी कहा कि जब तक घरों में शौचालयों की व्यवस्था नहीं हो जाती है, तब तक खुले रूप में शौच करने जायें तो शौच को ऊपर से मिट्टी से ढक दें, ताकि मक्खियां शौच पर न बैठ सकें, अन्यथा वही मक्खियां भोजन पर बैठ कर बीमारियां पैदा कर सकती हैं और खाने वाले बीमार पड़ सकते हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा मनुष्यमल के साफ करने के कार्य को एक नये शौचालय का आविष्कार कर बंद करा दिया जाये और छुआछूत की प्रथा को समाप्त कराकर मैला साफ करने में संलग्न लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया जाये एवं उनकी प्रतिष्ठा समाज के लोगों के बराबर हो। गांधी ने यहां तक कहा था, शायद मेरा पुनर्जन्म न हो, लेकिन अगर मेरा पुनर्जन्म होता है, तो मैं एक वाल्मीकि परिवार में जन्म लेना चाहूंगा, ताकि मैं उन्हें सिर पर मैला ढोने जैसी इस अमानवीय, अस्वस्थ एवं घृणित कार्य से मुक्ति दिला सकूं।

नरेंद्र मोदी जब भारत के प्रधानमंत्री बने तो लाल किले से 2014 के 15 अगस्त को झंडा फहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाये और कोई भी व्यक्ति शौच के लिए बाहर न जाये। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का आह्वान किया। आधिकारिक तौर पर दो अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया। स्वच्छ भारत अभियान स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे सफल सरकारी पहलों में से एक है। यदि आप सोच रहे हैं कि यह कैसे हुआ, तो इसका उत्तर सरल है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री ने नागरिकों को अभियान का अविभाज्य और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। अभियान की शुरुआत के एक दिन बाद तीन अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के पहले ही एपिसोड में इसके बारे में बात की। उन्होंने लोगों से उत्साह के साथ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देवालय से पहले शौचालय का निर्माण होना चाहिए। भारत के चार लाख पचास हजार स्कूलों में एक वर्ष के अंदर शौचालय बन जायें, ताकि स्कूलों में खास कर लड़कियों को शौच जाने में कोई दिक्कत न हो। इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ेगी और एक वर्ष में सभी स्कूलों में शौचालय बन गये। उन्होंने यह भी कहा कि माता एवं बहनों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है, इससे उन्हें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता। अतः महात्मा गांधी जी के 150वीं जंयती के पूरे होने के दिन तक सभी घरों में शौचालय बन जाये एवं खुशी की बात यह है कि भारत के लगभग 11 करोड़ घरों में शौचालय बन गये एवं अब माताओं-बहनों को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है।

15 अगस्त, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों झाड़ू उठाया एवं दिल्ली स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में फैली हुई गंदगी को अपने झाड़ू से साफ किया और देश के लोगों को आह्वान किया कि वे लोग भी अपने-अपने हाथों में झाड़ू उठायें एवं जहां भी गंदगी दिखे, उसकी सफाई करें। वाराणसी में गंगा किनारे स्थित अस्सी घाट की सफाई अपने हाथों से की जहां पर 50 सालों से भी अधिक समय से मिट्टी जमा हुई थी। अस्सी घाट अब दर्शनीय हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा पूजा-अर्चना करने के अलावा देश-विदेश के पर्यटक अस्सी घाट आते हैं और गंगा की लहरों को देखकर आनंदित होते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से स्वच्छता की एक लहर चल गयी है और कोई भी आदमी अब घर हो या बाहर या सार्वजनिक जगह कहीं पर भी गंदगी नहीं करता। यदि कोई करता है, तो लोग उसे मना करते हैं। आज गांव-गांव, शहर-शहर, स्कूल हो या कॉलेज, चलती हुई रेलगाड़ी एवं बसों में भी लोग यात्रा के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा किये हुए एवं किये जा रहे स्वच्छता के आंदोलन की चर्चा करते हैं एवं प्रधानमंत्री द्वारा किये गये स्वच्छता के कार्य की सराहना करते हैं। पूरा देश अब साफ दिखने लगा है एवं इसका श्रेय नरेंद्र मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने 'मन की बात' जैसे महत्वपूर्ण मंच अभियान के प्रत्येक माइलस्टोन और देश भर से इस अभियान से जुडी छोटी-बड़ी कहानियों को साझा करते हैं। इससे नागरिकों में गर्व की भावना पैदा तो हुई है। साथ ही लोग देश को स्वच्छ करने और रखने के लिए प्रेरित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए भारतीयों के बीच स्वच्छता का दीप जलाया है। उन्होंने स्वच्छता की उस संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए देशवासियों का आह्वान किया है, जो हड़प्पा-सभ्यता के समय यहाँ थी। आज जब मन कि बात रेडियो कार्यक्रम अपने 100वें एपिसोड की ओर बढ़ रहा है, तब देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जैसे कई क्रांतिकारी जन आंदोलनों के लिए तैयार है। मेरी देशवासियों से गुजारिश है कि हम लोगों को अपनी पूरी शक्ति तथा साधन-द्वारा प्रधानमंत्री का साथ देना चाहिए। एतदर्थ आयें, हम सभी सभ्य, सुसंस्कृत और स्वच्छ हो कर भारत को सभ्य, सुसंस्कृत तथा स्वच्छ राष्ट्रों की कतार में अग्रणी बनायें।

**(लेखक : सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाईजेशन के संस्थापक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आदिवासी सेंगेल अभियान ने करनडीह चौक में पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आदिवासी सेंगेल अभियान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक दिनेश विलियम मरांडी एवं पार्टी नेता स्टीफन मरांडी का करनडीह चौक पर पुतला दहन किया। शुक्रवार को संगठन ने इन सभी नेताओं पर संताली एवं ओलचिकी भाषा की उपेक्षा एवं विरोध का आरोप लगाया। साथ ही आल इंडिया संताली राइटर्स एसोशिएशन, करनडीह जाहेरगाढ़ कमिटी के द्वारा सरकारी नौकरी करने वाले जेईपी के निर्देशक किरण पासी का पुतला दहन किए जाने की निंदा की। केंद्रीय संयोजक बिमो मुर्मू ने कहा आल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन एवं करनडीह जाहेरगाढ़ कमिटी मुख्यमंत्री की बी टीम के रुप में काम कर रही है। उन्होंने कहा ऐसे लोगों को बेनकाब करता रहेगा आदिवासी सेंगेल अभियान। मौके पर जुनियर मुर्मू,भगीरथ मुर्मू, मंगल पाड़ेया,अर्जुन मुर्मू,मनोज मुर्मू,टी. मारडी, बरसा हांसदा सहित अन्य शामिल रहे।

# साकची होटल सागर के किचेन में लगी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत कालीमाटी रोड स्थित सागर होटल के रसोई घर में अचानक आग लग गयी। शुक्रवार शाम होटल परिसर से धुआं निकलता देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर आनन फानन में होटल के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस व अग्निशमन विभाग आग पर काबू पाने की प्रयास में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक राहत कार्य जारी है। नुकसान का आकलन लगाया जा रहा है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने 200 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को विधायक ने जुगशालाई नगर परिषद क्षेत्र के हिल व्यू एरिया मल्लिक चौक रोड नंबर 7 में 200 केवी नया ट्रांसफार्मर लगाकर क्षेत्र के लोगों को राहत पहुचाया। का उद्घाटन किया। विधायक के द्वारा 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने से क्षेत्रवासियों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कॉलोनी ने बताया हेमंत सरकार में विधानसभा के सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। लोगों की वर्षो पुरानी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। स्थानीय जनता सीधे संपर्क कर रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए बिधायक कार्यालय से प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान निकाला जारहा है। मौके पर शामू मल्लिक, असगर अली, परवेज भाई, अली मुदास्सर, मोहमद सलाम, शकील मालिक, मुस्तक भाई, गुड्डू गद्दी, मुकेश शर्मा, मकसूद गद्दी, इमराम गद्दी, दीपक गुप्ता उपस्थित रहे।

# चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला पुलिस ने कंपनी में चोरी के मामले में खुलासा करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मामले में शामिल दो आरोपी अभी फरार हैं। सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया 28 मार्च को सरायकेला थाना अंतर्गत इंटरनेशनल फैब्रिकेशन सिस्टम कंपनी में चोरी की घटना अज्ञात अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया था। लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में कांड्रा रेलवे स्टेशन रोड निवासी महमूद अंसारी, नारायणपुर निवासी दस्तगीर शेख और मुड़िया निवासी साकिर हुसैन शामिल है। तीनों आरोपी के साथ दो अन्य सहयोगी मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कंपनी के द्वारा एक लाख मूल्य के सामान चोरी होने की सूचना दी गयी थी, लेकिन पुलिस अनुसंधान के क्रम में पता चला आरोपियों ने सामान बेच कर 15 हजार प्राप्त किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से साढ़े चार हजार रुपए नगद बरामद बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सामान बेच कर जो पैसा मिला, उससे ईद के लिए खरीदारी की थी। फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# उड़नदस्ता टीम ने अतिक्रमण करनेवालों से जुर्माना वसूला



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उड़नदस्ता टीम ने करवाई शुरू कर दी। शुक्रवार को उड़नदस्ता की टीम ने भालुबासा व अन्य स्थानों का दौरा किया। वही सागर साइकिल दुकान के आगे सड़क में अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की। दुकानदार के द्वारा साइकिल बिक्री के लिए सड़क अतिक्रमण करने के मामले में 5000 का जुर्माना वसूला। साथ ही चेतावनी देते हुए साइकिल हटाने का निर्देश दिया ताकि सड़क से गुजरने वाले आवागमन में किसी को परेशानी न होसके। दुकानदार ने जुर्माना देने के बाद सड़क से साइकिल हटाने का आश्वासन दिया।

# मगध सम्राट अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी से होगा इलाज: डॉ ज्योति सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** मगध सम्राट अस्पताल में जल्द ही रोबोट के द्वारा सर्जरी की शुरूआत की जाएगी। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा रोबोटिक्स मशीन लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को अस्पताल प्रबंध निदेशक डॉ ज्योति कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया मगध अस्पताल में अब आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन की सुविधा के लिए आईसीयू व एनआईसीयू की भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। 30 बेड वाले अस्पताल में आईसीयू में 7 बेड और एनआइसीयू में 7 बेड लगाए गए हैं।

मौके पर अस्पताल के सर्जन डॉक्टर निलोफर अहमद ने बताया हर्निया समेत गॉलब्लैडर ऑपरेशन जैसे जटिल ऑपरेशन अब रोबोटिक्स के माध्यम से कम समय में किया जाएगा। उन्होंने बताया विदेश से डॉक्टरों को ऑनलाइन जोड़कर रोबोटिक्स के माध्यम से सर्जरी अस्पताल में किया जायेगा। उन्होंने बताया अस्पताल के द्वारा शवों को रखने के लिए चलंत डीप फ्रीज मोर्चरी भी अस्पताल में उपलब्ध कराया जायेगा। बिजली से संचालित डीप फ्रीजर में शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा। फिलहाल एक डीप फ्रीजर की सुविधा करायी गयी है, जिसे आगे और बढ़ाया जायेगा। जरूरतमंदों इसका लाभ मिलेगा। मौके पर एमडी डॉ ज्योति कुमार सिंह के साथ अन्य शामिल रहे।

## रोजेदारों ने पढ़ी अलविदा जुमे की नमाज



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पवित्र माह ए रमजान महीना के अंतिम जुम्मे को हजारों रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा किया। तपती धूप व भीषण गर्मी में मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा किया। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों मे अलविदा का नमाज अदा किया गया। अलविदा के नमाज जामा मस्जिद नगर उंटारी,जामा मस्जिद चेचरिया, बरडीहा जामा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में अलविदा का नमाज अदा किया गया। अलविदा की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही बूढ़े बुजुर्ग बच्चे नौजवानों का मस्जिद में आना शुरू हो गया था। जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद में पेशे इमाम अब्दुल कादिर साहब ने कहा कि रमजान के महीने में रहमतों की बारिश होती है। जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को जकात व फितरा निकाल कर गरीबों में तकसीम करनी चाहिए। ताकि गरीब व असहाय लोग भी खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना सकें। उन्होंने कहा कि जो शख्स अपने माल का जकात निकालता है,उसका माल पाक व साफ हो जाता है। साथ ही उसके माल में बरकत होती है। सदर तौहिद खान ने कहा कि अलविदा का नमाज अदा करने के बाद देश और मुल्क में अमन - चैन की दुआ मांगी गई। मौके पर आमिन खान,पूर्व सदर तस्लीम खान सीनियर, तस्लीम खान, शमीम खान, शोएब आलम,नेपाली खान,महमूद आलम, सुहैल आलम, बाबू खलीफा,तौवाब खान,फुलटून खान, सहित बड़ी संख्या में लोगो ने अलविदा की नमाज अदा किया। इधर बरडीहा मस्जिद में सदर मुश्ताक अहमद शेख,डॉ ताहीर अंसारी, राहत हुसैन, मसउवर अंसारी, हाफिज मनउवर अंसारी, मौलाना आबिद हुसैन, हाफिज जावेद अख्तर, रागिब, रासिब, इंतजार, समसिर, गुलाम मकसूद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा का नमाज अदा किया।

## पंचायत कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक हुई



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति कार्यांवयन समिति की समीक्षा बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ सह सचिव पंचायत समिति श्रवण राम ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी कार्यालयों के नाम रेलवे स्टेशन, डाकघर का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों से इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। बीडीओ ने बताया कि नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। जिसे पूर्व में ही राजकीय तीर्थस्थल के रूप में चयनित किया गया है। इसकी महत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने के लिए सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव सभी ग्राम पंचायतों से पारित कर पंचायत समिति को उपलब्ध कराया गया है एवं आज की बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति से भी पारित कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा। विभागीय समीक्षा के क्रम में मनरेगा बीपीओ द्वारा बताया गया कि 54 एकड़ बागवानी जिसमें नींबू,आम, मुनगा आदि की खेती करने के लिए योजना चलाया जा रहा है। वर्तमान में नया स्कीम नहीं लिया गया है। उप प्रमुख द्वारा बताया गया कि पुराने सड़क में डिमांड क्यों नहीं किया जा रहा है। बीपीओ द्वारा बताया गया कि 60-40 का अनुपात नहीं होने के कारण वर्तमान में डिमांड लंबित है। प्रमुख द्वारा मनरेगा में मटेरियल पेमेंट के बारे में पूछा गया एवं सभी पंचायतों में मटेरियल पेमेंट नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई। बीपीओ ने समय कम होने का कारण बताया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता द्वारा शीघ्र सभी विद्यालयों में पेयजल संकट दूर करने का आश्वासन दिया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा पशुओं के टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में विद्युत विभाग एवं वन विभाग के कर्मियों के अनुपस्थिति पर काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांग करने का आदेश दिया गया। बैठक में उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ चंदन, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भरत प्रसाद, सोशलिस्ट राम कल्याण पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य मृदुला द्विवेदी, कृष्णा राम, चिंतामणि देवी ,रविंदर राम, प्रखंड समंवयक कौशल कुमार, स्नेहा सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, नंद कुमार मेहता, प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या मे कर्मी उपस्थित थे।

### मंत्री ने कृषि महाविद्यालय में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का किया शुभारंभ

# योजनाओं की जानकारी कृषकों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेवारी: मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आज पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कृषि उपज के वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार लिंकेज के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय गढ़वा में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, डीडीएम नबार्ड लक्ष्मण कुमार, डीन झारखंड राय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी डॉ आरपी सिंह रतन, एसोसिएट डीन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गढ़वा डॉ डीके साही समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। संबोधित करते हुए मंत्री ने जिला प्रशासन एवं पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को काफी फायदा मिलेगा। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और गढ़वा एक ऐसा जिला है जहां हम केवल खेती पर ही निर्भर है। हमारा उद्देश्य है कि किसानों की उपज का पूरा लाभ उन्हें मिले इसलिए एफपीओ समेत तकनीकी जानकारी के माध्यमों से उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए बोले आज हम आज किसी भी कार्यक्रम में अन्य राज्यों से फूल लाकर साज सजा करते हैं जबकि गढ़वा में ही हमारे पास ऐसे कई उदाहरण है जहां किसान फूल की उपज बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। स्ट्रॉबेरी मशरूम समेत अन्य की भी खेती बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषक को लेकर कई योजनायें बनायी गई है। उन योजनाओं की जानकारी कृषक तक पहुंचाना और पूरे योजना का लाभ दिलाना हमारी जिम्मेवारी है। बैंकों से भी कृषक के साथ सहयोग करने की अपील की। कहा कि यदि किसान विभिन्न योजनाओं को लेकर ऋण के लिए आवेदन करते हैं तो बैंक उनके साथ सहयोग करें। सरकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को सरलता से कृषक के बीच पहुंचाने के लिए एक सहज बुकलेट तैयार करने को कहा। डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार द्वारा भी एफपीओ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें कही गई। एक सहकारिता बैंक खोलने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में आए डीन झारखंड राय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी डॉ आरपी सिंह रतन, एसोसिएट डीन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गढ़वा डॉ डीके साही, असिस्टेंट रजिस्ट्रार बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गढ़वा डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह, एलडीएम गढ़वा इंदु भूषण लाल, फाउंडर जोहार पायनियर एवं आउटरीच हेड ग्राम एसोसिएशन राव सम्राट द्वारा कृषकों को तकनीक रूप से कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।




### पीएमएफएमइ, पीएमइजीपी एवं जेएसएलपीएस के तहत चेक वितरित किया

कार्यक्रम में मंत्री ठाकुर, उपायुक्त गढ़वा जमुआर, डीडीसी श्री राय एवं जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी एवं अन्य के द्वारा मौके पर सांकेतिक रूप से पीएमएफएमइ, पीएमइजीपी एवं जेएसएलपीएस के तहत चेक वितरित किया। पीएमएफएमइ के तहत कुल 5 लाभुकों के मध्य 29 लाख 29 हजार 358 रुपये के चेक प्रदान किये गये। लाभुकों में अमरेंद्र चौधरी गढ़वा, देवव्रत यादव मेराल, मनोज सिंह डंडइ, रितिक रोशन नगर उंटारी एवं राहुल कुमार रमना को प्रेरित किया गया। पीएमइजीपी के तहत में कुल 5 लाभुकों के बीच 39 लाख 4 हजार के चेक वितरित किये। राकेश कुमार मेहता एवं दीपक कुमार गुप्ता नगर उंटारी तथा रितेश कुमार गुप्ता रंका को घानी तेल का उद्योग स्थापित करने के लिए जबकि लीला देवी केतार को दूध, पनीर, घी आदि तथा विवेक कुमार गढ़वा को मिठाई निर्माण उद्योग के लिए ऋण उपलब्ध कराये गये। जेएसएलपीएस के तहत कुल 18 लाभुकों/स्वयं सहायता समूहों के बीच चेक के माध्यम से ऋण वितरित किया गया। डीडीसी ने मंत्री समेत सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, डीडीएम नबार्ड लक्ष्मण कुमार, डीन झारखंड राय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी डॉ आरपी सिंह रतन, एसोसिएट डीन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गढ़वा डॉ डीके साही, असिस्टेंट रजिस्ट्रार बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गढ़वा डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह, एलडीएम गढ़वा इंदु भूषण लाल, फाउंडर जोहार पायनियर एवं आउटरीच हेड ग्राम एसोसिएशन राव सम्राट समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, कृषि महाविद्यालय गढ़वा के छात्र छात्राएं एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# शादी की ऑर्केस्ट्रा पार्टी में पूर्व मुखिया के भाई को मारी गोली

## सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के रंका बोलियां गांव में शादी समारोह में चल रहे आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में गोली चालन की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के महुलिया गांव निवासी पूर्व मुखिया निवास राम का बड़ा भाई राजकुमार राम बताया गया है घटना के संबंध में राजकुमार राम ने बताया कि वह अपने पुराने घर रंका बोलियां में अपने गोतिया अशोक कुमार राम के बेटी के शादी समारोह में शामिल होने गया था। जहां पर बाराती पक्ष के द्वारा आर्केस्ट्रा प्रोग्राम दिया गया था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के लोग वहां पहुंचकर भगदड़ मचाने लगे गांव के लोगों द्वारा उन लोगों को वहां से हटाया गया इसके बाद एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार होकर आए और राजकुमार राम के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया घटना के बाद परिजनो ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर घायल राजकुमार का इलाज चल रहा है। वही उस दौरान उसमें से एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

## छात्रा ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई घायल

**भ्वनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय मकरी 4 क्लास की छात्रा नितिका कुमारी पिता आनंद पासवान ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से हुई घायल। घायलावस्था में परिजनों ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया,जहां पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति गंभीर होते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि स्कूल से छुट्टी होने के बाद मकरी के छावनी टोला जा रही गांव के ही कालीचरण दास के ट्रैक्टर को नितिका रोकवा कर ट्रैक्टर पर सवार होकर घर पहुंची, जहां ट्रैक्टर से उतर ही रही थी,तभी ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर बढ़ा दिया, इसी दौरान वह उसकी चपेट में आ गई और घायल हो गई।

### महिला ने बीडीओ पर लगाया अभद्र व्यवहार करने का आरोप

# धक्का-मुक्की की खबर मुख्यालय में आग की तरह फैली, चेंबर छोड़कर भागे बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** यहां के बीडीओ सत्यम कुमार पर एक महिला ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मुन्नी कुंवर नामक घाघरी गांव निवासी उक्त महिला के अनुसार वह बंद पेंशन चालू कराने को लेकर बीडीओ के कक्ष में फरियाद लेकर गई। बीडीओ सत्यम कुमार ने महिला की बात सुनते ही भड़क उठे। बकौल महिला बीडीओ उक्त महिला के साथ धक्का मुक्की करते हुए चेंबर से बाहर निकाल दिया। भुक्तभोगी महिला मुनी कुंअर ने बताया कि उसकी पेंशन बंद है। जिसे चालू कराने के लिए बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा पांच हजार रुपये की मांग किया गया था। जो मैने पांच हजार रुपये बीडीओ सत्यम कुमार को दे दिया। लेकिन अभी तक मेरा पेंशन चालू नहीं हुआ। जिसे लेकर वह बीडीओ साहब के पास गई तो साहब भड़क गये और धक्का मुक्की करते हुए चेंबर से बाहर निकाल दिया। महिला के साथ धाका मुक्की करने की खबर प्रखंड मुख्यालय में आग की तरह फैलते ही लोग प्रखंड मुख्यालय में एकत्रित हो गये। भीड़ देख बीडीओ सत्यम कुमार प्रखंड मुख्यालय से खिसक लिए। इधर प्रखंड मुख्यालय के मेन गेट पर लोगों ने बीडीओ के खिलाफ धरना पर बैठ गए। लोग बीडीओ के उपर कानूनी कार्रवाई करते हुए बर्खास्त करने की मांग करने लगे। इस मामले की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी, महिला थाना प्रभारी लुशी रानी, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार प्रखंड कर्यालय पहुंचकर मामले की जानकारी ली। जानकारी लेते हुए सारे पहलू पर जांच जांच पड़ताल किया। इस दौरान महिला से पूछताछ करते हुए कर्यालय मे लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि यह एक पेंशन संबंधित मामला है। चेंबर में लगाए गये सीसीटीवी को चेक किया आरोप बेसलेस हैं। ऐसी हरकतों से हमारे ऑफिसर को मोराल डाउन होता है। ऐसे चीजों को किसी भी तरह से बढ़ावा नहीं देना चाहिए। एसडीओ ने कहा कि महिला द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है। वहीं पर महिला मुनि कुंवर की द्वारा थाना प्रभारी ललन कुमार को बीडीओ के विरुद्ध करवाई करने के लिए आवेदन सौंपा।

### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अजय साव, उप ब्लाक प्रमुख अर्जुन पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, बबलू प्रकाश, राजू गुप्ता, मंगलेश यादव राजेंद्र यादव बाबूलाल कुमार, सोनू कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मेराल में कुआं में मिला शव, शिनाख्त के लिए भेजा गया सदर अस्पताल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन के समीप एक कुवैत से शुक्रवार को एक अधेड़ महिला का शव बरामद की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के पहनावा ओढवा से उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद महिला के शव को कुआं से निकलवा कर अंत्य परीक्षण तथा शिनाख्त के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया है। मृत महिला की उम्र करीब 40 वर्ष बतायी गई है।

## 'जो न जागा जल के लिए, वो न बचेगा कल के लिए' आरकेपीएस में जल संरक्षण पर जागरूकता अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण पर जागरुकता अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस विषय पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने असेंबली में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण करने के महत्व एवं जल संरक्षण के सभी तरीके को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन के सभी कार्यो को संपादित करने के लिए जल चाहिए, यही कारण है कि 'जल है तो जीवन है' कहा जाता है। पृथ्वी का लगभग 70% हिस्सा पानी से घिरा है लेकिन पृथ्वी के कुल जल का लगभग 1% भाग ही मानव के पीने योग्य है क्योंकि 97% जल महासागरों में तथा 2% जल हिमनदों में निहित है। अगर हम आज नहीं जगे तो आने वाला कल बिना जल का होगा। जल संरक्षण के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए क्योंकि ये सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए भी बहुत जरूरी है। उन्होंने तेजी से घटते भूजल पर चिंता जताते हुए जल संचयन पर विशेष जोर दिया।इसके लिए घर से जो वेस्ट वाटर निकलता है उसे नाली में न बहाकर उसे सोख्ता बनवाकर संचय करने की बात कही जिससे कि भू-जल स्तर बना रहे। रैन वाटर हार्वेस्टिंग पर भी जोर देने की बात कही। मंजन करते समय,नहाने व कपड़ा धोते समय अनावश्यक जल की बबार्दी न हो, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।पीने का पानी उतना ही लें जितना जरुरत है। पानी को व्यर्थ नाली में न बहाकर उसे सोख्ता में संचय करें। प्रतियोगिता में सफल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे। कक्षा 6 में रागिनी कुमारी, दिव्या कुमारी एवं स्नेहा कुमारी, कक्षा 7 में नमन विश्वास, जरीन सरवर खान एवं अंजलि कुमारी एवं कक्षा 8 में रीतिक वर्मा, अराध्या कुमारी और निमसा ने कक्षावार पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कौशल विकास केंद्र गढ़वा में चलाया जागरूकता अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा टीम द्वारा कौशल विकास केंद्र, गढ़वा मे विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है। इसके साथ हिट एंड रन एवम गुड समरिटन के बारे मे बतलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर गढ़वा संजय बैठा, नीरज पांडे, शिक्षक अन्य शामिल थे।

## जनता दरबार के माध्यम से निदेशक डीआरडीए ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज के जनता दरबार में राशनकार्ड, जमीन विवाद, पेंशन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम खरौंधी प्रखंड के ग्राम करीवाडीह निवासी अनीता देवी पति स्वर्गीय मुन्ना राम द्वारा बीपीएल कार्ड बनाने हेतु आवेदन दिया गया, मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। रंका प्रखंड के बरदरी ग्राम निवासी उदय कुमार तुरिया पिता स्वर्गीय राम ज्ञानी तुरिया ने अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन किया, मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र को सामान्य शाखा में हस्तांतरित किया गया। गढ़वा प्रखंड के ग्राम मधेया निवासी राम सवारी कुंवर, पति स्वर्गीय वीरभद्र चौबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया, मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु आवेदन उप विकास आयुक्त को भेजा गया। इस प्रकार बारी बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यपालक दण्डाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय साखा, विकास कुमार भी जनता दरबार में उपस्थित रहें।

# राज्यपाल ने किया परिसंपत्ति का वितरण

## मुखिया ने बुके, मोमेंटो, रागी लड्डू और टांगीनाथ धाम का चित्र भेंट किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन विशुनपुर से लौटने के दौरान घाघरा प्रखंड के नवडीहा पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों से वातार्लाप किये वही परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। इस दौरान सांस्कृतिक पारंपरिक नृत्य एवं गान से राज्यपाल का स्वागत करते हुए लाया गया। डीडीसी हेमंत सती, एसपी एहतेशाम वकारीब, बीडीओ विष्णु देव कच्छप एवं नवडीहा पंचायत के मुखिया राजकुमार भगत ने बुके मोमेंटो रागी लड्डू और टांगीनाथ धाम का चित्र भेंट किया। इस दौरान पंचायत के मुखिया के द्वारा पंचायत में चल रहे विकास कार्य एवं विकास कार्यों से हो रहे लाभांवित लाभुकों की सूची राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों से वातार्लाप किये राज्यपाल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान पेंशन योजना, विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन सहित कई योजनाओं में मिलने वाले लाभ की जानकारी मौजूद ग्रामीणों से ली। इस दौरान राज्यपाल ने कहा प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना में बहुत कम लोगों का आवेदन हुआ है जिसके कारण योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, इस पर जल्द से जल्द वृद्धि करे। जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों का हर संभव मदद करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया है। पंचायत में पुरुष से अधिक महिलाओं की जनसंख्या पर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की और महिलाओं को सम्मान देने की बात कही।

### बच्चों से मिले राज्यपाल

पंचायत सचिवालय में बने पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया पुस्तकालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों से मुलाकात किया और लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करने की बात कही।पंचायत सचिवालय के बाहर वितरण के लिए रखे ट्रेक्टर पर राज्यपाल खुद सवार हुए और महिलाओं से आधुनिक तकनीकी से खेती करने की सलाह दी।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम के उपरांत पुलिस के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी हेमंत सती, एसपी डॉ. एहतेशाम वकारीब, एसडीओ संजय पीएम कुजूर, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, बीडीओ विष्णु देव कश्यप, सीओ प्रणव ऋतुराज एवं थानेदार अमित कुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## महामहिम ने प्रशिक्षण भवन की रखी आधारशिला



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन का आगमन शुक्रवार को गुमला पहुंचे। वे लोहरदगा होते हुए पूर्वाहन में विशुनपुर पहुंचे। बिशुनपुर पहुंच कर उन्होंने एक के बाद एक आधा दर्जन कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले वो विकास भारती द्वारा बलातू गांव में संचालित 'सिनगी दई वन विज्ञान केंद्र परिसर में प्रशिक्षण भवन' की आधारशिला रखी। इसके उपरांत राज्यपाल ने कृषि विज्ञान केंद्र (प्राकृतिक खेती प्रक्षेत्र), सालम नवाटोली जाकर वहां की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्हें वहां अपनाये जा रहे कृषि तकनीक एवं जल संचयन के संदर्भ में कई बारीक तकनीकों से रू ब रू कराया गया। फिर महामहिम ने जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी, जतरा टाना भगत विद्या मंदिर व ज्ञान निकेतन का भी भ्रमण किया। इसके उपरांत वे मुख्य कार्यक्रम स्थल यानि विशुनपुर विकास भारती परिसर पहुंचे। बिशुनपुर पहुंचने पर महामहिम को स्थानीय परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने तीन स्थलों पर वृक्षारोपण भी किया। कृषि अनुसंधान केंद्र सहित विकास भारती के अन्य क्रियाकलापों को करीब से उन्होंने देखा और समझा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत के स्मारक पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मौके पर महामहिम ने कहा कि विकास भारती के सचिव पद्श्री अशोक भगत द्वारा यहां के गरीब आदिवासी व आदिम जनजातियों के विकास के लिए बहुत अच्छा काम किया है और इसी कारण इन्हें सरकार ने पद्मश्री अवार्ड से नवाजा है। उन्होंने कहा कि मैं यहां समाज के अत्यंत पिछड़े लोगों के बीच सुदूरवर्ती इस गांव में आकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारी शुभकामना है कि क्षेत्र के विकास के लिए अशोक भगत जी सतत काम करते रहेंगे। इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत राजसभा सांसद समीर उरांव सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित थे। गवर्नर जैसे ही विकास भारती बिशुनपुर पहुंचे वहां सर्वप्रथम पुलिस के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## संवेदक कर रहे मनमानी, बिना मुआवजा का भुगतान किये कार्य करना कानूनन अपराध: नमन विकसल कोंगाड़ी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के बसिया प्रखंड में ससिया गांव से अघरमा तक पथ निर्माण विभाग गुमला से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त पथ के निर्माण में सासिया, दलमादी, कोचेदेगा, सकिया, बालाचौरा, तकरमा, अघरमा के सैकड़ों रैयतों का जमीन अधिग्रहण हो रहा है रैयतों ने कोलेबिरा विधायक सह टाक सदस्य एव अजा., अज.जा, अल्पसंख्यक कल्याण के विधानसभा समिति सदस्य नमन विकसल कोंगाड़ी से प्रभावित रैयतों ने मुलाकात किया और इंसाफ की गुहार लगायी। प्रभावित रैयतों ने कहा कि मुआवजा की मांग के लिए संवेदक एवं विभागीय अधिकारियों से बैठक किया गया। उपायुक्त कार्यालय एवं अंचल अधिकारी को पत्र लिखा गया है फिर भी कोई सुनवाई नहीं है। सभी रैयतों द्वारा मिलकर संवेदक द्वारा करवाये जा रहे कार्य को रोका गया है संवेदक द्वारा दबंग किस्म के लोगों को साथ मिलाकर धमकाया जा रहा है और झूठा केस में फंसाकर जेल भेजने जैसे बात किया जा रहा है जगह जगह पुलिया का निर्माण हो रहा है। जिसमे कोई भी गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं हो रहा है। प्राकल्लन के अनुरूप कार्य नही किया जा रहा है। विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी जी ने बताया कि उक्त सभी मामलों से वे अवगत हैं मेरे विधानसभा क्षेत्र से भी कुछ प्रभावित रैयतों द्वारा सूचना मिली थी कांग्रेस द्वारा भूमि अधिग्रहण विधेयक 2013 व संशोधित अधिनियम 2017 के कानून के प्रावधान में स्पष्ट उल्लेख किया गया है की कोई भी अधिग्रहण से पहले 80% मुआवजा का भुगतान चार गुना अधिक दर से भुगतान करने उपरांत ही कोई कार्य करना चाहिए सिमडेगा जिला और गुमला जिला में ऐसे कई सड़क हैं जिसका निर्माण तो हो गया लेकिन मुआवजा अब तक नहीं मिला है। गुमला जिला में इन्ही संवेदक द्वारा बनाये गये पथ का भुगतान भी लगभग पांच साल से लंबित है ऐसे परिस्थिति में संवेदक के द्वारा अगर जोर जबर्दस्ती से आदिवासियों के जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो उन पर अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होनी चाहिए रैयतों से आग्रह है की तत्काल मुकदमा दर्ज करें। 28 अप्रैल को विधानसभा में एसटी/एससी समिति की बैठक में उक्त मामले को गंभीरता से रखूंगा और जल्द भुगतान करने की दिशा में कार्य होगा। विधायक से दूरभाष से गुमला जिला भू- अर्जन पदाधिकारी नीलम सुषमा सोरेंग से बात किया और निर्देश दिया की तत्काल प्रभाव से रैयतों का भुगतान किया जाये। ज्ञापन देनेवालों में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बसिया विकास साहू, उपाध्यक्ष मुमताज खान, ज्ञानप्रकाश, मार्था बरवा, सुनीता टेटे, सुनील आदि शामिल थे।

## अलविदा अलविदा माहे रमजान, का खुतबा सुनते ही रो पड़े रोजेदार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 'अलविदा अलविदा या शहरी रमजान' जामा मस्जिद के इमाम इनआम रब्बानी ने जैसे ही या खुतबा पढ़ा, बरबस रोजेदारों की आंखों से आंसू निकल पड़े। लोगों ने नम आंखों के साथ खुतबा सुना और अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इस अवसर पर जामा मस्जिद के इमाम इनआम रब्बानी ने दुआ की ₹या अल्लाह आने वाले साल के रमजान में हमें पता नहीं हम रहे ना रहे हमें फिर इबादत करने का रोजा रखने का यह हसीन मौका मिले ना मिले या अल्लाह मेरी टूटी फूटी इबादत को कुबूल फरमा या अल्लाह मेरे मुल्क में शांति अमन और भाईचारे की का माहौल बना दे। या अल्लाह नफरत की हवाओं को हटा दे। या अल्लाह तमाम देशवासियों को देश और देश के लोगों देश की जमीन से मोहब्बत करने की का जज्बा अता कर दे। हमारे शहर गुमला में भाईचारे का सुख शांति का वातावरण बरकरार रख। अलविदा जुमा की नमाज रोजेदारों ने भीगी पलकों के साथ अदा की। अपने सर को सजदे में रहकर रोजेदारों ने अपने अपने गुनाहों की माफी मांगी और अपने इबादत को कुबूल करने की दुआएं अपने रब से की। शहर के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। थाना रोड स्थित जामा मस्जिद गुमला में मौलाना ऐनाम रब्बानी की इमामत में नमाज अदा की गई। बाजार स्थित गौसिया मोती मस्जिद में हाफीज सरफराज साहब ने नमाज अदा कराई। गौस नगर स्थित कादरिया मस्जिद में मौलाना सरताज, ने जूमे की नमाज पढ़ाई। आजाद बस्ती स्थित मस्जिद गौसुलवरा में हाफिज सद्दाम हुसैन. की इमामत में नमाज अदा की गई। मस्जिद रजा ए हबीब में हाफिज में अब्दुस्सलाम कौसर ने नमाज की इमामत की। हुसैन नगर स्थित मस्जिद रजा ए मुस्तफा गुमला में अहमद अली मिस्बाही ने इमामत की। खड़िया पाड़ा स्थित मस्जिद होदा में मौलाना अहमद गजाली ने नमाज अदा करायी। सिसई रोड स्थित मक्का मस्जिद में मौलाना शोएब साहब की इमामत में नमाज हुई। हुसैन नगर स्थित मस्जिद फैजान रजा में मौलाना अशरफ की इमामत में नमाज अदा हुई। मस्जिद जैनब में हाफिज मसीरुद्दीन साहब, आजाद बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी साहब,मदरसा इस्लामिया फैज ए आम में हाफिज रुस्तम साहब की इमामत में नमाज अदा की गई।

## समाजिक कार्यक्रम, शादियों और सरहुल एवं अन्य कार्यक्रमों में आधुनिकता से परहेज करें: चंदन उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बुधवार को महादेव चैगरी ग्राम के बाजार बगीचा में नंदू उरांव की अध्यक्षता में कुडूख समाज सात पड़हा, नौ पड़हा और पांच पड़हा के सामाजिक प्रतिनिधियों और आम जनता की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुडूख समाज के बुजुर्ग एवं हमारे पूर्वजों के समृद्ध सामाजिक,न्याय और धार्मिक व्यवस्था के जानकार गजेंद्र उरांव, उमेश उरांव, मटकू उरांव ने विस्तार से अंग्रेज शासन काल के समय उरांव समाज के अटूट संगठन के बारे में बतायी गई। उरांव समाज के संगठन को तोड़ने एवं कमजोर करने के लिए अंग्रेजो ने कैसे अपनी अंग्रेजी शिक्षा नीति और चर्च के माध्यम से अपने धर्म का इस्तेमाल किया। 'मिशन बदलाव' टीम के सदस्य, साथ में उरांव समाज से अटूट संबंध रखने वाले समाज सेवक चंदन उरांव जो भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं ने कहा कि उरांव समाज में डीजे साउंड बाजा एवं अत्याधिक दारू हड़िया नशापान की वजह से उरांव समाज के किशोर बच्चे पढ़ाई लिखाई में ध्यान नहीं देते हैं। इसकी वजह से हमारे समाज में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है।

# पीएलएफआइ नक्सलियों ने की थी आगजनी, युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** बिशुनपुर प्रखंड के टेमरकरचा में बीते 10 अप्रैल को पीएलएफआइ नक्सलियों के द्वारा विकास कार्य में लगे वाहन पर किये गये आगजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर अभियान एसपी मनीष कुमार, इस्पेक्टर मनोज कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी एवं कुंदन सिंह ने जानकारी दी। इस संबंध में अभियान एसपी ने बताया कि बीते 10 अप्रैल को सत्य कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा जमटी से टेमरकरचा सड़क बनाने का काम किया जा रहा था, जिसमें काम कर रहे एक वाहन को आग लगा दिया गया था और पीएलएफआइ का पर्चा फेंक कर काम को रोक देने की बात कही गई थी। जिसके आलोक में पीएलएफआइ संगठन के 6-7 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विशुनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही थी। अनुसंधान के क्रम में यह सामने आया कि अजय उरांव एवं उनके साथियों के द्वारा भय का माहौल बनाने के लिए घटना की योजना बनाई गई थी। अजय उरांव उर्फ संजय उरांव उर्फ दिलजल उरांव जो लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत तोरांग गांव का रहने वाला है। जिसकी घटना में संलिप्तता के संबंध में पुलिस को सबूत मिली। जिसके बाद आवश्यक पूछताछ के लिए केरल राज्य से अजय उरांव को गुमला लाया गया। पूछताछ के क्रम में अजय ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की एवं अपने साथी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी जो रांची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत बलसोकरा का रहने वाला का नाम बताया। साथ ही अजय के निशानदेही पर स्वयं के ही घर के पीछे छिपा कर रखा हुआ एक देसी कट्टा 0.315 बोर की जिंदा गोली एवं एक पीएलएफआइ का पर्चा बरामद किया गया है। साथ ही अभियान एसपी ने यह भी बताया कि बाकी उग्रवादियों की भी गिरफ्तारी के लिए छानबीन किया जा रहा है उन्हें भी जल्द गिरफ्तारी कर लिया जायेगा। यहां बता दें कि पीएलएफआई उग्रवादियों के द्वारा 10 अप्रैल को दिन में काम पर लगे एक रोलर एवं पेवर मशीन को आग के हवाले कर दिया था। जिसके बाद से इलाके में भय का माहौल था लगातार पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही थी जिसके बाद एक आरोपी अजय की गिरफ्तारी हुई है।

## जिला में स्वास्थ्य के क्षेत्र में की जा रही कई पहल

# डीसी के प्रयास से टाटा स्टील फाउंडेशन की बदौलत और भी नये प्रोजेक्ट्स पर किये जा रहे कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी गुमला जिला काफी बदल रहा है। जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के संबंध में लगातार जिला प्रशासन द्वारा पहल किये जा रहें हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके उसके लिए भी कई सीएचएस सेंटर, अस्पताल आदि का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए जिला में और भी अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए हाल के दिनों में जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन इक्विपमेंट की सुविधा एवं अच्छी मॉनिटरिंग के लिए कई आयामों पर एमओयू साइन किया गया था। जिसके तहत टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से कई स्वास्थ्य उपकरणों को जिले में उपलब्ध कराया गया था। उपायुक्त की बैठक में स्वास्थ्य संबंधित नयी योजनाओं पर चर्चा की गयी।

**आई चेकअप कैंप का किया जायेगा आयोजनः** इसके अलावा बैठक में टीएसएफ द्वारा डुमरी एवं बसिया में जल्द ही आई चेकअप कैंप लगाने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वीएचएसएनडी डे में उक्त प्रखंडों में मोतियाबिंद के मरीजों की सूची तैयार कर लें ताकि कैंप के दौरान उन मोतियाबिंद के मरीजों का इलाज करने में आसानी हो और अधिक से अधिक मरीजों को कैंप का फायदा मिले। बैठक में सदर अस्पताल में इंटीग्रेटेड लैब के निर्माण करने पर भी चर्चा की गई जिसमें सभी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित चेकअप कराये जायेंगे। वहीं टीएसएफ द्वारा जिला में मानसी ( मानसी-मीटरनल एंड न्यू बोर्न सर्वाइवल इनिशिएटिव) परियोजना चलाने का भी प्रस्ताव रखा जिसके तहत एनीमिया एवं कुपोषण के बच्चों का चेकअप और उनके उपचार के लिए कार्य किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर मानसी अभियान को भी चलाने पर स्वीकृति प्रदान की गई। इस अभियान के तहत जिला से लगभग 80 मानसी मित्रों की नियुक्ति की जायेगी। टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधियों एवं एसीएमओ द्वारा भरनो के सीएचसी में बाउंड्री निर्माण कार्य के लिए नीव रखी गई। टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ द्वारा सर्व प्रथम सदर अस्पताल में जहां सीटी स्कैन एवं डिजिटल एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन किया जाना है उन कमरों का निरीक्षण किया। 18 मई से पूर्व कमरों को तैयार कर लिया जायेगा। टीएफसी की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ ने भरनो प्रखंड अंतर्गत सीएचसी केंद्र पहुंचें। एवं वहां टीएफसी द्वारा किए जाने वाले बाउंड्री वॉल के कार्य के लिए शिलान्यास करते हुए कार्य का शुभारंभ किया गया। जून माह के अंत तक कार्य पूर्ण करने की जानकारी प्राप्त है। इस दौरान एसीएमओ प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर मद से भरनो एवं विशुनपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण सहित अन्य कई कार्य किए जाएंगे

### टाटा स्टील फाउंडेशन करेगा योजनाओं का संचालन

उक्तके संबंध में आज मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधियों , स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ एवं समाज कल्याण पदाधिकारी के उपस्थिति में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। जिले में फाउंडेशन की ओर से सीटी स्कैन मशीन जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ होगी एवं डिजिटल एक्सरे मशीन लगभग 1 करोड़ 26 लाख का सदर अस्पताल अधिष्ठापन किया जाना है । जिसके लिए उपायुक्त ने 18 मई तक मशीन अधिष्ठापन हेतु अस्पताल अंतर्गत कमरों में मशीन रखने हेतु सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त के निर्देश से टीएसएफ द्वारा अपने सीएसआर के मद से भरनो में स्थित सीएचसी सेंटर में बाउंड्री लाइन, पेवर ब्लॉक, डिजिटल एंट्री गेट ,पार्किंग का निर्माण किया जाना है वहीं विशुनपुर के सीएचसी सेंटर में भी ळरऋद्धारा बाउंड्री लाइन , पेवर ब्लॉक , पार्किंग, डिजिटल एंट्री गेट , मेटरनिटी वेटिंग हॉल का निर्माण किया जाना है। जून माह के अंत तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

## सुलभ शौचालय में पसरी गंदगी



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बस स्टैंड पर बने सुलभ शौचालय में पसरी गंदगी और पानी की किल्लत के कारण यात्रियों को शौचालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। रोजाना सैकड़ों यात्री बस स्टैंड में बस से उतरने के बाद शौचालय का उपयोग करना चाहते हैं मगर शौचालय में पसरी गंदगी और पानी की कमी के कारण लोगों को मजबूरन खुले में ही सौच करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए चैनपुर वासियों ने शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा से शौचालय की मरम्मत और शौचालय में पानी की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय का रखरखाव वह देखरेख करने के लिए एक व्यक्ति रखने की मांग की। मौके पर उपस्थित पुनंदू शर्मा, मौली शर्मा, सुरेश भगत, सगीर खान सहित कई लोगो ने कहा कि चैनपुर बस स्टैंड के सुलभ शौचालय गंदगी एवं पानी की कमी के कारण उपयोगहीन हो चुका है। जिसके कारण यात्रियों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी खुले में शौच करना पड़ रहा है। सुलभ शौचालय के उपयोगहीन हो जाने से महिलाओं को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने जिप सदस्य मेरी लफड़ा को समस्या से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि लोगों को हो रही परेशानी से मैं वाकिफ हूं। सुलभ शौचालय के उपयोगहीन हो जाने से महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश करते हुए जल्द से जल्द इसकी मरम्मत कराकर इसे चालू कराने का प्रयास करूंगी ताकि यात्रियों को असुविधा ना हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लोग सुलभ शौचालय का उपयोग करते हैं उसे साफ सुथरा रखें ताकि और लोगों को परेशानी ना हो।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** ईद पर्व को लेकर गुरुवार को रायडीह एवं सुरसांग थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक हुई। साथ ही सुरसांग थाना में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के सभी मस्जिद ईदगाह मे ईद उल फितर नमाज का समय की जानकारी लिया गया, ईद उल फितर की नमाज नवागढ़ पतराटोली ईदगाह मे ईद की नमाज 8:30 बजे बरगीडांर, महुंआटोली, कांसीर मे 8 बजे एंव शंखमोड़ मांझाटोली में 9 बजे सुबह नमाज अदा की जायेगी। बैठक में आपसी सौहार्द्र वातावरण में ईदउल फितर की नमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। इफ्तार पार्टी में सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा कोब्जा सुरसांग जरजट्टा के अलावे रायडीह थाना क्षेत्र एवं मुख्यालय नवागढ़ पतराटोली कुड़ोछत्रपुर मांझाटोली के गणमान्य बुद्धिजीवी लोग शामील हुए और सामुहिक इफ्तार कर सामाजिक सद्भावना की मिशाल पेश किया। सभी लोगो ने सुरसांग थाना प्रभारी के इस पहल की सराहना करते हुए उन्हे ईद पर्व की मुबारकबाद दिया,वही थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने थाना क्षेत्र के सभी सामुदाय के लोगो को शांति बनाने की अपील किया और किसी प्रकार की कोई सूचना कोई गतिविधि मिले तो जल्द से जल्द थाना को बेझिझक सूचना देने की बात कही जिससे समय रहते कार्रवाई किया जा सके और गांव समाज से शांति वातावरण बनाया जा सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज, मुखिया मार्था एक्का, शंकर पांडेय, सच्चिदानंद पांडा, मोहम्मद मोख्तार, सेराज खान, गुलजार खान, सज्जाद खान, अमजद खान, मुबारक खान, अशरफ लालो, कमलेश झा, विनोद गुप्ता, एएसआइ गफ्फार खान एवं सुरसांग थाना के सभी पदाधिकारी एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

## हुआ चांद का दीदार, कई मस्जिदों में होगी ईद की नमाज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार की शाम ईद का चांद नजर आ गया। ईद की नमाज शनिवार को गुमला जिला मुख्यालय के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में पढ़ी जाएगी। अंजुमन इस्लामिया गुमला के एलान के मुताबिक ईदगाह कमिटी और विभिन्न मस्जिदों की कमिटी के निर्णय के बाद इस बार ईद की नमाज का समय इस तरह निर्धारित किया गया है। मोती मस्जिद 7 बजे , रजाए हबीब मसजिद 7.15, मस्जिद गौसुल वरा 7.30 बजे, कादरिया मस्जिद 7.45 बजे, मसजिद रजाए मुस्तफा 7.45, मसजिद ए जैनब मस्जिद 8, मसजिद होदा 8 बजे, ईदगाह बजे। 8, मक्का मस्जिद 8 बजे, मदीना मस्जिद 8.30, जामा मस्जिद 9 बजे, हुसैन नगर मसजिद फैजान ए रजा में 8 तय किया गया है। यह जानकारी सचिव खुर्शीद आलम ने दी।

## मां सरना की पूजा अर्चना करने के उपरांत शोभायात्रा निकाली



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में प्राकृति पूजा सरहुल पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस निमित्त बिशुनपुर करम टोली स्थित सरना स्थल पर स्थानीय बैगा एवं पूजा के द्वारा विधिवत मां सरना की पूजा अर्चना करने के उपरांत शोभायात्रा निकाली गई। जो कार्तिक उरांव चौक बिशुनपुर रती टाना भगत चौक होते हुए बिरसा बाग में पहुंचा। जहां पर शोभायात्रा एक सभा में तब्दील हो गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि हमारा पुराना परंपरा एवं पूजा पाठ का संबंध वैज्ञानिक पद्धति से है। जब हम सरना स्थल में पूजा करते हैं उसके बाद वहां रखे घड़ा का पानी से यह अनुमान लगाया जाता है कि आने वाले वर्ष में कैसा बारिश होगा और फसल का उत्पादन किस प्रकार से होगा। यह जानकारी हमें सरहुल में ही हो जाता है। जबकि कई बड़े-बड़े विज्ञान ऐसे हैं जो इतना दिन पूर्व इस बात का अनुमान नहीं लगा पाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज का जो परंपरा है वह बाकी समाज के परंपराओं से भिन्न है। हम लोग प्रकृति के पूजक हैं और पूजा करने के दौरान खेती करते समय किसी कीड़े मकोड़े या जीव जंतु की हत्या होती है तो उसके लिए हम लोग मां सरना एवं धरती से क्षमा प्रार्थना करते हैं कि हल कुदाल चलाते समय हम से जीव हत्या हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज कभी हिंसात्मक चीजों में विश्वास नहीं करता है।

# लोहरदगा में राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

## बिशनपुर जाने के दौरान लोहरदगा में ठहरे थे राज्यपाल



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को गुमला जिले के बिशुनपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान लोहरदगा परिसदन भवन में कुछ देर विश्राम के लिए रुके। जिला परिसदन में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों ने राज्यपाल को बुके देकरलोहरदगा में अभिवादन किया। इसके पूर्व राज्यपाल को सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जलपान के बाद निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, राज्यपाल प्रस्थान कर गए। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस संदर्भ में बताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लोहरदगा के भौगोलिक और वर्तमान स्थिति की जानकारी लिया।

## यही है सच्चा भारत: बालूमाथ प्रमुख ममता देवी ने रमजान में इफ्तार के लिए बांटे फल



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। हिन्दू मुस्लिम भाई चारे के बीच सौहार्द की यह खबर काफी सुकून देने वाली है। पहली बार बालूमाथ प्रखण्ड प्रमुख ममता देवी ने रमजान में इफ्तार के लिए बालूमाथ प्रखण्ड अंतर्गत रजवार पंचायत के कुरियामखुर्द, और लेजांग टोला स्थित मस्जिद में घर घर फलो से भरा बैगो का वितरण किया। शुक्रवार को पाक रमजान माह के अंतिम दिन प्रमुख ममता देवी सभी रोजेदारो से मिल कर बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र और पूरे राज्य मे अमन चैन सुख शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।मौके पर समाजसेवी दशरथ यादव, किरानी यादव, प्रदीप यादव,राकेश सिंह सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### चौथी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त

# पहले किया दुष्कर्म, फिर कर दी हत्या चंदवा से पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार/चंदवा। लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुटाप पंचायत के हाका गांव में पिछले दिनों 15 अप्रैल को एक नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म कर हत्या कर देने के मामले में लातेहार जिला पुलिस ने खुलासा कर दिया है और इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि हुटाप पंचायत के हाका गाँव में एक नाबालिग लड़की का शव उसके घर के पीछे खेत में बरामद हुआ था। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि नाबालिग लड़की एक दिन पूर्व संध्या से ही गांव से गायब हुई थी नाबालिग लड़की का शव का निरीक्षण करने से प्रतीत हुआ कि नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के पश्चात गला दबा कर उसकी हत्या कर उसके शव को उसके घर के पीछे खेत में रख दिया गया था। इस मामले में उसके पिता के बयान के आधार पर चंदवा थाना कांड संख्या-92/2023, धारा-376ए/ 376ए बी/377/302/201 भादवि एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट अंकित किया गया। इस मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम के द्वारा इस मामले में संलिप्त सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के द्वारा बताया गया कि पीड़िता के घर के पास से ही पीड़िता को इनलोगों के द्वारा उठा लिया गया था और उसके घर के पीछे झाड़ियों में बारी बारी से बलात्कार किया गया एवं हत्या कर उसके शव को पीड़िता के घर के पीछे रख दिया गया।

**बरामद सामान**

घटनास्थल से खून लगा पत्ता
घटनास्थल से अभियुक्तों के द्वारा पीया गया गांजा का चिलम
घटनास्थल से अभियुक्तों के द्वारा पीया गया बिड़ी का रेपर
मोबाईल फोन 04
अभियुक्तो का पहना हुआ वस्त्र
गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता

1. कैलाश गंझू पे० बालमोहन गंझू सा०-०-कुम्भीया आटा थाना- चंदवा जिला-लातेहार
2. पप्पु लोहरा पे० परमेश्वर लोहरा सा०-हाका, थाना-चंदवा जिला- लातेहार
3. बाबु लोहरा उर्फ रिंकू पे० अशोक लोहरा सा०-हाका, थाना-चंदवा जिला लातेहार
4. लालमोहन सिंह पे० शिव मंगल सिंह, सा०- मंझलाडीह, थाना-चंदवा जिला-लातेहार
5. दीपक मुण्डा पे० नन्हका मुण्डा, सा०-हाका, थाना-चंदवा जिला-लातेहार

छापामारी में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार प्रभारी विकास शर्मा, दिव्य प्रकाश जमील अंसारी, नारायण यादव, कुन्दन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार महतो, दिवाकर धोबी, अरविन्द कुमार सिंह, सहित सैट 202 चंदवा, माल्हन पिकेट, नावाटोली पिकेट और सिकनी पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## लोहरदगा में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, फिर मिले 06 नये संक्रमित, मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 33

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। चालू अप्रैल माह में कोरोना संक्रमण ने लोहरदगा रफ्तार पकड़ ली है । सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में किया गया कोरोना जांच में शुक्रवार को 06 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गयी है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 33 हो गया है। प्रतिदिन कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होते हुए पॉजिटिव मामले की संख्या बढ़ती जा रही है। उपरोक्त की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरुक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं, सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड हॉस्पिटल में पीएसए प्लांट स्थापित कर इसे चालू कर दिया गया है। हाई फ्लो ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था ठोस है। 26 वेंटिलेटर तैयार हैं। दवा, ऑक्सीजन, एक्सपर्ट डॉक्टर और नर्स को एलर्ट मोड पर रखा गया है। फिलहाल, कोरोना के बढ़ते रफ्तार ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दिया है।

## पुलिस ने वैध बालू ट्रैक्टर पकड़ा, ट्रैक्टर मालिक को किया घंटो परेशान

गारु (आजाद सिपाही)। गारु प्रखंड के बारेसाढ पुलिस ने चालान के बाद भी बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ लिया। ट्रैक्टर बालू लेकर बूढ़ा पहाड़ के तिसिया ग्राम जा रहा था। वहां पर स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है। जो 4 वर्षों से भवन धराशाई है। एवं वहाँ पर सामुदायिक भवन का भी निर्माण कराया जा रहा है। बूढ़ा पहाड़ विकास के लिए मुख्यमंत्री ने कई घोषणाये की हैं। इसके बावजूद पुलिस ने वैध बालू को पकड़ कर ट्रैक्टर मालिक परेशान करने की नियत से घंटों गाड़ी को थाने के अंदर रखे रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजीत यादव से संपर्क किया गया तो फोन रिसीव नहीं किए। बाद में इसकी जानकारी डीएसपी राजेश कुजूर को जानकारी दी गई और उन्होंने माना कि बालू वैध है। हालांकि इसकी जानकारी एसपी को भी दे दी गई थी। बाद मे घंटों मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया। मगर लोगों में यह चर्चा जोरों पर है कि बूढ़ा पहाड़ के विकास में कही पुलिस बाधक तो नहीं बन रही। रंजीत यादव पहले गारू थाने में पदस्थापित थे। जो एक मामले में सस्पेंड भी रहें है।

## 177 अभ्यार्थियों के बीच भू मापक अमीन का प्रमाण पत्र वितरित



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को नव भारत निर्माण संस्थान के द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण का कार्यक्रम समापन के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के द्वारा सेन्हा पंचायत भवन में प्रमाण पत्र निर्गत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सेन्हा पंचायत के मुखिया धनवाज उराँव ने मौके पर उपस्थित भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रशिक्षण एवं परीक्षा में पास होने वाले सभी अभार्थियो को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया। भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 177 अभार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 42 अभार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर 87 अभियाथीयों का नाम सामने आया। वही तृतीय स्थान पर 48 अभियार्थी का नाम चयनीत किया गया। प्रथम स्थान लाने वाले अभार्थियों में अभय कुमार, नाजिर अनवर, सुजीत कुमार, सूरज कुमार, पीयूष कुमार, प्रवीण कुमार, शंभु सिंह सहित 42 लाभियार्थी शामिल है। तथा बाकी अभार्थियों ने भी अच्छे नंबर से पास किया उन सभी को मुखिया धनवाज उराँव के द्वारा प्रमाण पत्र देकर करते हुए हौसला अफजाई किया गया। मौके पर धनवाज उराँव ने कहा की नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर प्रदान किया गया है। जिसके माध्यम से क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिल सके। प्रशिक्षण के माध्यम से जो शिक्षा आपको मिला है उस शिक्षा का सदुपयोग करेंगे और अपने आप को रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने का प्रयास करें। क्षेत्र में भू मापक अमीन की काफी कमी थी समय पर लोगो को अमीन नहीं मिलता था। जिसके कारण लोगो को जमीन मापी से संबंधित कार्य हेतु काफी दिक्कत होती थी। परंतु अब आप के अमीन बन जाने से ये समस्या खत्म होगी। मौके पर मुखिया धनवाज उराँव,प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के अलावे सभी अभ्यार्थी गण मौजूद थे।

# पवित्र रमजान के अंतिम जुमे पर लोहरदगा में विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की मांगी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। पवित्र रमजान माह के अंतिम जुमे की नमाज जिले के विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई। रमजान के अंतिम जुमे के दिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मस्जिदों में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ माह-ए-रमजान मुबारक को अलविदा किया गया। अब मुस्लिम धर्मावलंबियों को चांद के दीदार का इंतजार रहेगा। शहर के जामा मस्जिद से लेकर मस्जिद के बाहर सड़क पर चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों और रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा बेलाल मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे गौस-ए-पाक, ताजउल मुनीर, मस्जिदे अतार, पावरगंज मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। मुस्लिम धर्मावलंबियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मुख्य पथ पर नमाज के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था। जिसके कारण जामा मस्जिद के बाहर लोगों ने पूरे आस्था और विश्वास के साथ नमाज अदा की। इसमें बच्चे, युवा और बूढ़े सभी शामिल थे। जुमे की नमाज को लेकर आज का दिन लोगों के लिए खास रहा और उनमें एक अलग ही उल्लास छाया हुआ था।

अंतिम जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की कड़ी नजर थी। शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालयों में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ हीं जरूरत वाले स्थानों पर वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया था। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था। अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ जामा मस्जिद में उमड़ पड़ी थी। मुख्य मार्ग में भी लोग आस्था और विश्वास के साथ सड़क पर ही बैठकर नमाज पढ़े। नमाज अदा करने के बाद लोगों के चेहरे पर ईद की एक बेसब्री नजर आई। अब सभी को ईद का इंतजार है। विशेषकर बच्चों में उत्सुकता देखी जा रही है।

# शहीद पांडेय गणपत राय के 165वें शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



भंडरा / लोहरदगा । 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शहीद पांडेय गणपत राय का 165वें शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने शहीद के पैतृक गांव भौरों मे स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने कहा कि शहीद पांडे गणपत राय के बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। आने वाली पीढ़ी के लिए वे हमेशा प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने वाले अमर वीर शहीद पांडेय गणपत राय जी के शहादत दिवस पर उन्हें शत-शत नमन। सामाजिक कार्यकर्त्ता और भाजपा नेता बालकृष्णा सिंह ने कहा की देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड के सैकड़ों सपूतों ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था और शहीद भी हुए थे। इन शहीदों में पांडेय गणपत राय भी थे, जिनका नाम बड़े गर्व से याद किया जाता है। उन्होंने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में आजादी के दीवानों के सेनापति के रूप में काम किया इथा और छोटानागपुर में अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। इस मौके पर भौरों मुखिया सुमंती उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्ण सिंह, परमानंद प्रजापति कल्याण पन्ना कृष्णा उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे ।

## विद्या मंदिर+2 विद्यालय लोहरदगा में वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह को याद किया गया` विद्यार्थियों को उनसे जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखायी गयी। इसके साथ ही उनकी जीवनी और उपलब्धियों पर भी जानकारी दी गयी। इसके लिए विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने छात्र छात्राओं को वीर कुंवर सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अपनी अंतिम लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों को बुरी तरह से परास्त करते हुए वीरगति प्राप्त कीं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में रश्मि साहू , चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत , नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटने से नौ लोग गंभीर, मची अफरा-तफरी

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के भक्सो नदी के समीप तेज रफ्तार ऑटो पलटने से 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ऑटो लोहरदगा मेरले से बाघा जा रही थी। इसी दौरान ऑटो पलट गई और पुल के नीचे पेड़ में फंस गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर थाना सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव, आरक्षी चालक निर्मल सिंह, समेत सशस्त्र बल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

## धमकुड़िया भवन कटईटोला में किया गया झंडाबदली कार्यक्रम का आयोजन



बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत कटईटोला धूमकुड़िया भवन मे गुरुवार को धर्म गुरु रामदेव उरांव के नेतृत्व मे झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।झंडा बदली कार्यक्रम के सम्बन्ध मे धर्म गुरु उरांव ने कहा की हम सब आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं। प्रकृतिक को स्वछ रखने के लिए जिस तरह पेंड़ पौधे प्रत्येक वर्ष पुराने पत्ते को छोड़कर नये पत्ते उगते हैं उसी के तर्ज पर प्रत्येक वर्ष पुराने झंडा हटाकर नये झंडा बदली कार्यक्रम किया जाता है।डाढा कटाईटोला के आदिवासी युवक युवती महिला पुरुष धुमकुड़िया भवन परिसर मे धूम-धाम के साथ ढोल मांदर के थाप पर प्रार्थना सभा का आयोजन करते हुए पारम्परिक गीत के साथ कार्यक्रम किया। कार्यक्रम मे सरना धर्मवालम्बी ने जय धर्मेश चाला मां से सांसर के मानव जाति जीव जंतु पेंड़ पौधे, जल जंगल जमीन सहित संपूर्ण प्रकृति को सदैव सच और स्वच्छ रखने की कामना किए। मौके पर रामेश्वर उरांव, रामकिशुन उरांव,चुरामन उरांव,रामे उरांव,धाना उरांव, कोशिका उराईन ,राजमनी उराईन ,जीतनी उराईन ,शांति उराईन ,एवं उपेंद्र उरांव झामो, शिला, मंत्री, सरिता, गेंदिया, माघे, यशोदा, रूनीय सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## दो बाइकों के टक्कर में चार लोग हुए घायल



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गया। बीडीओ,सीओ और स्थानीय लोगो का मदद से घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आ रहा दो बाइक की टक्कर में चार युवक घायल हो गया। सभी को हल्की चोटें आई है। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा व अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा स्थानीय लोगो के सहयोग इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज दिया गया। जहाँ डॉ दिव्या निशि द्वारा इलाज कर घायलों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घायलों का पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा निवासी जमरुद्दीन अन्सारी का 16 वर्षीय पुत्र सलमान अन्सारी तथा कुंदगड़ी निवासी बिरसा उराँव का 28 वर्षीय पुत्र शोमेशर उराँव तथा कल्हेपाट निवासी चन्द्र उराँव का 27 वर्षीय पुत्र संतोष उराँव व स्व बिरिया उराँव का 32 वर्षीय पुत्र तेतरू उराँव के रूप किया गया। जिसमें तीनो अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस लोहरदगा की ओर सेन्हा के तरफ आ रहे थे। वही सलमान अन्सारी अपनी बाइक सी टी 100 से लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान बाइक में टक्कर हो गया और सभी चारों घायल हो गये। वही इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने बताया कि सभी लोग खतरा से बाहर है।

# भंडरा में अलविदा नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



भंडरा/लोहरदगा। प्रखंड में अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में शुक्रवार को खासा उत्साह नजर आया। दोपहर को भंडरा के जामा मस्जि, कुम्हारिय, तेतारपोका, मसमानो,अम्बेरा सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ जुटी रही। इबादत कर नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भंडरा प्रभारी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमा की विशेष नमाज शुक्रवार को भंडरा जामा मस्जिद में हुई। धूप और गर्मी की फिक्र किये बिना छोटे बच्चे भी काफी संख्या में मस्जिद पहुंचे। अपनी तकरीर में समुचित क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआ की। कहा कि इंसानियत से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं आपस में भाईचारा की भावना से ही मुल्क की जनता हर तरह से सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बुरी सियासत से बचने की सीख दी। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जुमा की नमाज शांति चैन से सम्पन्न कराने को लेकर प्रत्येक मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# कोऑर्डिनेटर करता हैं मनमानी जल्द से जल्द दोषी पर कार्रवाई हो: कार्यरत शराब कर्मचारी

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। लातेहार शराब दुकान कर्मचारी यूनियन ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और उत्पाद अधीक्षक प्रदीप सिंहा को लिखित आवेदन देकर कार्यरत कर्मियों व इंचार्ज से 100000और सहायक से 50000 रुपये अवैध वसूली का आरोप जेटिएक्स के जिला कोऑर्डिनेटर चन्दन कुमार गुप्ता, कोऑर्डिनेटर के सहायक राकेश, दीपक कुमार और पूर्व कार्डिनेटर रंजीत कुमार पर लगाया है। इस सम्बंध में शराब दुकान में कार्यरत कर्मी कन्हाई प्रसाद, राहुल कुमार, बिनोद यादव,नागेंद्र प्रसाद, ओम प्रसाद गुप्ता, बिटू कुमार, आयुष कुमार, सत्येन्द्र कुमार समेत कई कर्मियों ने आरोप लगाया है कि हमें डरा धमका कर 100000रूपये और 50000रूपये की डिमांड ड्राफ्ट हम से मांग की जा रही है और जमा नहीं करने पर सेवा मुक्त करने की धमकी दी जा रही है। कर्मियों ने आरोप लगाया है कि पूर्व में भी मानव प्रदाता कंपनी प्राइम वन वर्क फोर्स कंपनी में इन लोगों की बहाली की बहाली हुई थी। सभी कर्मी से प्राइम वन कंपनी के तत्कालीन कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार पिता नरेश साव द्वारा 50000 नगद और कई कर्मियों से रंजीत के दुकान राजन प्लाईउड के अकाउंट में नगद भी अकाउंट में सिक्योरिटी मनी के नाम पर उगाही की गई थी। कर्मियों ने यह भी बताया कि पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार बिजोलिया गिरी वर्तमान कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार के साथ करके सांठगांठ है कर्मियों ने दोषी कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गुप्ता और पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार पर कार्रवाई की मांग की है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-01/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 15.05.2023 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 16.05.2023 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.05.2023 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–1, चतरा । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. जिला नियंत्रण कक्ष चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Press Club Building, Chatra. | 24,02,000.00 | 48100.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 2. | Construction of Volleyball Court & Badmintion Court, Vehiclw Shed, Chatra | 23,97,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Development of English Cemetery Park at Chatra. | 24,93,200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 295732 Building (23-24)_D

# बिजली बिल के भुगतान में ब्याज माफी का लाभ उठाएं : योगेंद्र सिंह


कनीय अभियंता से वार्ता करते 20 सूत्री अध्यक्ष।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह की ओर से विधानसभा में लगातार सवाल उठाने एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से पत्राचार के बाद बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल के भुगतान में ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के सहूलियत देते हुए बिजली बिल के ब्याज को पूर्णत माफ करने का निर्णय लिया गया है। बिल का भुगतान किस्तों में करने की भी उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने लोगों से अपील की कि वे लोग बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर इस योजना का लाभ उठाएं। इस मौके पर कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, विनय पासवान, पूर्व मुखिया लालमुनि आदि मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# सड़क ही विकास का पैमाना होती है: डॉ शशिभूषण मेहता

**कहा- पांकी विधानसभा में बिछाई जाएगी सड़कों का जाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड अंतर्गत पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ से निमाचक होते हुए पथरा यमुना सिंह के घर तक जिला योजना अनाबद्ध निधि से पीसीसी सड़क और सगालिम पंचायत के परसिया देवी मंडप से पिछुलिया नाला तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पूजा कर शिलान्यास किया।


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विकसित क्षेत्र का सड़के ही विकास का पैमाना होती है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में नाली, गली सुदृढ़ किए जाने की आश्वासन दिया। कहा कि विकास के मामले में पांकी विधानसभा पूरे झारखंड में अव्वल रहेगा। इस मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, यशवंत कुमार, विनोद चौहान, विनय चौहान, राकेश मेहता के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।












# पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पूर्व राज्यपाल सह औरंगाबाद के पूर्व सांसद निखिल कुमार का हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं और गणमान्य लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान हरिहरगंज के दर्जनों प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें विवादित मठ की जमीन मामले में कई निर्दोष लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसाकर परेशान करने की जानकारी दी और क्षेत्र के समस्याओं को बताया। विदित हो कि पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार औरंगाबाद के छतरपुर हरिहरगंज की सीमा पर स्थित हड़ियाही बटाने डैम का जायजा लेने जा रहे थे। इस दौरान पूर्व राज्यपाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामले पर गौर करने की बात कही। मौके पर कांग्रेस के कृष्ण कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अरविंद शर्मा, राकेश कुमार सिंह, राघो सिंह के अलावा महादेव यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा अरविंद पासवान, डॉ संजय पासवान, मुकेश मेहता, विनय जयसवाल, दिनेश मेहता, अशोक जायसवाल, निरंजन गुप्ता, छोटेलाल, अवधेश मेहता आदि मौजूद थे।


हरिहरगंज में माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर सम्मानित करते लोग।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी पूरी, आज निकलेगी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारी पूरी हो गई है। शनिवार को रेड़मा प्रदेश कार्यालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में जन्मोत्सव आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी, पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे, गढ़वा जिलाध्यक्ष हरिशंकर दूबे, प्रदेश संरक्षक संतोष शुक्ला ने दी। उन लोगों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा में भाग लेने के लिए कलाकारों की टीम डालटनगंज पहुंच चुकी है, जो अपने जीवंत झांकी से मनमोहक छवि प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने बताया कि शोभायात्रा के लिए पूरे शहर में कई जगहों पर होर्डिंग बैनर व तोरण द्वार लगाऐ गए हैं। शोभायात्रा के लिए प्रदेश कार्यालय को विशेष तौर से सजाया गया है, जहां भगवान परशुराम की भव्य पूजा की जाएगी। कहा कि युवा वाहिनी की ओर से प्रयास किया गया है कि आमंत्रण पत्र प्रत्येक विप्र बंधु तक पहुंच जाए। इसके लिए प्रमंडल के लगभग सभी गांव का भ्रमण किया गया है। कहा कि शोभायात्रा पलामू के इतिहास में ऐतिहासिक शोभायात्रा साबित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा विप्र बंधु के सामाजिक एकता की परिचायक बनेगी।











# बालू के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने की मांग करने पर थाना प्रभारी देते हैं फंसाने की धमकी : कांग्रेस नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड/पलामू।** ऊंटारी रोड़ प्रखंड अंतर्गत कोयल और बाकी नदी से प्रतिदिन रात में बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसके रोकथाम के लिए प्रखंड अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशासन को लिखित सूचना देने पर भी अभी तक बालू के अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए सार्थक पहल नहीं की गई है। कोयल नदी एवं बाकी नदी से हजारों ट्रक बालू राज्य के बाहर भेजा जा चुका है। बालू के अवैध उत्खनन से कोयल नदी एवं बाकी नदी के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। बालू के अवैध उत्खनन से सरकार को करोड़ों रुपया के राजस्व की क्षति हुई है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी ऊटारी रोड़ को सूचना देने पर भी बालू का अवैध उत्खनन रात में किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की मांग करने पर थाना प्रभारी क्रोधित हो जाते हैं। नेतागिरी करने का आरोप लगाकर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हैं। थाना प्रभारी के



इस रवैया से ग्रामीण जनता, जनप्रतिनिधि, यहां तक की कथित रूप से पत्रकार भी भयभीत हैं। 18 अप्रैल की रात पत्रकार द्वारा एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को रोका गया एवं थाना प्रभारी को मोबाईल फोन के माध्यम से सूचना दी गई, लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। थाना प्रभारी नहीं आए। उन्होंने अपना मोबाइल फो तक बंद कर दिया। पहले भी कई बार रात में अवैध उत्खनन कर रहे गाड़ी को रोककर सूचना दी गई पर थाना प्रभारी द्वारा गाड़ी को नहीं पकड़ा गया। उल्टे ग्रामीण जनता और पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। थाना प्रभारी ने धमकी दी कि झूठे केस में फंसा कर जिंदगी बर्बाद कर देंगे।



















**नयी पहल :** बीएसएल-टीसीआइएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# 5जी नेटवर्क स्थापित करने की पहल करने वाला बनेगा देश का पहला पीएसयू : बीके

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** स्टील प्लांट और इसके अधीनस्थ इकाइयां झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस, कोलियरी, सीसीएसओ, एसआरयू सहित गैर-संकार्य कार्य क्षेत्रों में 5जी/आइटी/दूरसंचार प्रौद्योगिकी और अन्य वायरलेस संचार तकनीकों के उपयोग के लिए शुक्रवार को सेल-बोकारो स्टील प्लांट और टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (सीटीआइएल) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बीएसएल की ओर से अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जहां गवाह के रूप में सीजीएम (मेंटेनेंस) शरद गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। वहीं, टीसीआइएल की ओर से ईडी (आईटी और टेलीकॉम) अलका



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते बीएसएल-टीसीआइएल के पदाधिकारी।

सेलोट अस्थाना ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और विटनेस के रूप में संजय कुमार, जीएम (डिजिटल परिवर्तन) ने हस्ताक्षर किए। बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने कहा कि समझौता ज्ञापन के परिणामस्वरूप सेल, टीसीआईएल की मदद से समर्पित 5जी नेटवर्क स्थापित करने की पहल करने वाला देश का पहला पीएसयू बन जाएगा। कहा कि यह समझौता ज्ञापन 5जी/आईटी/दूरसंचार प्रौद्योगिकियों का इस्पात निर्माण में संभावित अनुप्रयोगों और माइंस के विकास, स्मार्ट सिटी जैसे अन्य क्षेत्रों में नवीन समाधानों और नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि टीसीआईएल का इस क्षेत्र में समृद्ध अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ बोकारो स्टील प्लांट को मिलेगा और दोनों संगठन इस साझेदारी से लाभान्वित होंगे। वहीं, अल्का सेलोट अस्थाना, ईडी (आईटी और टेलीकॉम) ने विस्तार से बताया कि टीसीआईएल के पास सेल-बीएसएल के लिए 5जी/आईटी/टेलीकॉम प्रौद्योगिकियों की तैनाती, परीक्षण, कमीशनिंग और रखरखाव के लिए टर्नकी समाधान प्रदान करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता, अनुभव और संसाधन हैं। उन्होंने ग्रीन डेटा सेंटर, रीयल-टाइम डेटा विश्लेषण, प्रक्रिया में सुधार आदि के लिए मजबूत और विश्वसनीय नेटवर्क के लिए अंतर्दृष्टि साझा की और कहा कि सेल-बीएसएल के लिए हमारे पारस्परिक रूप से सहमत आईटी और टेलीकॉम समाधानों को ऊर्जा की बचत, उत्पादकता वृद्धि, डाउनटाउन में कमी, लागत में कमी जैसे मापनीय आउटपुट के संदर्भ में परिणाम प्रदान करना चाहिए। वहीं, सेल-बीएसएल की ओर से निधि (वरिष्ठ प्रबंधक, सी एंड ए विभाग) ने कार्यक्रम का संचालन किया और वाई एसएन रेड्डी (वरिष्ठ प्रबंधक, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम) ने एमओयू की पूरी प्रक्रिया के दौरान सेल-बीएसएल और टीसीआईएल की टीमों का समन्वय किया। इस मौके पर विजय कुमार जीएम (सी एंड ए), एस गंगोपाध्याय, जीएम (ईएल एंड टीसी), एनके बेहरा जीएम (ईडी वर्क्स ऑफिस), एके बरनवाल, जीएम (सी एंड ए), राजेश कुमार, डीजीएम (सी एंड ए), अनुश्री, डीजीएम (सी एंड ए), आरएल खेर, डीजीएम (सी एंड ए), आनंद राज, सीनियर मैनेजर (ईडी वर्क्स ऑफिस) और मनीष सिंह, सीनियर मैनेजर (ईडी वर्क्स ऑफिस) आदि उपस्थित थे।

# ओल्ड पेंशन लागू करने की मांग को लेकर इसीआरकेयू का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** एनपीएस समाप्त कर सभी को पुराने पेंशन का लाभ दिलाने के लिए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के तत्वाधान में प्रत्येक माह के 21 तारीख को राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन, धरना प्रदर्शन, जुलूस एवं रैलियों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को इसीआरकेयू धनबाद शाखा दो की ओर से एक ही मिशन पुरानी पेंशन नारा के साथ एनपीएस समाप्त कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर धनबाद पुराना स्टेशन स्थित पावर हाउस में गेट मीटिंग की गई। इसके बाद प्रदर्शन भी किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष एनके खवास और संचालन शाखा सचिव सोमेन दत्ता ने किया। मौके पर एनके खवास, सोमेन दत्ता के अलावे परमेश्वर कुमार, एस मंजेश्वर राव, एके दास, एके दा, टीके साहू, एसके खमार, प्रदिप्तो सिन्हा, इस्लाम अंसारी, सुदर्शन कुमार महतो और मोहम्मद जफर सिद्दीकी आदि शामिल थे।

# बोकारो में धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी-तोड़फोड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने और कार्रवाई करने की मांग

## डीसी ने मिला धनबाद भाजपा का प्रतिनिधिदल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद के भाजपा सांसद पशुपति नाथ सिंह के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और आरक्षी अधीक्षक चंदन झा से मिला। उनसे विगत दिनों बोकारो में धार्मिक स्थलों में हुई घटनाओं से संबंधित सांसद पीएन सिंह का पत्र सौंपा, जिसमें सांसद ने कहा कि विगत दिनों बोकारो के सेक्टर 04 सूर्य मंदिर, कसिया टांड़ मैदान, चंचली माता मंदिर माराफारी, ऋतुडीह शिव मंदिर में चोरी की लगातार घटनाएं हुई हैं। इसकी जानकारी होने के बाद वे खुद इन सभी स्थलों का दौरा किये। इन सभी धार्मिक स्थलों पर हो रही घटनाओं ने जनता में नाराजगी है।



कसिया टांड़ मैदान में घटित हुई घटना जिसमें भगवान शिव एवं भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित किया गया है, यहां अन्य जगहों पर हुई घटना से अलग दिखती है। बोकारो जैसे शांति पूर्ण शहर में इस तरह की लगातार हो रही घटना कई सवाल खड़े कर रहा है। बोकारो जिला प्रशासन को इसे चुनौती के रूप में लेकर, जल्द से जल्द संपूर्ण घटना को उजागर करने की अपेक्षा है। प्रतिनिधि मंडल में आरएन ओझा, कमलेश राय, सूर्य नाथ सिंह, अवधेश यादव , एके वर्मा, अर्चना सिंह, बैदनाथ प्रसाद, ऋतु रानी सिंह और आलोक वर्मा शामिल थे।

# अमिताभ ठाकुर करेंगे झारखंड में अधिकार सेना का विस्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अमिताभ ठाकुर शुक्रवार को बोकारो पहुंचे। सेक्टर 4 आवास संख्या चार डी 2181 में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने अपने नये राजनीतिक दल **अधिकार सेना** के विस्तार का एलान किया। उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमे में उन्हें आठ माह जेल में रहना पड़ा। वहां से बाहर निकलकर उन्होंने राजनीतिक दल का गठन किया है। जिसका नाम अधिकार सेना रखा। उनके दल का मुख्य उद्देश्य अन्याय, अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना है। उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश के बाद झारखंड में भी विस्तार करेगी। बोकारो से उनकी पढ़ाई हुई है। नगर निगम चुनाव, लोकसभा व विधानसभा में सभी सीटों पर उनके उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके बाद झारखंड में भी जिला स्तर से गांव-गावं तक संगठन का विस्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार में भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था की खराब स्थिति अहम मुद्दा है। इसको लेकर उनकी पार्टी संघर्ष करेगी। यह भी कहा कि जहां तक केंद्र का सवाल है तो मोदी सरकार का जन विरोधी रवैया पूरा देश देख रहा है। आयकर, सीबीआइ व ईडी उत्तर प्रदेश में कार्रवाई नहीं करती है, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान आदि राज्यों में एजेसिंयों का मुख्यालय हो गया है। इन सब बातों को लेकर जनता के बीच जायेंगें। इस दौरान चीराचास निवासी कविता सिंह को चास नगर निगम क्षेत्र से मेयर पद पर चुनाव लड़ाने की घोषणा की। कविता सिंह ने भी दायित्व को स्वीकारते हुए जनता के हित में काम करने का भरोसा दिया। इस मौके पर डॉ नूतन ठाकुर, कविता सिंह, रेखा सिंह, सुधा सिंह, राजेश कुमार सिंह, स्वामी सत्य कृष्ण महाराज, सुमित राठौर, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, संजय राय, सनी यादव, स्वराज सोनी, वीरू थापा, शिवम मिश्रा, राजीव नयन सिंह, विनोद सिंह आदि उपस्थित थे।

# धनसार के चांदमारी हल्दी पट्टी में वर्चस्व को लेकर कोयला चोरों के दो गुटों में मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** चांदमारी हल्दीपट्टी में गुरुवार की रात बाइकर्स कोयला चोरों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। कथित तौर पर इस दौरान एक कोयला चोर द्वारा गोली चलाने की भी चर्चा है। उधर, मारपीट की सूचना पाकर धनसार पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तबतक सभी कोयला चोर भाग चुके थे। हालांकि धनसार पुलिस ने गोली चलने व मारपीट की घटना से इनकार किया है। बताया जा रहा कि इन दिनों बस्ताकोला कोल डंप से दर्जनों लोग बाइक से कोयला निकालते है। गुरुवार की रात भी कोयला चोर बाइक से कोयला निकाल रहे थे। तभी हल्दीपट्टी में चोरी का कोयला एक जगह पर रखने को लेकर दो कोयला चोरों के बीच मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों के अन्य साथी भी वहां पहुंच गए। इसके बाद दोनों ओर से गुटीय मारपीट होने लगी। धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने गोली चलने व मारपीट की घटना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि किसी शरारती तत्वों ने मारपीट और गोली चलने की अफवाह फैलायी है।

# इलाज के दौरान पूर्व पार्षद आइसा की मौत, परिजनों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** बैंक मोड़ मटकुरिया रोड स्थित ट्रैंक्विल नर्सिंग होम में इलाजरत झरिया के वार्ड नंबर 43 की पूर्व पार्षद आइसा खातून की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। जिसके बाद उनके परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में



लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मृतका की बेटी ने बताया कि उसकी मां को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। गुरुवार की शाम ट्रैंक्विल नर्सिंग होम में उन्हें भर्ती कराया गया। लेकिन पूरी रात किसी भी बड़े डॉक्टर ने उनकी मां की जांच नहीं की। शुक्रवार की सुबह जब मां की स्थिति ज्यादा खराब हो गई तो डॉक्टरों द्वारा दूसरे अस्पताल में रेफेर करने की बात कही गई। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी और मां ने अपने प्राण त्याग दिए।

## मिट्ठू सिंह अध्यक्ष व लक्ष्मण महतो बने सचिव

**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** सिजुआ स्थित बीसीसीएल कतरास क्लब में शुक्रवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4) का द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें शामिल हुए बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो का कर्मियों ने जोरदार स्वागत किया। उनकी देख रेख में बीसीसीएल कर्मियों द्वारा सर्वसम्मति से यूनियन में प्रतिनिधियों का चयन किया। जिसमें मिट्ठू सिंह को अध्यक्ष, कुंवर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, लक्ष्मण महतो सचिव, उपाध्यक्ष में रामप्रवेश पासवान को मनोज कुमार मिश्रा, विवेक हजारी, विनोद कुमार साहू, श्रीकांत सिंह, बासुदेव नोनिया, बाल्मीकि यादव, सह सचिव में जितेंद्र चौहान, प्रदीप पासवान, अब्दुल साजिद, सुरेंद्र कुमार राणा, विपिन कुमार राय और कोषाध्यक्ष पद के अवधेश राय रवि और शंकर पासवान को मनोनीत किया गया।

पुराने कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के लिए लगातार नौवें दिन दिया धरना

# कांग्रेस कार्यालय खुलने तक जारी रहेगा आंदोलनः संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद राजेंद्र पथ स्थित पुराने कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर कांग्रेसियों का अनवरत धरना नौवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। 9वें दिन का धरना भूली नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोशन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव रविंद्र वर्मा, प्रदेश सचिव बैभव सिन्हा आदि उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुराने कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर प्रतिदिन जिला के सभी प्रखंड/नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रतिदिन क्रमवार तरीके से कार्यालय गेट के सामने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जा रहा है। इसके माध्यम से कांग्रेस कार्यालय नहीं खुलने तक जिला के तमाम कांग्रेसी बारी-बारी से निरंतर धरना पर बैठेंगें।




## तत्कालिन भाजपा सरकार ने साजिश के तहत बंद कराया था कार्यालयः ब्रजेंद्र प्रासद सिंह

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड की पूर्व भाजपा सरकार ने एक साजिश रके तहत 11 वर्ष पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए हमारे धरोहर और संगठन के मंदिर को बंद करा दिया गया था। वहींस प्रदेश सचिव बैभव सिन्हा ने कहा कि कांग्रेसियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए झारखंड सरकार के साथ कैबिनेट में कांग्रेस के मंत्रियों को इस विषय पर गंभीरता दिखाते हुए अविलंब प्रस्ताव पास करा कर कार्यालय को खोलने का आदेश निर्गत करना चाहिए। वहीं, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि भाजपा द्वारा की गई साजिश के तहत 11 वर्ष पूर्व कांग्रेस कार्यालय को बंद कराया गया था। इस मौके पर प्रदेश महासचिव रविंद्र वर्मा, रविरंजन सिंह, मनोज यादव, ललन चौबे, दिनेश सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्षा सीता राणा, पप्पू तिवारी, सतपाल सिंह ब्रोका, गंगा वाल्मीकि, कामता पासवान, अजय पासवान, अनुज चौहान, अरुण दास, अक्षय कुमार, अरुण मंडल, विशाल महतो, अजय चौधरी, गुड़िया देवी, प्रमोद पासवान, सुनील पासवान, नंदकिशोर प्रसाद, गीता सिंह, रवि यादव, सुनीता देवी, रिंकू देवी, मुस्कान कुमारी आदि उपस्थित थे।

# भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनायें ईद पर्वः पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट ओपी प्रांगण में शुक्रवार को ओपी प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में ईद पर्व के शांतिपूर्व आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जन प्रतिनिधियों के अलावा हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए। सभी ने मिल कर हर्षोल्लास के साथ ईद मनाने का निर्णय लिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में ईद को लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई है। सभी ने एक स्वर में बताया कि आज तक इस क्षेत्र मे कभी भी किसी प्रकार का माहौल खराब नहीं हुआ है। भविष्य में उम्मीद है कि किसी प्रकार का वाद विवाद नहीं होगा। वहीं, पुलिस की ओर से भी पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही अफवाह फैलाकर महौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी निगरानी रखने और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर एसआई अनिल टुड्डू, प्रशांत कुमार, बबन कुमार, मुखिया संतोष श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, अरविंद मुर्मू, जगदीश सिंह, रिजवान अंसारी, अजित पांडेय, वारिस आलम, लालबहादुर शर्मा, सोहन गंझू, अयूब अंसारी आदि थे।

# हुआ चांद का दीदार, ईद आज




**अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज**
**देश की तरक्की व अमन चैन के लिए उठे हजारों हाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पवित्र रमजान महीने का आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को अदा की गई। शाम में ईद के चांद का दीदार हुआ। देश भर में हर्षोल्लास के साथ शनिवार को ईद मनाई जाएगी। अलविदा जुमे की नमाज अदा करने को लेकर धनबाद जिले की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मस्जिद में नमाज से पहले तकरीर की गई। फिर खुतबे के बाद अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के बाद पूरे महीने की लोगों द्वारा की गई इबादतों की मकबूलियत के लिए विशेष तौर से दुआ मांगी गई। साथ ही देश में अमन-चैन की भी दुआ मांगी गई। कमोवेश जिले के धनबाद, झरिया, कतरास, बाघमारा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, राजगंज, तोपचांची, निरसा, मैथन, चिरकुंडा, बलियापुर, महुदा, पुटकी और सिंदरी की मस्जिदों में यही नजारा दिखा। दूसरी ओर, अलविदाओ अलविदाओ या शाहरा रमजान, ये खुतबा जुमा नमाज से पहले लोयाबाद सात नंबर मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल खालिक कादरी की ओर से नम आंखों से पढ़ी गई। इमाम के खुतबे से रमजान के जुदा होने का एहसास सबको हो रहा था। उन्होंने खुतबा से पहले तकरीर करते हुए कहा कि यह पाक महीना हमसे जुदा हो रहा है। अगले साल यह महीना हमे शायद नसीब न हो, इसका भी अफसोस होगा। लोयाबाद जामा मस्जिद, लोयाबाद सात नंबर, लोयाबाद छह नंबर, कोक प्लांट, लोयाबाद पावर हाउस, निचितपूर, मस्जिदों में रमजान के अलविदा जुमा (आखरी जुमा) की नमाज अदा की गई। 16 मुस्लिम पंचायत के निगरा मुस्लिम कमेटी इलाका लोयाबाद के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद और महासचिव असलम मंसूरी ने सभी को ईद की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं देते हुए पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।

## बादलों की ओट से हुआ चांद का दीदार

ईद-उल-फितर का त्योहार रमजान महीने में रखे गए रोजे और की गयी इबादतों के इनाम के तौर पर अल्लाह पाक अपने बंदों को ईद-उल-फितर के रूप में देता है। पिछले दिनों चली भीषण लू के बाद शुक्रवार की सुबह से ही आसमान पर बादलों का आना जाना लगा रहा। जिस कारण पूरे दिन तापमान में कमी रही। वहीं देर शाम बादलों की ओट से ईद के चांद का दीदार होते ही रोजेदारों के चेहरे खिल गए। बच्चे ईद की खुशियों में सराबोर हो गए। इफ्तार के बाद मुस्लिम मुहल्लों में सभी लोग अपने-अपने छत से चांद का दीदार किये और दुआ की। वहीं जिनकी ईद की तैयारी पूरी नहीं हुई थी वे सभी बाजार की ओर कूच कर गए। बाजार में देर रात तक खरीदारों की भीड़ जुटी रही।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय भारतीय पारंपरिक खेल महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और क्रीड़ा भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय भारतीय पारंपरिक खेल महोत्सव 21 अप्रैल, 2023 को शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र विश्वविद्यालय के मुख्य खेल परिसर में आयोजित किया गया था। माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। यह पहली बार है, जब विश्वविद्यालय इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपती प्रो पी वी कृष्णा भट्ट विशिष्ट अतिथि थे।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कुलपति के उद्घाटन भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और पारंपरिक खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को सभी प्रकार के खेलों और योग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिन पारंपरिक खेलों का इन दिनों नयी पीढ़ी पालन नहीं कर रही है, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार मुख्य अतिथि थे और उन्होंने भगवद गीता के श्लोकों को उद्धृत करते हुए अपना संबोधन दिया और कहा कि जिसने लंबे समय तक योग के अभ्यास के माध्यम से मन की पवित्रता प्राप्त की है, उसने सही समय पर अपने दिल से ऐसा ज्ञान प्राप्त किया है। उन्होंने हमारे वेदों और उपनिषदों के साथ-साथ रामायण, महाभारत और नाट्यशास्त्र में भी खेल और योग के महत्व का उल्लेख किया। योग हमारे शरीर के साथ-साथ मन को भी मजबूत करता है। हमें अपने व्यक्तिगत विकास को प्राप्त करने के लिए हमेशा खेलों में संलग्न होना चाहिए। उन्होंने बच्चों को दिन में कम से कम 30 मिनट योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से योग का अभ्यास करने के लिए भारत के लोगों के लिए खेल राजदूत बनने का आग्रह किया। उन्होंने भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न खेल योजनाओं के बारे में बात की।

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय कि पीवी कृष्ण भट्ट, कुलाधिपति, ने पीढ़ियों से हमारी संस्कृति में खेल और खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल पढ़ाई के बजाय शरीर और मन के समग्र विकास के लिए खेलों पर ध्यान दें।

क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय महासचिव राज चौधरी ने हमारी संस्कृति में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। भगवान कृष्ण ने भी बहुत सारे खेल खेले। उन्होंने 'साबों का झूला' का उल्लेख किया और छात्रों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता और प्रख्यात ओलंपियन गोपाल सैनी भी मंच पर मौजूद थे।

इस अवसर पर योग, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो, मलखंब और रोपा मलखंब (ओडिशा से), गतका, कलारीपयट्ट, थांग-ता (असम), आत्या पाटिया, गिल्ली डंडा और सूर्य नमस्कार सहित भारत के विभिन्न पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया गया।

दूसरे सत्र में दो खेल आयोजनों - ओडिशा में रस्सी और पोल मलखंब और पश्चिम बंगाल के भारतीय युवा कौशल का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के पारंपरिक खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करना था, जिन्होंने आधुनिक समय में लोकप्रियता खो दी है, और उन्हें गुमनामी से बचाना था।

भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास हमेशा खेल और खेल में गहराई से अंतर्निहित रहा है। खो खो, पलांगुजी, लिप्पा, कबड्डी और गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक खेलों को आज के युवा भूल गये हैं, क्योंकि वे वीडियो गेम खेलने में इतने तल्लीन हैं। शारीरिक व्यायाम में कमी के कारण बच्चों में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए, पारंपरिक खेलों को वापस लाने से युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य पर कई लाभकारी प्रभाव होंगे। इस आयोजन के लिए, भारत के विभिन्न हिस्सों से आठ खिलाड़ियों की एक टीम ने विश्वविद्यालय में विभिन्न पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया। ओडिशा से पांच, पश्चिम बंगाल से दो और असम से एक खेल टीम ने भाग लिया।

इस अवसर पर स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जतिन एच सोनी, क्रीड़ा भारती के संयुक्त सचिव मधुमय नाथ, दामोदर प्रधान, भूदान आंदोलन के प्रख्यात कार्यकर्ता कृष्ण सिंह भी उपस्थित थे। अकादमिक और प्रशासन सलाहकार, विश्वविद्यालय, प्रोफेसर सुधेंदु मंडल, महाप्रबंधक एनएडी, कोबरा बटालियन, कोरापुट के प्रमुख भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के डीन प्रो धन्यवाद ज्ञापन पांडा ने किया। डॉ काकोली बनर्जी, प्रोफेसर, बीसीएनआर, विश्वविद्यालय ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, खिलाड़ी, संकाय सदस्य, संकाय सदस्य, शोधकर्ता और विश्वविद्यालय के छात्र भी शामिल हुए।

## किट में सी-20 की आज से होगी शुरुआत 400 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** किट डीयू 22 और 23 अप्रैल को जी-20 ढांचे के तहत सिविल 20 (सी-20) की मेजबानी कर रहा है। भारत और विदेश से 400 से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। सी-20 जी-20 का आधिकारिक एंगेजमेंट ग्रुप है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक सामाजिक संगठनों और गैर-लाभकारी संस्थाओं सहित नागरिक समाज के विचारों को जी-20 चर्चाओं में मुख्यधारा में शामिल किया जाए और जी-20 नेताओं की घोषणा को नीतियों और निष्ठा के रूप में अनुवादित किया जाये। सी-20 विभिन्न कार्यकारी समूहों में आयोजित कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को संबोधित करेगा। इन कार्यकारी समूहों में से एक, जिसे समन्वय के लिए किट को सौंपा गया है, लिंग समानता और भीन्नता (जीइडी) पर केंद्रित है। जी-20 की इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम है, जो एक प्राचीन संस्कृत वाक्यांश है जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। प्रतिभागियों में जीइडी डब्ल्यूजी सलाहकार बोर्ड के सदस्य, स्थानीय संगठनों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन, सरकारी प्रतिनिधि, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, दूसरी समूहों के सदस्य, अन्य कार्यकारी समूहों के सदस्य, जीइडी डब्ल्यूजी के टीम सदस्य और अतिरिक्त पर्यवेक्षकों के शामिल होने की उम्मीद है। घटना की जानकारी किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने दी।
















# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विशिष्ट जननेता त्रिलोचन कानूनगो के निधन पर शोक जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विशिष्ट जननेता पूर्व सांसद, पूर्व विधायक त्रिलोचन कानूनगो के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने शोक संदेश में स्वर्गत कानूनगो को विशिष्ट सांसद, अर्थबिसारद और सामाजिक कार्यकर्ता बताया। वे आम लोगों के मित्र थे और जीवन भर समाज सेवा के लिए समर्पित रहे।



सांसद, विधायक, द्वितीय राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष और कटक नगरपालिका के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गत कानूनगो को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए हमेशा याद किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि स्वर्गत कानूनगो का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय मयार्दा के अनुसार किया जायेगा। जगतसिंहपुर के पूर्वतन सांसद त्रिलोचन कानूनगो का शुक्रवार को सुबह निधन हो गया। सूचना मुताबिक भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। असुस्था के कारण वह 30 तारीख से अस्पताल में एडमिट हुए थे। शुक्रवार को सुबह 7 बजे उनका निधन हो गया। जगतसिंहपुर के पूर्वतन सांसद का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अपने राजनीतिक जीवन में वे तीन बार विधायक और एक बार सांसद चुने गये थे।

# हिंदुस्थान इंटरनेशनल भुवनेश्वर में कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय नयी दिल्ली के निर्देशानुसार ओड़िशा द्वारा गुरुवार को होटल हिंदुस्थान इंटरनेशनल भुवनेश्वर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बी प्रेम सिंह महाप्रबंधक ओड़िशा द्वारा की गयी। कार्यशाला में ओड़िशा के अलग अलग भागो से आये फोर्टीफाइड चावल निर्माता एवं राइस मिलर्स ने भाग लिया। कार्यशाला में मोना जेठवा, यूएन डब्ल्यूएफपी, डॉ पोमा टुडू आइएएस आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं पुनीत कुमार क्यूसीसी भुवनेश्वर ने राइस मिलरो को संबोधित किया। कार्यशाला में उत्तम गुणवत्ता वाले फोर्टीफाइड चावल के उत्पादन एवं वितरण पर जोर दिया गया। कार्यशाला में राज्य सरकार के पदाधिकारी एवं भा.खा.नि. ओड़िशा क्षेत्र के विभिन्न भागों से आये हुए पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला के अंतिम चरण में एसके दास उप महा प्रबंधक द्वारा समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया।


















# अतीक की मौत का बदला लेना चाहता है अलकायदा

## ईद के मौके पर भारत को धमकाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आतंकी संगठन अल-कायदा ने माफिया से नेता बने अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में भारत को धमकी दी है। भारत के खिलाफ सात पन्नों की एक मैगजीन जारी कर अल-कायदा ने अतीक हत्याकांड का बदला लेने की बात कही है। ईद के मौके अल-कायद ने एक बार फिर भारत को धमकाने की कोशिश की है। इस बार अल-कायदा ने अतीक हत्याकांड के मद्देनजर भारत को धमकाया है।

**अतीक के समर्थन में लगे नारे :** पटना में शुक्रवार को अतीक के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। पटना रेलवे जंक्शन के पास स्थित जामा मस्जिद के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अतीक और अशरफ के पक्ष में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अतीक और अशरफ को शहीद बताया वहीं योगी-मोदी मुदार्बाद के नारे भी लगाए। ईद को ध्यान में रखते हुई पटना में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

**प्रयागराज में भी बढ़ायी गयी सुरक्षा :** भारी पुलिस फोर्स का प्रयागराज में जमावड़ा है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद हैं। ऐसा लग रहा है कि कोई बड़ा सरेंडर करने वाला है या पुलिस किसी को पेश करने वाली है। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद पुलिस के निशाने पर बमवाज गुड्डू मुस्लिम और शाइस्ता परवीन हैं। दोनों की तलाश में कई पुलिस टीमें लगी हैं। प्रयागराज के साथ ही पड़ोसी जिलों कौशांबी में भी शाइस्ता परवीन की तलाश हो रही है। बेटे के एनकाउंटर में मौत और उसके बाद पति और देवर अशरफ की हत्या के बाद भी शाइस्ता परवीन कहीं नहीं दिखाई दी हैं।

15 अप्रैल की रात को प्रयागराज में मेडिकल जांच के दौरान तीन बदमाशों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर। मीडिया के कैमरों के सामने अरुण, सनी और लवलेश नामक युवकों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर खलबली मचा दी। अतीक जब अस्पताल के सामने पत्रकारों से बात कर रही थीं, तब अशरफ के आखिरी शब्द गुड्डू मुस्लिम के बारे में थे। वह कह रहा था, 'असल बात गुड्डू मुस्लिम है...' उसके बाद उन्हें वाक्य पूरा करने का मौका ही नहीं मिला। अब गुड्डू की तलाश पुलिस को है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुड्डू कहीं छिपा हुआ है, उसकी तलाश की जा रही है।

## वकील से बातचीत में खुलासा

# शाइस्ता चाह कर भी नहीं कर सकती सरेंडर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** बेटे के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद भी शाइस्ता सामने नहीं आई। इसके बाद शौहर और देवर की हत्या के बाद आखिरी बार चेहरा भी देखने नहीं पहुंची। अब तक जानकारी मिल रही थी कि अतीक का करीबी गुड्डू मुस्लिम शाइस्ता को बचाने में जुटा है।

प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के कोर्ट में सरेंडर करने की खबरों पर उनके वकील विजय मिश्रा ने विराम लगा दिया है। अभी तक ऐसा माना जा रहा था कि शाइस्ता और बमबाज गुड्डू मुस्लिम जल्द सरेंडर कर सकते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश पुलिस शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम की जोरों से तलाश में जुटी है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के वकील विजय मिश्रा ने कहा है कि शाइस्ता परवीन ने ऐसा कोई समर्पण आवेदन जमा नहीं किया है। ये सिर्फ अफवाहें हैं कि शाइस्ता परवीन सीजेएम कोर्ट में सरेंडर करेंगी। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम को 13 अप्रैल को यूपी एसटीएफ ने झांसी में मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद 15 अप्रैल को प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर माफिया अतीक और अशरफ को तीन हमलावरों ने गोलियों से भून डाला था।

बेटे के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद भी शाइस्ता सामने नहीं आई। इसके बाद शौहर और देवर की हत्या के बाद आखिरी बार चेहरा भी देखने नहीं पहुंची। अब जानकारी मिल रही है कि अतीक का करीबी गुड्डू मुस्लिम शाइस्ता को बचाने में जुटा है। हालांकि इन बातों में कितनी सच्चाई है वह गुड्डू मुस्लिम या शाइस्ता के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

अभी तक दोनों पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम दिल्ली या गुजरात में सरेंडर कर सकते हैं। वहीं, सरेंडर की चचाओं के बीच यूपी एसटीएफ की टीम भी अलर्ट हो गई है। दिल्ली और गुजरात के लिए टीम भेज दी गई हैं। ताकि सरेंडर करने के बाद दोनों को प्रयागराज लाया जा सके।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुड्डू मुस्लिम और अतीक की पत्नी शाइस्ता साथ में हैं। अब दोनों के आत्मसमर्पण करने की चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि बमबाज गुड्डू मुस्लिम पर यूपी पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया हुआ है, जबकि शाइस्ता परवीन पर 50 हजार का इनाम है। शाइस्ता परवीन को उमेश पाल हत्याकांड की साजिशकर्ता बताया गया है।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र ने कड़ी निगरानी रखने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में कोविड के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों से कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। केंद्र ने इन राज्यों को कोरोना संक्रमण के किसी भी उभरते प्रसार को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई को लेकर तैयार रहने को कहा है।

**केंद्र ने इन राज्यों को दी चेतावनी :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शुक्रवार को कहा कि देश में अभी भी कोविड-19 खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली को किसी भी स्तर पर ढिलाई के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सतर्कता, कोरोना महामारी से लड़ने में अहम भूमिका निभा सकती है।देश में कोरोना मामलों में हो रही वृद्धि बता दें कि देश में मार्च के बाद से कोविड-19 मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। बीते दिन 20 अप्रैल को 10,262 कोरोना के नए मामले दर्ज किए गए थे। इसके साथ ही, देश भर में संक्रमण दर में भी वृद्धि देखी गयी है।

---

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,पलामू।

(जिला विकास शाखा)

Ph. No.- 06562-224021 E-mail-ddc-pal@nic.in

### अति अल्पकालीन–निविदा

DMFT Cell पलामू में कर्मियों एवं आगंतुक अतिथियों के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्रियाँ निविदा के माध्यम से क्रय की जानी है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से मुहरबन्द निविदा दिनांक 04.05.23 के अपराह्न 01:00 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छूक आपूर्तिकर्त्ताओं को दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड दिनांक 04.05.23 के अपराह्न 01:00 PM बजे तक जिला विकास शाखा, समाहरणालय, ब्लॉक–सी0 पलामू में समर्पित करना होगा। फर्मो से प्राप्त निविदा को दिनांक–.04.05.23 को अपराहन–03:00 PM बजे समाहरणालय पलामू (Block-A) के सभाकक्ष में निविदा –सह– क्रय समिति के समक्ष खोला जायगा।

निविदा से सम्बन्धित शर्तो, विस्तृत जानकारी तथा सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर अथवा जिला विकास शाखा, पलामू से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 295707 District(23-24)D

---

## JHRKHAND STATE BEVERAGES CORPORATION LTD. RANCHI

(A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)

Corporate Identification No :-U51228JH2010SGC014519, TIN No – 20520108277

E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com Utpad Bhawan, Ground Floor, Near New Police Station, Kanke Road, Ranchi - 834008

### E-Tender Notice No :- JSBCL/09Date- 21-04-2023 VERY SHORT NOTICE INVITING E-TENDER

### E-TENDER FOR EMPANELMENT OF PLACEMENT AGENCY

E- Tenders are invited for empanelment of placement agency for supply of manpower for retail vending shops of JSBCL in the designated two (02) zones within the state of Jharkhand through e-tender process. Detailed tender document is available at https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in Interested companies/firms/parties may visit the website for more details.

**Important dates**

| S.N. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Uploading of tender document on website. | 22/04/2023 | |
| 2 | Starting Date for submission of E-Tender | 23/04/2023 | |
| 3 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 28/04/2023 | 04:00 P.M. |
| 4 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 28/04/2023 | 06:00 P.M. |
| 5 | Online opening of Technical Bid. | 29/04/2023 | 11:00 A.M. |

**Note :-**
1) For details of tender terms & conditions please visit website https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in from the dates mentioned above.
2) Bidders has to submit their bids online through https://jharkhandtenders.gov.in and physical copy of the same is to be submitted in JSBCL (HQ) at Ranchi.

Sd/-
Managing Director,
Jharkhand State Beverages Corporation Ltd. Jharkhand, Ranchi

PR 295650 Excise(23-24)D

---

## समाहरणालय हजारीबाग

(समाज कल्याण शाखा)

### -: प्रेस विज्ञप्ति :-

निदेशक–सह–सदस्य सचिव, (झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था), महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 244 / नियु0 / राज्य / झा.रा.बा.सं.स. / 2020–21 / 363, रॉची, दिनांक– 24.06.2022 द्वारा अधिसूचना संख्या– 3355 दिनांक– 09.08.2017 तथा विभागीय नियुक्ति नियमावली अधिसूचना संख्या–05 / म0व0 / ICPS- नियो. नियमावली–575 / 2015–1835 के आलोक में केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएँ योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण संस्था एवं किशोर न्याय बोर्ड, हजारीबाग में रिक्त पदों के विरुद्ध जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन कर योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय पत्रों में निहित दिशा–निर्देश एवं प्रकाशित विज्ञापन / सूचना की शर्तो के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की गई है। जिला स्तरीय नियुक्ति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उक्त पदों के लिए तैयार की गई प्रारम्भिक मेधा सूची को हजारीबाग जिला के वेवसाईट www.hazairbag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

वेबसाईट पर प्रकाशित प्रारम्भिक मेधा सूची में किसी अभ्यर्थी को यदि कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति आवश्यक दस्तावेज के साथ जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग में निबंधित डाक अथवा ई–मेल आई0डी0 awc15.monitoring@gmail.com के माध्यम से दिनांक– 29.04.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक उपलब्ध करा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0 / –
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 295735 Social Welfare,Women and Child Development (23-24)_D

---

## झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय

बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची

### ई0-निविदा सूचना

1. कारा का नाम :– बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची।
2. विषय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलु, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा अवधि दिनांक–01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्यः–(Non Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है :–
   (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रू0 10.00 लाख से 50 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँचहजार रूपये) मात्र।
   (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. **Website** पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–11-05-2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 17-05-2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. **Online** निविदा जमा करने की तिथि–11-05-2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 17-05-2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) (प्रत्येक सामग्रियों का कम से कम 500 ग्राम) दिनांक–18-05-2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यवधि में कारा कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि / समय / स्थान–**20-05-2023** को पूर्वाह्न **11:00** बजे, अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची के कार्यालय में, अपर समाहर्ता (विधि–व्यवस्था) की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website-jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त / स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉची

PR 295688 Prison (23-24)_D

---

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/BCHZB/GIRIDIH/03/2023-24** दिनांकः– **20.04.2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BARA BERGI (NARAYANPUR), BLOCK- DUMRI, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT RATABAHIYAR , BLOCK-GANDEY, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KAHUWAI, BLOCK-GANWA, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 4 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT SAHARPURA, BLOCK-JAMUA, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 5 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT MAHESHLITY, BLOCK-PIRTAND, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 6 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT RAJO, BLOCK- PIRTAND, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 7 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARKHANGO, BLOCK-RAJDHANWAR, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 8 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT GUMNGI, BLOCK- TISRI, DIST-GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **28.04.2023** | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **06-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **08-05.2023** को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **08-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **7991163104/8987663716** | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **06546-222640** | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

***note:** UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.295693 Building(23-24):D

---

## झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
## ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–05 / 2022–23 (4[th] Call) तिथि :– 21.04.2023

**P.R. No. 276739, 286608 & 293740 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 02.05.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 03.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 04.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer ( Make:Kirlosker/ABB/Crompton Greaves/Synergy ) with all required accessories for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub -Station (Old) Rukka under D.W . & S. Mechanical Urban Division, Ranchi. | 82,04,082.00 | 1,64,100.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | Four months |

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तो की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 295664 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल,सिमडेगा

**Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com**

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 / 2023–24

ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से जिला योजना अनावद्ध मद (Untied Fund) से स्वीकृत निम्न वर्णित कार्यो के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तो के साथ अंकित की जायेगी।

1. विभाग का नाम :–ग्रामीण विकास विभाग, (ग्रामीण कार्य मामले) राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–27.04.2023 से 03.05.2023 तक (कार्यालय अवधि में अपराहन् 1:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किया जायेगा।)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–04.05.2023 (3:00 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–04.05.2023 (अपराह्न 3:30 बजे )
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
8. कार्य विवरणी :–

| क्रमांक | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुरडेग के ग्राम बैघमा में गोरोटो के पास चबूतरा एवं शेड निर्माण। | 486476.68 | 9730.00 | 750.00 | तीन माह |
| 2 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत ढांवठादामर से डुमरटोली पथ में पुलिया निर्माण। | 407505.71 | 8200.00 | 750.00 | तीन माह |
| 3 | केरसई प्रखण्ड अन्तर्गत किनकेल पंचायत के पहाड़कोना से अम्बाकोना तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2070303.49 | 41450.00 | 5000.00 | चार माह |
| 4 | बानो प्रखण्ड अन्तर्गत उरमु किसानटोली विजय भुईयां के घर के पास पुलिया निर्माण। | 1645545.95 | 32950.00 | 5000.00 | चार माह |
| 5 | बानो प्रखण्ड अन्तर्गत चाटुओड़ा शिवचरण सिंह के खेत में 400 फीट गार्डवाल निर्माण। | 2487435.66 | 49750.00 | 5000.00 | चार माह |
| 6 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत सोगड़ा टांगरटोली में पुलिया निर्माण। | 393176.89 | 7900.00 | 750.00 | तीन माह |
| 7 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत सड़कटोली से टेटराटोली पथ में पुलिया निर्माण। | 407505.71 | 8200.00 | 750.00 | तीन माह |
| 8 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत छाताकाहु ग्राम में श्री पास्कल तिग्गा के घर से पुल तक नाली निर्माण। | 374650.23 | 7550.00 | 750.00 | तीन माह |
| 9 | बोलबा प्रखण्ड अन्तर्गत पिडियापोंछ पंचायत के सरईजोर से गंझूटोली पथ पर पुलिया निर्माण। | 1633289.50 | 32700.00 | 5000.00 | चार माह |
| 10 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत बसतपुर खुँटीटोली पथ में पुलिया निर्माण। | 1170797.54 | 23450.00 | 2500.00 | चार माह |
| 11 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत बनगाँव के सरना एवं छप्परटांड़ के पास पुलिया निर्माण। | 1519605.49 | 30400.00 | 5000.00 | चार माह |
| 12 | बानो प्रखण्ड अन्तर्गत सेतासोया गंझूटोली पथ पर करम गढ़ा में पुलिया निर्माण। | 1478308.13 | 29600.00 | 2500.00 | चार माह |
| 13 | केरसई प्रखण्ड अन्तर्गत किनकेल पंचायत के गांगिमुण्डा से डोमराबांध तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2358949.36 | 47200.00 | 5000.00 | चार माह |
| 14 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुरडेग के बरटोली गाँव में अखाड़ा से प्रविन कुजूर के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1877280.86 | 37550.00 | 5000.00 | चार माह |
| 15 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत बनगाँव के अवराजोर स्कूल एवं लोहराटोली के पास पुलिया निर्माण। | 1513363.20 | 30300.00 | 5000.00 | चार माह |
| 16 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत गुड़गुड़टोली में पुलिया निर्माण। | 1207223.09 | 24150.00 | 2500.00 | चार माह |
| 17 | बानो प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिमहातु मुख्यालय से पण्डरीपानी पथ में सरकारी तालाब के पास 300 फीट गार्डवाल निर्माण। | 2127897.78 | 42600.00 | 5000.00 | चार माह |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा

PR 295648 Rural Development(23-24).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, (2[nd] Call)

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23** दिनांक 21.04.2023

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility un der JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | **Silda Kala group** of svs scheme under Panchayat Khairadohar, Block Naudiha Bazar **(Group No. 12)** | 2 | 1827218.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 2 | **Kubua group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 13)** | 6 | 5831064.00 | 117000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 3 | **Chenegir group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 15)** | 5 | 5561138.00 | 111500.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 4 | **Jogiya Sohari group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 16)** | 5 | 5189860.00 | 104000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 5 | **Cheri group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 17)** | 4 | 3185670.00 | 64000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 6 | **Jarka group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 18)** | 2 | 1805204.00 | 36500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 7 | **Rajkhand group** of svs scheme under Panchayat Ghasidag, Block Bishrampur **(Group No. 26)** | 4 | 3826651.00 | 77000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 8 | **Viraundha group** of svs scheme under Panchayat Udaypura-1, Block Tarhasi **(Group No. 28)** | 1 | 592960.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 9 | **Dhanganw group** of svs scheme under Panchayat Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 32)** | 6 | 5028239.00 | 101000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 10 | **Bhalmanda group** of svs scheme under Panchayat Pathak Pagar, Block Tarhasi **(Group No. 35)** | 1 | 590035.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 11 | **Benidih group** of svs scheme under Panchayat, Ramgarh, Block Ramgarh **(Group No. 38)** | 6 | 6100906.00 | 122500.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 12 | **Serendag group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 45)** | 2 | 2313573.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 13 | **Nauranga group** of svs scheme under Panchayat, Dhawadih, Block Satbarwa **(Group No. 46)** | 5 | 5239355.00 | 105000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 14 | **Shivri group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 49)** | 1 | 608908.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 15 | **Kasmar group** of svs scheme under Panchayat, Rewaratu, Block Satbarwa **(Group No. 50)** | 1 | 813791.00 | 16500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 16 | **Purnadih group** of svs scheme under Panchayat, Bari, Block Satbarwa **(Group No. 51)** | 1 | 831468.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **52 Nos.** | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **24.04.2023 / 12.30 P.M.** |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **24.04.2023 / 12.35 P.M.** |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **29.04.2023 / 05.00 P.M.** |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **02.05.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **03.05.2023 / 04.00 P.M.** |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 295751 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

# सोआ ने अनुसंधान सहयोग के लिए जिम्बाब्वे की बिंदुरा यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसन्धान (सोआ) डीम्ड विश्वविद्यालय ने गुरुवार को ज़िम्बाब्वे के विश्वविद्यालय बिंदुरा यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एजुकेशन के साथ अनुसंधान और नवाचार सहित विभिन्न शैक्षणिक और संबंधित क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद और जिम्बाब्वे में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर एडी मवेंजे ने यहां सोआ में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

एमओयू हस्ताक्षर होने के बाद से पांच साल तक लागू रहेगा, प्राकृतिक उत्पादों से एंटी-स्नेक वेनम सहित दवाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने के साथ अनुसंधान में सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा।




समस्त
झारखंडवासियों
को
ईद मुबारक
आजम अहमद
वित अध्यक्ष
झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा
सह वरिष्ठ नेता, झामुमो, रांची

## एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम को तीन कूलर, एक डीप फ्रीजर दिये



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गर्मी के मौसम के दौरान आदर्श वृद्धाश्रम के सदस्यों को राहत प्रदान करने के लिए एक पहल के रूप में तीन कूलर प्रदान किये। महिला क्लब इसके साथ ही खाद्य सामग्री और सब्जियां की ताजगी बनाये रखने के लिए के लिए एक डीप फ्रीजर भी प्रधान किया। यह पहल अध्यक्ष महुआ मजूमदार के मार्गदर्शन में किया गया था। यह नेक पहल लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, एमएस राम्या, महासचिव और मनसा वर्मा, सचिव, सीएसआर की उपस्थिति में आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों के अनुरूप को देखते हुए मास्क पहनने के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मजूमदार ने बुजुर्गों के साथ बातचीत की और उनकी के बारे में पूछताछ की। साथ साथ सहज योग और ध्यान द्वारा कैसे के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने पर इस अवसर पर साझा किया। कार्यक्रम का समापन हितग्राहियों को फल वितरण के साथ हुआ।

## जय गोपाल बेहरा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बालेश्वर के नये क्षेत्र प्रमुख बने



**बालेश्वर (आजाद सिपाही)।** जय गोपाल बेहरा बालेश्वर स्थित बालेश्वर क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इस क्षेत्र में कुल 60 शाखाएं हैं, जो कि राज्य के पांच ज़िले बालेश्वर, भद्रक, क्योंझर, मयूरभंज और जाजपुर में फैले हैं। श्री बेहरा के पास भारत के विभिन्न प्रदेशों यथा - मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 21 वर्षों से अधिक का शानदार बैंकिंग अनुभव है। एक बैंकर के रूप में, उन्होंने शाखा प्रमुख, ऋण-प्रभारी, ऋण प्रसंस्करण केंद्र प्रभारी जैसे विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने बैंकिंग सेवा क्षेत्र में डिजिटल अपनाने, खुदरा, कृषि और एमएसएमइ जैसे प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत अग्रिम बढ़ाने की परिकल्पना की है। इसके अतिरिक्त, उनका उद्देश्य क्षेत्र के दबावग्रस्त एवं अनर्जक आस्ति संविभाग को कम करके क्षेत्र की आस्ति गुणवत्ता में सुधार करना है।

## हिंदवेयर का नया टीवीसी कैंपेन
# '5 स्टार होटल लाइक बाथरूम' में पंजाब किंग्स रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के क्रिकेट स्टार शामिल





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ओड़िशा।** हिंदवेयर लिमिटेड, जोकि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है, ने आज अपने नये टेलीविजन कॉमर्शियल (टीवीसी) कैंपेन, 'होटल लाइक बाथरूम' कोलॉन्चकिया, जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन सितारे शामिल हैं। यह कैंपेन आज के ट्रेवलर की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ठीक वैसे ही बाथरूम को एक्सपीरियंस कराता है, जैसा उन्हें 5-स्टार होटल में मिलता है। इस टीवीसी कैंपेन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के नामचीन खिलाड़ी शामिल हैं।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए हिंदवेयर लिमिटेड के बाथबिजनेस के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर सुधांशु पोखरियाल ने कहा कि बाथरूम सोल्यूशंस मर्केट में एक लीडिंग प्लेयर के रूप में, हम हमेशा स ही अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए नये तरीकों की तलाश में रहते हैं। हम अपने इस लेटेस्ट टीवीसी कैंपेन, '5-स्टार होटल लाइक बाथरूम्स' को लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए चारू मल्होत्रा, वीपी एंड हेड ऑफ मार्केटिंग, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा कि हमें अपन इस नये टीवीसी कैंपेन '5-स्टार होटल लाइक बाथरूम' को लॉन्च करने को लेकर बेहद खुशी है।

# 9 मई को ओड़िशा आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक बार फिर ओडिशा आयेंगी। हालांकि उनके लिए यह दौरा ऐतिहासिक होगा, क्योंकि उनके अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उनकी गांव मयूरभंज जायेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के 9 मई को आने की उम्मीद है। उस दिन वह मयूरभंज जिले के बारीपदा जाएंगे। वहां वे बारीपदा में महाराजा श्रीरामभंज देव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। मयूरभंज में जन्मी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद दो बार ओडिशा का दौरा कर चुकी है लेकिन अपनी जन्म भूमि को नहीं जा पाए। सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरी का दौरा किए और महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के दर्शन किए। बाद में अपने दूसरे दौरे पर उन्होंने रामादेवी विश्वविद्यालय के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, परंतु मयूरभंज नहीं गये। बारीपदा आने की जानकारी मिलने के बाद महाराजा श्रीराम भंजदेव विश्वविद्यालय के छात्रों में आग्रह बढ़ गयी है। इसीलिए जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी से तैयारी बैठकें शुरू कर दी हैं। इसके बाद सचिवालय में राष्ट्रपति के दौरे की समीक्षा करेंगे।




FLORENCE
Group of Institutions
Irba, Ranchi - 835219 (Jharkhand)
Scholarship Facility Available
ADMISSION OPEN
Placement Assistance
Separate Hostel For Boy's & Girl's
ADMISSION OPEN 2023-24
NURSING
ANM GNM
POST BASIC B.SC.
BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS DMLT ECG
X-RAY OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
D-PHARM
PROPOSED
B-PHARM
समस्त झारखंडवासियों को
ईद मुबारक
CALL US 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com Website : www.florenceinstirba.com


समस्त देशवासियों को
प्रेम और भाईचारे का प्रतीक पवित्र त्योहार
ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं !
अख्तर अली
रांची महानगर
कांग्रेस कमेटी अ.वि.


समस्त
झारखंडवासियों
को
ईद मुबारक
शमशेर आलम
प्रदेश महासचिव कांग्रेस

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**